सूर्योदय 6:1 सूर्यास्त 6:43

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.2 न्यू | 25.2 अधि |
| धर्मशाला | 18.2 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73847.15 |
| निफ्टी | 22399.15 |
| सोना | 90,440 |
| चांदी | 92,685 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 10 अप्रैल 2025 | 28 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 101, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



बल्लेबाजी में अहंकार नहीं, परिस्थिति के अनुसार खेलना चाहता हूं: विराट

पृष्ठ 14 पर

## आज का मैच



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु vs दिल्ली कैपिटल्स

समय: रात 7:30 बजे (बेंगलुरु)

# आरबीआई ने सस्ता किया कर्ज

## रेपो रेट 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत की, मासिक किस्त भी घटेगी

**एजेंसी, मुंबई**

**रिजर्व** बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट को 0.25 फीसदी घटाकर 6 फीसदी कर दिया है। पहले यह 6.25 फीसदी थी यानी आने वाले दिनों में लोन सस्ते होंगे। वहीं, आपकी ईएमआई (समान मासिक किस्त) भी घटेगी। नए वित्त वर्ष में आरबीआई की पहली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग में लिए गए फैसलों की आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने जानकारी दी।

इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी मीटिंग में आरबीआई ने ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कटौती की थी। फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से यह कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी।



### रेपो रेट के घटने से क्या बदलाव आएगा?

**रेपो** रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन पर अपनी ब्याज दरें कम कर सकते हैं। वहीं, ब्याज दरें कम होंगी, तो हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलेगा।

### रिजर्व बैंक रेपो रेट बढ़ाता और घटाता क्यों है?

**किसी** भी सेंट्रल बैंक के पास पॉलिसी रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है। पॉलिसी रेट ज्यादा होगी, तो बैंकों को सेंट्रल बैंक से मिलने वाला कर्ज महंगा होगा। बदले में बैंक अपने ग्राहकों के लिए लोन महंगा कर देते हैं। इससे इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होता है। मनी फ्लो कम होता है, तो डिमांड में कमी आती है और महंगाई घट जाती है। इसी तरह जब इकोनॉमी बुरे दौर से गुजरती है तो रिकवरी के लिए मनी फ्लो बढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट कम कर देता है। इससे बैंकों को सेंट्रल बैंक से मिलने वाला कर्ज सस्ता हो जाता है और ग्राहकों को भी सस्ती दर पर लोन मिलता है।

**फरवरी में भी रेपो रेट में की थी 0.25 फीसदी की कटौती**

### 8 बड़ी बातें

- कमेटी ने सर्वसम्मति से रेपो रेट 0.25 फीसदी घटाकर 6 फीसदी करने के पक्ष में वोट किया।
- कमेटी ने अपना रुख न्यूट्रल से बदलकर अकोमोडेटिव करने का फैसला किया।
- ट्रेड फ्रिक्शन के कारण ग्लोबल ग्रोथ पर असर पड़ने से डोमेस्टिक ग्रोथ भी बाधित होगी।
- हायर टैरिफ का एक्सपोर्ट पर प्रभाव पड़ेगा। मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी में सुधार के संकेत हैं।
- क्रूड की कीमतों में गिरावट से महंगाई को कंट्रोल में रखने में मदद मिलेगी।
- कंज्यूमर से मर्चेंट यूपीआई ट्रांजेक्शन की लिमिट पर फैसला करने का अधिकार एनपीसीआई को देंगे।
- मौजूदा समय में पर्सन-टु-मर्चेंट पेमेंट की लिमिट 2 लाख रुपए है।
- गोल्ड लोन को लेकर नए गाइडलाइंस जारी की जाएंगी। वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए जीडीपी अनुमान क्या है?

### कैसे सस्ता होता है लोन?

**आरबीआई** जिस ब्याज दर पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो रेट कम होने से बैंक को कम ब्याज पर लोन मिलेगा। बैंकों को लोन सस्ता मिलता है, तो वो अकसर इसका फायदा ग्राहकों को पास कर देते हैं यानी बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा देते हैं।

# पीएमकेएसवाई उप योजना व जीरकपुर बाईपास को मंजूरी

## कैबिनेट के फैसले: आंध्र-तमिलनाडु को भी बड़ी सौगात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई फैसलों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने रेललाइन प्रोजेक्ट और बाईपास परियोजनाओं पर मुहर लगाई है। इसके अलावा जीरकपुर बाईपास के निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण और कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है। यह जानकारी केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी।



वैष्णव ने बताया कि हाइब्रिड एन्युटी मोड पर पंजाब और हरियाणा में 1878.31 करोड़ रुपए की लागत से 19.2 किलोमीटर लंबाई वाले 6 लेन वाले एक्सेस कंट्रोल्ड जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी गई। इस परियोजना का उद्देश्य पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से यातायात को डायवर्ट करके और हिमाचल प्रदेश को सीधा संपर्क देकर जीरकपुर, पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ को कम करना है। वहीं, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन (104 किमी.) के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। कैबिनेट ने 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है। वैष्णव ने बताया कि इसका आरंभिक कुल परिव्यय 1600 करोड़ रुपए होगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### उधमपुर में मुठभेड़, जवानों ने आतंकियों को घेरा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। रामनगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले जोफर गांव में दो-तीन आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस (जेकेपी) और सुरक्षाबलों की ज्वॉइंट टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना के जवानों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। वहीं, जवानों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

### सैफ अली अटैक केस: 1000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल



**मुंबई।** सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में मुंबई पुलिस ने तीन महीने बाद 1000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। बांद्रा पुलिस ने कथित बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को मुख्य आरोपी बताया है। चार्जशीट में फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट, फिंगर प्रिंट्स, हमले के लिए इस्तेमाल हथियार का जिक्र है। सैफ अली खान पर 16 जनवरी की रात को उनके घर के अंदर चाकू से हमला हुआ था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### डोमिनिकन गणराज्य में छत गिरी, 113 की मौत

**सैंटो डोमिंगो।** डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी में एक नाइट क्लब की छत गिरने से 113 लोगों की मौत हो गई, जबकि 160 घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार रात को नाइट क्लब में हुए एक कार्यक्रम में राजनीतिक नेताओं और खिलाड़ियों समेत विभिन्न हस्तियां शामिल हुई थीं। आपातकालीन अभियान केंद्र के निदेशक मैनुअल मेंडीज ने बताया कि लापता लोगों की तलाश जारी है। जान गंवाने वाले लोगों में मोंटेक्रिस्टी की गवर्नर नेल्सी क्रूज भी शामिल हैं।

### राम रहीम 21 दिन के 'फरलो' पर आए बाहर



**चंडीगढ़।** जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और बलात्कार के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह को 21 दिन की 'फरलो' मिली है। जनवरी, 2024 के बाद से यह पांचवीं बार है, जब उसे अस्थायी रूप से जेल से रिहा किया गया है। बुधवार सुबह पुलिस सुरक्षा के बीच राम रहीम सिरसा डेरा पहुंचे। राम रहीम को लेने खुद हनीप्रीत पहुंची थी। इस बार राम रहीम सिरसा डेरा में रहेगा।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- प्रदेश में 402 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन होंगे स्थापित -पेज 3
- बागवानी के लिए 64.90 करोड़ रुपए मंजूर -पेज 6
- ई-वाहन आय के बेहतर स्रोत और पर्यावरण के लिए संजीवनी हो रहे सिद्ध -पेज 12
- व्यापार समझौते पर अमेरिका से बात कर रहा भारत: जयशंकर -पेज 13


# सुक्खू ने सीडब्ल्यूसी में रखी हिमाचल के विकास की रिपोर्ट

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में हिमाचल सरकार के विकासात्मक कार्यों की रिपोर्ट सामने रखी और जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लोगों को राहत प्रदान करने के बारे में आलाकमान के शीर्ष नेताओं को अवगत करवाया।

अहमदाबाद में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के दूसरे दिन बुधवार को सुक्खू ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस संगठन और सरकार पूरी तरह से एक है और यहां पर किसी भी तरह की कोई भी गुटबाजी नहीं है।

उन्होंने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि वह जल्द ही प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अपने गंभीर प्रयास जारी रखेंगे। बैठक में राज्य कमेटियों को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भी चर्चा हुई। अधिवेशन में हिमाचल से करीब 25 नेता शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश की संभावित कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित कई कैबिनेट मंत्री और पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



**बोले- जनकल्याणकारी योजनाओं पर फोकस कर रही प्रदेश सरकार**

वहीं, बैठक के बाद देर शाम को मुख्यमंत्री सुक्खू दिल्ली वापस लौट आए हैं। संभावित है कि मुख्यमंत्री पार्टी हाईकमान के साथ हिमाचल कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चर्चा करेंगे। 10 या 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री सुक्खू के वापस शिमला लौटने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

# विमल नेगी मौत मामला: हरिकेश मीणा को 2 मई तक मिली अग्रिम जमानत

**पुष्पेंद्र, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में पूर्व एमडी एवं आईएएस अधिकारी हरिकेश मीणा को 2 मई तक अग्रिम जमानत मिल गई है। हाईकोर्ट ने मीणा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। इससे पहले सरकार ने हाईकोर्ट में अपनी स्टेट्स रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने मीणा को पुलिस जांच में सहयोग करने को कहा है। हरिकेश मीणा ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी, क्योंकि विमल नेगी के परिजनों ने हरिकेश मीणा, आईएएस शिवम प्रताप सिंह और डायरेक्टर देसराज पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। इन आरोपों के बाद न्यू शिमला थाना में डायरेक्टर देसराज, एमडी और डायरेक्टर (पर्सनल) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। बता दें कि बीते 10 मार्च को विमल नेगी दफ्तर से घर जाने के बजाए टैक्सी में बिलासपुर चले गए थे। 18 मार्च को गोविंद सागर झील में उनका शव मिला था। (अनंत ज्ञान)

**हाईकोर्ट ने कहा-जांच में करें सहयोग**

# बर्फबारी-बारिश से कूल हुआ लाहौल और कुल्लू

## और इधर... ऊना का पारा 38 डिग्री तक पहुंचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में लगातार अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। ऊना में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। वहीं, जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति को छोड़ दे, तो बाकी स्थानों पर मौसम साफ और शुष्क बना रहा।

लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर सुबह हल्की बर्फबारी व कुल्लू जिले के कई भागों में शाम को हल्की बारिश हुई है। उपमंडल बंजार में तीर्थन घाटी में बारिश के कारण मौसम में ठंडक महसूस की गई है। लोगों को बढ़ते तापमान से राहत मिली है। घाटी में करीब तीन सप्ताह से मौसम साफ होने के कारण तापमान में इजाफा हो गया था। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 10 अप्रैल को चंबा, कुल्लू, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, जबकि 11 अप्रैल को शिमला, सिरमौर, सोलन और कांगड़ा जिले में हल्की बारिश की संभावना है। 12 अप्रैल को लाहौल-स्पीति, चंबा, कुल्लू और कांगड़ा के ऊंचे इलाकों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी हो सकती है।

**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| ऊना | 38.0° |
| बिलासपुर | 34.8° |
| धौलाकुआं | 34.6° |
| कांगड़ा | 33.9° |
| सुंदरनगर | 33.8° |
| बरठीं | 33.2° |
| नाहन | 33.0° |
| मंडी | 32.4° |
| भुंतर | 31.5° |
| सोलन | 31.2° |
| धर्मशाला | 30.0° |

# ट्रंप ने अब दवाओं पर लगाया टैरिफ

## बोले- फार्मा कंपनियां वापस आएंगी अमेरिका, घरेलू दवा इंडस्ट्री को मिलेगा बढ़ावा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दवाइयों पर जल्द भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।



उन्होंने कहा कि उनका मकसद विदेश में दवा बना रही कंपनियों को अमेरिका में वापस लाना और घरेलू दवा इंडस्ट्री को बढ़ावा देना है। ट्रंप ने कहा कि दूसरे देश दवाओं की कीमतों को कम रखने के लिए बहुत ज्यादा दबाव बनाते हैं। वहां ये कंपनियां सस्ती दवा बेचती हैं, लेकिन अमेरिका में ऐसा नहीं होता है। वहीं, इसका भारत पर भी असर पड़ेगा, क्योंकि भारतीय कंपनियां हर साल अमेरिका को 40 फीसदी जेनेरिक दवाएं भेजती हैं। ट्रंप ने कहा कि दवाएं दूसरे देशों में बनती हैं, जिससे ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। लंदन में जो दवा 88 डॉलर में बिकती है, वही दवा अमेरिका में 1300 डॉलर में बिक रही है। अब यह सब खत्म हो जाएगा।

### चीन पर लगाया 104 प्रतिशत टैरिफ

**अमेरिका** और चीन के बीच टैरिफ को लेकर जारी तनाव ने अब और गंभीर रूप ले लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन से आयात होने वाले कुछ सामानों पर 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। 104 प्रतिशत टैरिफ बुधवार से ही प्रभावी हो गया है। वहीं, चीन ने भी अमेरिका से आने वाले सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर 84 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा चीन ने टैरिफ बढ़ोतरी को लेकर डब्ल्यूटीओ में अमेरिका के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने बताया कि बीजिंग की ओर से टैरिफ वापसी से इनकार करने के बाद अमेरिका ने यह कड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने हितों की रक्षा करेगा और चीन के अनुचित व्यापारिक व्यवहार को स्वीकार नहीं करेगा।

**चीन ने भी अमेरिका से आने वाले सामान पर लगाया 84 फीसदी टैरिफ**

### तहव्वुर राणा की वापसी से होंगे कई खुलासे

**वाशिंगटन।** 2008 मुंबई आतंकी हमलों के दोषी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। जांच एजेंसी एनआईए और खुफिया एजेंसी रॉ की एक ज्वॉइंट टीम 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी राणा को लेकर स्पेशल फ्लाइट से रवाना हुई है और बुधवार देर रात को भारत पहुंचने की संभावना है। एनआईए कुछ हफ्तों तक राणा को अपनी कस्टडी में रखेगी। राणा के प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दी थी।

# दुश्मनों के छक्के छुड़ाने आ रहा राफेल मरीन

## फ्रांस से मिलेंगे 26 राफेल, 63 हजार करोड़ की डील मंजूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** नौसेना को जल्द ही 26 राफेल मरीन फाइटर जेट मिलेंगे। भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन फाइटर जेट खरीदने की मेगा डील को मंजूरी दे दी है।

63 हजार करोड़ रुपए की डील पर जल्द ही साइन होंगे। इसके बाद फ्रांस 22 सिंगल-सीटर और 4 ट्विन-सीटर जेट भारतीय नौसेना को सौंपेगा, इन्हें हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। दोनों देशों के बीच 26 राफेल मरीन जेट की खरीद को लेकर कई महीनों से बातचीत चल रही थी। भारत नौसेना के लिए राफेल मरीन की डील उसी बेस प्राइज में करना चाहता था, जो 2016 में वायुसेना के लिए 36 विमान खरीदते समय रखी थी। इससे पहले सितंबर 2016 में 59 हजार करोड़ रुपए की डील में भारत वायुसेना के लिए फ्रांस से 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीद चुका है।






## न्यूज ब्रीफ

### संजीव जसवाल बने सूचना अधिकारी



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में सहायक लोक संपर्क अधिकारियों में से चार जिला लोक संपर्क अधिकारी/सूचना अधिकारी पदोन्नत किए गए। सहायक लोक संपर्क अधिकारी सरकाघाट जिला मंडी के पद पर कार्यरत संजीव जसवाल को प्रदेश सरकार ने पदोन्नति देकर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग हिमाचल प्रदेश के निदेशालय शिमला में सूचना अधिकारी लगाया है। मूल रूप से सुजानपुर टीहरा जिला हमीरपुर के स्थाई निवासी संजीव जसवाल ने वर्ष 1988 में विभाग के हिमाचल प्रदेश प्रेस संपर्क कार्यालय जालंधर (पंजाब) से अपनी सेवाएं शुरू की थीं तदोपरांत विभिन्न पदों पर जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय हमीरपुर, ऊना, चंबा, शिमला तथा गिरिराज साप्ताहिक कार्यालय शिमला में कार्यरत रहे।

### स्पेशल ओलंपिक पदक विजेता हर्षिता सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** इटली में आयोजित स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में रजत पदक जीतने वाली शिमला की हर्षिता ठाकुर ने राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। हर्षिता ठाकुर स्नो बोर्डिंग स्पर्धा में देश के लिए रजत पदक जीता है। राज्यपाल ने हर्षिता ठाकुर को शॉल और हिमाचली टोपी भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने हर्षिता को उसकी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उसकी कड़ी मेहनत और जज्बे ने देश व प्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि हर्षिता अन्यों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी हैं। राज्यपाल ने कहा कि जीवन में कुछ करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर लिया जाए और उसे पाने के लिए मेहनत व लगन हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। बड़ी से बड़ी चुनौती भी सफलता का रास्ता नहीं रोक सकती। हर्षिता इसका उद्हारण है। उन्होंने मेडल जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी भेंट के अनुभव भी साझा किए। उन्होंने हर्षिता के उज्जवल भविष्य की कामना की। हर्षिता ठाकुर के पिता सोहन लाल, माता सरिता ठाकुर भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### राज्यपाल से एचएएस अधिकारियों ने की भेंट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से राजभवन में राज्य प्रशासनिक सेवाएं (एचएएस) के 22 अधिकारियों एवं वर्ष 2024 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने भेंट की। यह परिवीक्षाधीन अधिकारी जिला शिमला के फेयरलॉन स्थित डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) में पेशेवर प्रशिक्षण हासिल कर रहे हैं। परिवीक्षाधीन अधिकारियों से संवाद करते हुए राज्यपाल ने उन्हें प्रशासनिक सेवाओं में आने पर बधाई दी और उन्हें समर्पण एवं निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि एचएएस अधिकारियों को न केवल एक प्रशासक की तरह कार्य करना चाहिए बल्कि एक मार्गदर्शक, सहयोगी और दोस्त की तरह आमजन से संवाद स्थापित करना चाहिए। राज्यपाल ने प्रशासनिक सेवाओं के दौरान सत्यनिष्ठा, ईमानदारी समर्पण एवं संतुलित स्वभाव जैसी विशेषताओं को आचरण में शामिल करने पर बल दिया। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि कानून और नियमों का ज्ञान होना आवश्यक है लेकिन जो अधिकारी जनता के मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता रखता है और निष्ठापूर्वक समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करता है उसे समाज में सराहना मिलती है तथा ऐसे अधिकारी द्वारा किए गए कार्यों को लंबे समय तक याद किया जाता है।

# प्रदेश में 402 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन होंगे स्थापित

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

प्रदेश में हरित परिवहन अपनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इस दिशा में इलेक्ट्रिक वाहनों को राज्य में 6 ग्रीन कॉरिडोर स्थापित किए गए हैं। ताकि, इलेक्ट्रिक वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित हो सके। चार्जिंग सुविधा के लिए राज्य में 402 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की मंजूरी दी गई है।

चयनित स्थानों में मुख्य रूप से सरकारी परिसरों जैसे लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, परिधि गृह, उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों के कार्यालय परिसर आदि शामिल हैं। इनमें से लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृहों में 252, जल शक्ति विभाग के विश्राम गृहों में 19, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड निगम के परिसरों में 18, वन विभाग के परिसरों में 100, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसरों में 12 तथा बीबीएनडीए कार्यालय में एक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस संदर्भ में कहा है कि प्रदेश सरकार की इस पहल का उद्देश्य राज्य में एक मजबूत और प्रभावी ईवी चार्जिंग नेटवर्क विकसित करना है। इससे सरकारी विभागों को इलेक्ट्रिक वाहनों अपनाने में सुविधा मिलने के साथ-साथ हरित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। (अनंत ज्ञान)

**इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए राज्य में 6 ग्रीन कॉरिडोर स्थापित किए**

**हरित वाहनों को बढ़ावा देने के प्रयास तेज पर्यावरण संरक्षण को मिलेगी मजबूती**

### सभी सरकारी विभागों को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के दिए निर्देश

**राज्य** सरकार ने सभी विभागों को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के निर्देश दिए हैं, जिसके चलते प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। प्रदेश में अब तक 4997 इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण हो चुका है। ई-टैक्सी योजना के तहत 500 इलेक्ट्रिक टैक्सियों को विभिन्न सरकारी विभागों में शामिल किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य राज्यों से आने वाली ई-बसें और टैक्सियां भी प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रही हैं। इसके दृष्टिगत प्रदेश में ई-चार्जिंग स्टेशनों की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है।

### 65 होटलों में स्थापित होंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से अपने 65 होटलों में ईवी चार्जिंग स्टेशन्स स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है और प्रथम चरण में 11 होटलों को चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए चिन्हित किया जा चुका है। निजी होटलों में 44 ईवी चार्जिंग स्टेशन्स स्थापित किए जा चुके हैं।



### प्रदेश के 90 पेट्रोल पंपों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित होंगे

**वर्तमान** में विभिन्न पैट्रोल पंपों पर 23 चार्जिंग स्टेशनों का संचालन किया जा रहा है और इस वर्ष 90 पैट्रोल पंपों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त, चार्जिंग स्टेशनों सहित सड़क किनारे विभिन्न सुविधाएं विकसित करने के लिए 46 सरकारी स्थान चिन्हित किए गए हैं।

### छह राजमार्ग ग्रीन कॉरिडोर के रूप में अधिसूचित

**राज्य** सरकार ने देशभर में हरित परिवहन की बढ़ती मांग को देखते हुए प्रदेश के छह राजमार्गों को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में अधिसूचित किया है। इसके साथ ही प्रदेश के पैट्रोल पंपों, सरकारी परिसरों, पर्यटन विकास निगम के होटलों और निजी अस्पतालों सहित मुख्य स्थानों पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं।

### कनिष्ठ कार्यालय सहायक पदों के लिए दस्तावेजों का सत्यापन 10 और 11 को

**अनंत ज्ञान, शिमला।** ग्रामीण विकास विभाग नई जानकारी दी है कि विभाग द्वारा 3 जनवरी, 2025 को दिव्यांग श्रेणी से कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आई.टी.) के चार पद विज्ञापित किए गए थे।

आवेदकों के दस्तावेजों के सत्यापन के लिए तिथियां निर्धारित की गई हैं, जिसमें प्रथम चरण में 10 व 11 अप्रैल को दृष्टिबाधित श्रेणी के एक पद के लिए सभी आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन निदेशालय, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम वर्ग का सशक्तिकरण, ब्लॉक नम्बर 33, एसडीए कॉम्पलैक्स, कुसुम्पटी, शिमला में किया जाएगा। दूसरे चरण में श्रवण बाधित श्रेणी के एक पद, शारीरिक अक्षमता श्रेणी के एक पद तथा मानसिक व बहुविकलांगता श्रेणी के एक पद के लिए आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन 21 से 26 अप्रैल, 2025 तक निदेशालय, ग्रामीण विकास विभाग, ब्लॉक नम्बर 27, एसडीए कॉम्पलैक्स, कुसुम्पटी, शिमला में किया जाएगा। आवेदक को सूचना प्राप्त न हुई हो तो पूछताछ के लिए 0177-2623819, 2623820 और 2623830 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पाकिस्तान के साथ मिली हुई है कांग्रेस : कंगना

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद एवं प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना ने अपने लोकसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान बुधवार को विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर के कांगू में कांग्रेस के पर जोरदार जुबानी हमला बोला है। कंगना रनौत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सनातनी संस्कृति से जुड़ी हुई पार्टी है, जबकि कांग्रेस अंग्रेजों की भूली-बिसरी औलादें यहां पर बची हुई हैं। कांग्रेस की विचारधारा 'चोर-चोर मौसेरे भाई' जैसी है। जहां भी कांग्रेस के नेता मिलते हैं, वहां चोर इक्ट्ठा हो जाते हैं और डाकूओं का गैंग बन जाता है। सांसद कंगना रनौत ने कहा कि मंडी संसदीय के भरमौर में लोगों ने आजतक सांसद को नहीं देखा था। उन्होंने भरमौर से लेकर रामपुर तक सांसद निधि दी है। कंगना ने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व केवल नेताओं को भ्रष्टाचार के लिए ही जाना जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का बेदाग चरित्र है। सांसद कंगना ने एक बार फिर कांग्रेस पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के मुट्ठी भर लोगों देश की जनता को डराकर रखा हुआ है। उन्होंने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में पार्लियामेंट और जगह-जगह आतंकवादी हमले करवाए हैं। कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान के साथ मिली हुई है, लेकिन वर्तमान में देश का नेतृत्व एक सशक्त व्यक्ति के हाथ में होने से सर्जिकल स्ट्राइक करवा कर पाकिस्तान की बैंड बजाकर रखी है। अब पाकिस्तान अपना मुंह तक खोल नहीं सकता है।

### कंगना के मनाली के घर में आया एक लाख रुपए बिजली बिल

**मंडी** दौरे पर आई कंगना रनौत लगातार कांग्रेस पर हमला बोल रही है। कंगना के मनाली स्थित घर का एक लाख रुपए बिजली का बिल चर्चा का विषय बन गया है। कंगना ने इसको लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुझे मनाली में एक लाख रुपए का बिजली बिल आया है, जहां मैं रहती ही नहीं हूं। कंगना ने प्रदेश सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार के नेतृत्व में प्रदेश की हालत खराब हो रही है और इस प्रदेश को इन भेड़ियों के चुंगल से बचाना है।

**वहीं,** हिमाचल के इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने कहा कि सांसद बिजली का बिल समय पर नहीं भरती हैं और लोड भी ज्यादा है। ऐसे में बिल तो आएगा ही और बिजली का बिल सबको भरना चाहिए। इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने कंगना के घर का बिल सार्वजनिक करते हुए उसे सोशल मीडिया में प्रेषित किया है।

# नशा तस्कर को भेजा जेल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन पुलिस ने कुख्यात नशा तस्करों जो बार-बार मुकद्दमे दर्ज होने पर भी जमानत पर बाहर आकर नशा तस्करी में संलिप्त हो रहे हैं, पर नकेल कसते हुए पहली बार अब प्रिवेंटिव डिटेंशन यानी निवारक हिरासत की कार्रवाई की गई है। जिसका मकसद तस्करी करने वाले अपराधियों को पुनः अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने से रोकना है जिसके लिए जिला पुलिस द्वारा एनडीपीएस के प्रावधानो के प्रावधानों के अनुसार ऐसे आरोपियों को निवारक हिरासत में रखने की कार्रवाई की जा रही है।

ऐसे 11 अपराधियों को निवारक हिरासत में रखने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजे गए हैं, जिनमें एक अपराधी हितेंद्र कुमार उर्फ रिंकू पुत्र अनंत राम निवासी गांव क्यार डाकखाना सुझैला तहसील अर्की जिला सोलन हिमाचल प्रदेश उम्र 40 वर्ष को पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा हिरासत में लेकर 3 महीने के लिए जेल में भेजा गया है, चूंकि आरोपी हितेंद्र पदार्थ की तस्करी का एक आदतन अपराधी है।

आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 4 मामले दर्ज है, जिनमें 2 मामले पुलिस थाना अर्की 1 मामला जिला शिमला के बालूगंज व 1 मामला पंजाब राज्य के पुलिस थाना सदर खरड़ में पंजीकृत पाए गए है जिसमें करीब 88 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था । यह आरोपी इन मामलों में न्यायालयों से जमानत पर था परंतु फिर भी यह आरोपी मादक पदार्थ तस्करी में लगातार सक्रिय था।

# टांडा अस्पताल में लगी आग, तो बुझाए कौन ?

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



**फायर हाइड्रेंट्स के शीशे तोड़कर तीमारदारों ने रख दिया सामान**

प्रदेश के दूसरे बड़े अस्पताल टांडा की सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। जी हां, हम बात कर रहे हैं टांडा अस्पताल के सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक की, जहां पर नेफ्रोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, गैस्ट्रोलॉजी जैसी (ओपीडी) के साथ संबंधित विभागों से वार्ड व आईसीयू भी हैं, जहां पर रोगियों को प्रथम उपचार के बाद भर्ती कर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, परंतु अस्पताल में सबसे अहम दृश्य तब देखने को मिला जब अस्पताल में आगजनी जैसी अहम दुर्घटना से बचने के लिए बनाए गए फायर हाइड्रेंट प्वाइंट्स के शीशे टूटे हुए देखे गए।

इतना ही नहीं, इन प्वाइंट्स को यहां आने वाले रोगियों के तीमारदारों ने अपना घर समझ कर इन्हें अलमारियों के तौर पर यहां पर अपना सामान रखकर कब्जा कर रखा है। ऐसे में अस्पताल में स्थित सुरक्षा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवालिय निशान लगना शुरू हो गए है कि आखिर वह किस प्रकार से अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे में सवाल यह खड़ा हो रहा है कि अगर अस्पताल में आगजनी जैसी कोई घटना घटती है तो अस्पताल प्रशासन उससे कैसे निपटेगा और उसका उत्तरदाई कौन होगा ?

वहीं इस संदर्भ में टांडा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अशोक वर्मा से बात की गई तो उनका कहना था कि इसकी देख-रेख की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को दी गई है। उन्होंने कहा कि मामला आपके माध्यम से ध्यान में सामने आया है। इन्हें तुरंत ठीक करवाने के निर्देश दे दिए गए हैं।(अनंत ज्ञान)

# पार्टी प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति से पहले ही भाजपा में गुटबाजी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पार्टी प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति पर फैसला होने से पहले भाजपा के अंदर फिर से गुटबाजी की चिंगारी सुलग गई है। पूर्व भाजपा विधायक रमेश धवाला और होशियार सिंह के घर पार्टी के कुछ नेताओं के जुटने से हिमाचल में सियासी पारा चढ़ गया है। इधर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के खिलाफ लिखी गई एक चिट्ठी और इस पर छोटा शिमला थाने में शिकायत दर्ज होने की घटना के बाद भी पार्टी में गुटबाजी फिर सामने आई है।

पूर्व मंत्री रमेश धवाला और उपचुनाव में देहरा से भाजपा के प्रत्याशी रहे होशियार सिंह के घर पर पिछले दिनों भाजपा के नेताओं की बैठकों के अलग-अलग दौर चले। इन्हें भाजपा के अंदर चल रही गुटबाजी से जोड़कर देखा जा रहा है। देहरा जिला में भाजपा मंडलों के चुनाव पर रमेश धवाला पहले ही खुलकर सवाल खड़े कर चुके हैं और समानांतर मंडल इकाई बनाने का भी प्रयास कर चुके हैं। हालांकि, धवाला के इस तरह से मुखर होने को भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने सार्वजनिक तौर पर गंभीरता से ज्यादा नहीं लिया। वहीं, देहरा में होशियार सिंह के घर भाजपा के एक वरिष्ठ विधायक और कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री व विधायक सुधीर शर्मा का जाना भी भाजपा की डैमेज कंट्रोल की किसी अंदरुनी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, खुद को संसदीय क्षेत्र शिमला का पार्टी कार्यकर्ता बताने वाले दिनेश शर्मा की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को लिखी एक कथित चिट्ठी भी भाजपा के आंतरिक कलह को सामने ला रही है।

# दशकों से लटकी तीन रोपवे की सरकारी परियोजनाएं

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**भाजपा-कांग्रेस की खींचातानी में रोपवे बनाने को तैयार नहीं निवेशक**

अनंत ज्ञान स्पैशल

एक ओर जहां प्रदेश सरकार जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने की बातें करती आ रही है वहीं दूसरी ओर पिछले कई दशकों से यहां रोपवे की तीन महत्वपूर्ण योजनाएं हवा में लटकी हुई हैं।

300 करोड़ की प्रस्तावित हिमानी चामुंडा रोपवे परियोजना हवा में लटकी हुई है। प्रस्तावित परियोजना का साल 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने शिलान्यास किया था, लेकिन रोपवे योजना का कार्य 9 सालों से कभी एफसीए की क्लीयरेंस तो कभी सरकार की मंजूरी के फेर, तो कभी मंदिर न्यास के रवैये के कारण लटका हुआ है। हिमानी चामुंडा के लिए प्रस्तावित रोपवे का काम अभी तक शुरु नही हो सका है।

इस परियोजना पर काम कर रही निजी कंपनी ने अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। पिछले नौ सालों से इस रोपवे की लागत बढ़ती जा रही है। ऐसे में अब कंपनी की ओर से भी इस परियोजना को लेकर खास दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है। ऐसे में अब संबंधित विभाग की ओर से कंपनी के साथ अंतिम निपटारा कर नए सिरे से टेंडर प्रकिया करने को लेकर चर्चा की बात कही जा रही है। करीब 300 करोड़ की लागत से बनने वाले इस रोपवे का निर्माण श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम से हिमानी चामुंडा तक प्रस्तावित है।

हिमानी चामुंडा जाने के लिए 14 घंटे का पैदल सफर 18 मिनट में तय होना है। इसके निर्माण के बाद 14 किलोमीटर की दुर्गम तीखी चढ़ाई छह किलोमीटर तक ही रह जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### मैक्लोडगंज-त्रियुंड रोपवे का सपना भी नहीं हुआ पूरा

**मैक्लोडगंज-त्रियुंड** रोपवे का सपना भी पर्यटक व स्थानीय लोग पिछले लगभग 23 सालों से देखते आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस योजना को अभी तक कोई निवेशक ही नही मिल पाया है। वर्ष 1991 में तत्कालीन शांता कुमार सरकार ने धर्मकोट से त्रियुंड तक रोपवे का शिलान्यास किया था, लेकिन इस रोपवे के निर्माण के लिए कोई भी निवेशक सामने न आने से दशकों बाद भी इसका निर्माण नहीं हो सका। वर्तमान सरकार ने भी त्रियुंड तक रोपवे निर्माण की योजना बनाई थी। सरकार ने त्रिउंड रोपवे के लिए विज्ञापन दिए, लेकिन किसी निवेशक ने इसमें रुचि नहीं दिखाई।

### पालमपुर रोपवे योजना भी सरकारी फाइलों में दफन

**पालमपुर** रोपवे योजना करीब 22 वर्षों के बाद भी शुरू नही हो सकी है। यह योजना भी सरकारी फाइलों में दफन हो चुकी है। 22 वर्षों के बाद भी इस परियोजना में एक ईंट तक नहीं लग पाई है, जबकि राजनीतिज्ञ इसे बनाने की बात से इंकार नहीं कर रहे हैं। काम हो या न हो आश्वासन को लेकर दोनों की पार्टियों के नेता अपने दावे जताते रहे हैं। पूर्व सांसद शांता कुमार के अनुसार पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना रोपवे 13 किलोमीटर लंबी बननी है। इसे धौलाधार की स्नो लाइन से जोड़कर पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना है। केंद्रीय सरकार ने इस रोपवे परियोजना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी देते हुए 11 करोड़ रुपए मुहैया करवाने का आश्वासन दिया हुआ है। शांता कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट में एक माने जाने वाले रोपवे का कार्य भाजपा और कांग्रेस सरकारों में तीन दशक से अटका हुआ है।

विधायक आशीष बुटेल ने बताया कि इस परियोजना को सिरे चढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बीबीएल बुटेल के प्रयासों से नई रोपवे योजना तैयार कर इसे धौलाधार की स्नो लाइन से जोड़ने के लिए शिलान्यास किया गया था। सरकार ने इसके लिए बजट का प्रावधान करने की बात कही थी।

# कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ देश को बांटने का किया काम : बिंदल



**अनंत ज्ञान, गगरेट**

मिशन 2027 को लेकर अभी से भाजपा कार्यकर्ताओं को रिचार्ज कर फील्ड में उतराने के लिए सक्रिय सदस्य सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र गगरेट के अंबोटा गांव पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल सक्रिय सदस्यों को कम से कम साढ़े चार से पांच घंटे पार्टी को देने का मूलमंत्र दे गए।

उन्होंने कहा कि पार्टी तभी मजबूत होगी जब सक्रिय सदस्य अपना बूथ संभालें। उन्होंने पांच सुझाव देते हुए सक्रिय सदस्यों का प्रदेश कांग्रेस सरकार की बखिया उधेड़ देने का आह्वान किया। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से लेकर प्रदेश कांग्रेस सरकार पर भी खूब आग उगली। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस ने देश को बांटने के साथ जाति आधारित राजनीति करने पर काम किया जबकि भाजपा राष्ट्र हित में काम करती है।

भाजपा का लक्ष्य देश को समृद्ध व शक्तिशाली बनाना है जबकि कांग्रेस का उद्देश्य एक परिवार का ही महिमामंडन करना है। कांग्रेस नेता आजकल हाथ में संविधान लेकर संविधान को बचाने की दुहाई दे रहे हैं जबकि खुद जाति आधारित राजनीति करके देश को जातियों में बांटने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं अंबोटा में भी राजीव बिंदल कार्यकर्ताओं को मिलने आए थे लेकिन जेबकतरों ने घुसने में जरा भी देर नहीं लगाई। सम्मेलन खत्म होते-होते कई कार्यकर्ताओं की जेबें ही साफ कर गए।

**तैयारी** | मुख्यमंत्री सुक्खू कल देंगे बिलासपुर को तीन बड़ी सौगातें

# कोल डैम में वॉटर स्पोर्ट्स की होगी शुरुआत

**शुभम राही, बिलासपुर**

**पहला ग्रीन डीसी ऑफिस और सिटी लाइवलीहुड सेंटर का करेंगे उद्घाटन**



जानकारी देते उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 11 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे वर्चुअल माध्यम से जिला बिलासपुर को तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री कोल डैम में वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का शुभारंभ करेंगे, हिमाचल प्रदेश के पहले ग्रीन डीसी ऑफिस का उद्घाटन करेंगे तथा 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से तैयार किए गए सिटी लाइवलीहुड सेंटर का लोकार्पण भी करेंगे।

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि यह तीनों परियोजनाएं जिला बिलासपुर के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि इस अवसर पर बिलासपुर बचत भवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश सरकार में नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यवसाय एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे।

मुख्यमंत्री सुक्खू कोल डैम में वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का विधिवत शुभारंभ करेंगे। गोबिंद सागर झील क्षेत्र में आरंभ हो रही यह गतिविधि जिले में जल क्रीड़ा एवं साहसिक पर्यटन को नई दिशा प्रदान करेगी। इससे न केवल जिला पर्यटन मानचित्र पर और सशक्त होकर उभरेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। (अनंत ज्ञान)

### बना हिमाचल का पहला ग्रीन डीसी ऑफिस

**मुख्यमंत्री** प्रदेश के पहले ग्रीन डीसी ऑफिस परिसर का भी उद्घाटन करेंगे। उपायुक्त कार्यालय परिसर में 110 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन औसतन 440 यूनिट तथा प्रतिमाह लगभग 13,200 यूनिट विद्युत उत्पादन करेगा। इससे प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख रुपए की बिजली की बचत होगी। यह संयंत्र पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में उठाया गया एक ठोस कदम है और प्रदेश में हरित ऊर्जा के क्षेत्र में प्रशासनिक भवनों को आत्मनिर्भर बनाने का एक अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

### शहरी गरीबों को मिलेगी नई राह

**मुख्यमंत्री** द्वारा 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बिलासपुर नगर में निर्मित सिटी लाइवलीहुड सेंटर का लोकार्पण भी किया जाएगा। यह केंद्र राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत शहरी गरीबों की गरीबी एवं सामाजिक-आर्थिक भेद्यता को कम करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यह उन्हें स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण एवं कुशल मजदूरी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थायी आजीविका के लिए जमीनी संस्थागत ढांचे को मजबूती प्रदान करेगा।

### विकास में मील का पत्थर साबित होंगी ये परियोजनाएं

**उपायुक्त** आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से लोकार्पित की जा रही यह तीनों परियोजनाएं पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन के क्षेत्र में जिले के लिए मील का पत्थर सिद्ध होंगी। यह राज्य सरकार की उस स्पष्ट प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं, जिसके अंतर्गत आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने, युवाओं को सशक्त करने और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

# जयराम ने गडकरी से सड़कों को चौड़ा करने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, शिमला**



नितिन गडकरी को गुलदस्ता भेंट करते जयराम ठाकुर।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बुधवार को दिल्ली में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट कर हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रोजेक्ट, प्रदेश भर में बिछाए जा रहे टनलों और नेशनल हाईवे के जाल के लिए आभार व्यक्त किया।

नेता प्रतिपक्ष ने नितिन गडकरी से जंजैहली-चैल चौक-नगवान समेत प्रदेश के कई सड़कों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण करवाने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष के आग्रह पर नितिन गडकरी ने संबंधित सड़कों के लिए सीआईआरएफ के तहत जल्दी से जल्दी काम करवाने का आश्वासन दिया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल

### नितिन गडकरी ने सड़कों का काम करवाने का दिया आश्वासन

प्रदेश में वर्तमान में नेशनल हाईवे से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक की सड़कों के लिए केंद्र सरकार द्वारा भरपूर सहयोग दिया जा रहा है। प्रदेश में जो भी काम चल रहे हैं सब के सब केंद्र सरकार के सहयोग से ही चल रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भदरोया में संदिग्ध हालत में मिला शव

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना डमटाल के अंतर्गत नशे का गढ़ माने जाने वाले भदरोया में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध हालत में मिला, जिसकी सूचना तुरंत थाना डमटाल को दी गई। मौके पर थाना डमटाल के एएसआई राजपाल पहुंचे तथा आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पाया गया कि यह नौजवान पठानकोट का रहने वाला है। जब उनके परिवार वालों को इसकी सूचना दी गई तब उन्होंने कहा कि वह उक्त व्यक्ति को नहीं जानते हैं। तब पुलिस द्वारा 72 घंटे के लिए शव का पोस्टमार्टम करवा कर नूरपुर के शव गृह में पहचान हेतु रख दिया गया है तथा पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है इसकी पुष्टि डीएसपी इंदौरा संजीव यादव द्वारा दी गई।

### भावेश फिर बने राज्य पावरलिफ्टिंग चैंपियन

**राजन ढींगरा, नगरी।** हिमाचल प्रदेश स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चचियां (नगरी) के युवा खिलाड़ी ने 59 किलो वर्ग में अपने 115 किलो की शानदार बेंच प्रेस के साथ गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। पालमपुर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। भावेश ने न सिर्फ अपनी शारीरिक शक्ति, बल्कि अपने आत्मविश्वास का भी परिचय दिया। उनकी यह जीत सिर्फ एक खिताब नहीं, बल्कि युवाओं के लिए एक संदेश है कि नशे और आलस्य को छोड़ो, अपने शरीर और मन को मजबूत बनाओ।



भावेश ने साबित कर दिया कि असली मर्दानगी दिखावे में नहीं, बल्कि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण में होती है। असली मर्द वही है जो अपने शरीर को संवारता है और दूसरों के लिए प्रेरणा बनता है। जो लड़का जिम में पसीना बहाता है, वही ज़िंदगी की हर चुनौती का सामना करने का हौसला रखता है। (अनंत ज्ञान)

### एनएसयूआई ने मनाया 55वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** एनएसयूआई के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में एनएसयूआई इकाई बैजनाथ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रविंद्र राव बतौर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं भेंट करते हुए कहा कि एनएसयआई आज पूरे देश की छात्र राजनीति में सबसे बड़े दल के रूप में छात्र+छात्राओं के हितों के लिए कार्यरत है। बैजनाथ इकाई द्वारा भी महाविद्यालय में छात्र छात्राओं की हर प्रकार की समस्या के लिए कार्यरत है। इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव कार्तिक राणा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौधरी आकर्ष शर्मा, मुस्कान चौधरी, रिया शर्मा, अंशुल नाथ, आदर्श, इंदु, विशा, सौरभ और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नुरपुर में एचआईवी के 74 पॉजिटिव मामले

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** सिविल अस्पताल नूरपुर में एकीकृत परामर्श और परीक्षण केंद्र सक्रिय रूप से एचआईवी स्क्रीनिंग और उपचार लिंकेज प्रदान कर रहा है। सिविल अस्पताल नूरपुर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक कुल 74 एचआईवी पॉजिटिव मामले पाए गए हैं। इनमें से 54 मामले ड्रग उपयोगकर्ताओं से संबंधित हैं, जबकि 20 मामले अन्यों कारणों से पाए गए। जानकारी देते हुए नूरपुर सिविल अस्पताल एमएस डॉ विवेक वन्याल ने बताया कि सभी 74 मामलों में से 41 मामले ऐसे हैं जिनका रेगुलर इलाज चल रहा है तथा 13 एंटी रेट्रो वायरल थेरेपी पर हैं, जबकि 14 लोगों ने बीच में इलाज छोड़ दिया है तथा पिछले तीन वर्षों में 6 की मृत्यु हो चुकी है! उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त, भयंकर बीमारी हेपेटाइटिस सी के 181 तथा हेपेटाइटिस बी के 11 मामले पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लगातार फैल रही घातक बीमारियों का अध्ययन करने से पता चला है कि जो युवा नशे के लिए एक ही सीरीज का इस्तेमाल करते हैं उनमें यह बीमारियां तेजी से फैल रही है। डॉ विवेक वन्याल ने कहा कि अस्पताल के माध्यम से कुछ एनजीओ द्वारा सीरींज तथा कंडोम मुफ्त में दिए जाते हैं ताकि इन बीमारियों को फैलने से रोका जा सके। डॉ. वन्याल ने कहा कि इसके अलावा नूरपुर में एक सैटेलाइट एचआईवी उपचार केंद्र और एक एचसीवी उपचार सुविधा स्थापित करने की योजना पर भी काम चल रहा है।

# भंगवार के लिए बनेर से लिफ्ट होगा पानी

## निशु मोंगरा बोले, नई स्कीम से रानीताल व रजियाणा बांध को भी मिलेगा फायदा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के तहत भंगवार पंचायत में पानी की कमी खत्म करने के लिए नई पेयजल योजना पर काम शुरू हो गया है। इस स्कीम के बनने से भंगवार की दो हजार से ज्यादा आबादी के अलावा रानीताल और रजियाणा बांध को भी फायदा होगा। यह ऐलान एपीएमसी और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर निशु मोंगरा बुधवार दोपहर भंगवार पंचायत में 'आपका सेवक आपके द्वार' कार्यक्रम में जनता को संबोधित कर रहे थे। निशु मोंगरा ने ग्रामीणों को बताया कि बनेर खड्ड से पानी लिफ्ट किया जाएगा। अभी तक इस क्षेत्र में बनेर पर बनी पेयजल योजनाओं का लाभ देहरा और नगरोटा बगवां की जनता को तो मिला है, लेकिन बिलकुल नजदीक पड़ती पंचायत भंगवार को दशकों से अपनी ही खड्ड का पानी नहीं मिल पाया है। निशु मोंगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी गांव में पानी की कमी नहीं रहनी चाहिए। इसी कारण इस योजना को युद्धस्तर पर तैयार किया जाएगा। इसी दौरान कई ग्रामीणों ने बताया कि उनके पास भूमि नहीं है। इस पर निशु मोंगरा ने मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों को फोन करके दो बटा तीन बिस्वा योजना में इनके आवेदन लेने को कहा।

**भंगवार में 'आपका सेवक आपके द्वार' कार्यक्रम में सुनी जनसमस्याएं**

वहीं एक बस्ती तक अभी तक भंगवार में सडक़ नहीं पहुंची है। इस पर मोंगरा ने अधिकारियों को इसका प्रोसेस शुरू करने के निर्देश जारी किए। इसके अलावा कुछ केस नए मकानों के रहे। मकानों के केस भी मोंगरा ने फाइल तैयार करके आगामी कार्रवाई के लिए भेजने की बात कही। इसके बाद निशु मोंगरा ने अपने कार्यालय जमानाबाद रोड में भी जनता की समस्याएं सुनी।

### बंद पड़ी कूहलों को खुलवाएंगे

**एपीएमसी** और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कहा कि ढगवार मिल्क प्लांट वाली कूहल को जल्द खुलवाया जा रहा है। इसी तरह चरान खड्ड की जमघट कूहल की भी सुरक्षा की जाएगी। सराह, मांझी, मनूणी, घियारी खड्डों की कूहलों के भी दौरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार अनाज खरीद केंद्रों पर गेहूं किसानों को बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। ई नाम यानी राष्ट्रीय कृषि बाजार से भी ज्यादा किसानों को जोड़ा जा रहा है।

# नशा तस्करी में संलिप्त अमृतसर का व्यक्ति धर्मशाला से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर/इंदौरा**



थाना डमताल के अंतर्गत नशा तस्करी के एक मामले में संलिप्त आरोपी, जोकि अमृतसर का रहने वाला है को हिमाचल की पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उक्त आरोपी 27 अक्तूबर, 2024 को यहां लाखों रुपए की हेरोइन सहित पकड़े गए एक मामले में संलिप्त था और पुलिस विभिन्न संभावित स्थानों पर उसकी धरपकड़ हेतु दबिश दे रही थी, जिसमें अब पुलिस को कामयाबी मिली है। मामले के संदर्भ में जानकारी देते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि गत वर्ष 10 अक्तूबर को पुलिस उपमंडल इंदौरा के अंतर्गत जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर इंदौरा मोड़ के निकट कंवलजीत सिंह पुत्र महिंद्र सिंह, निवासी अमृतसर को 262 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया था। इसी अभियोग में गिरफ्तार किए गए आरोपी से पूछताछ व तथ्यों की जांच में पाया गया कि इस अभियोग में अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा विभिन्न संभावित स्थानों पर की जा रही थी। ऐसे में पेशेवर ढंग से कारवाई करते हुए इस अभियोग में शामिल एक अन्य आरोपी राजेश कुमार पुत्र लक्ष्मण दास निवासी अमृतसर (पंजाब) को धर्मशाला से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उसे इंदौरा स्थित अदालत में पेश किया गया, यहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया है।

वहीं, पुलिस अधीक्षक नूरपुरअशोक रत्न ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। नशे के खिलाफ लड़ाई में पुलिस का साथ दें और अपने क्षेत्र को नशामुक्त बनाने में सहयोग करें।

# श्री साई ग्रुप के 31 छात्रों को मिली जॉब

## प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कंपनी इक्लेरस सर्विसेज में हुआ चयन

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में आईटी उद्योग में प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कंपनी इक्लेरस सर्विसेज के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन ग्रुप के सीएमडी कंवर तुषार पुंज की अध्यक्षता में किया गया। इस ड्राइव में श्री साई ग्रुप के विभिन्न महाविद्यालयों व पठानकोट के कई संस्थाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी प्रेजेंटेशन, ग्रुप डिस्कशन व पर्सनल इंटरव्यू के बाद 31 छात्रों का चयन किया गया।

ग्रुप के डायरेक्टर प्लेसमेंट सुलक्ष्य कुमार मुरगई ने कहा कि चयनित विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इनकी ज्वाइनिंग प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। वहीं, चेयरमैन एस के पुंज ने कहा कि श्री साई ग्रुप के छात्र उद्योग जगत में अपने कार्य के द्वारा एक सराहनीय पहचान बना रहे है। इस उपलब्धि पर एमडी तृप्ता पुंज सहित ग्रुप के सीएमडी कंवर तुषार पुंज व वाइस प्रेजिडेंट रिया पुंज ने सयुंक्त रूप से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास रहता है कि छात्र विद्या ग्रहण करते करते अपने लक्ष्य को निर्धारित करें व अंतिम वर्ष आते-आते महाविद्यालय से उच्च श्रेणी की उद्योगों से चयन पत्र लेकर ही जाएं। उन्होंने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं व उनके उज्ज्वल भविष्य कामना की। अंत में डायरेक्टर प्लेसमेंट सुलक्ष्य कुमार मुरगई ने सभी का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

# पीएम आवास योजना का लाभ उठाने को 30 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में सर्वे की पूर्व से 31 मार्च अंतिम समय सीमा निर्धारित हुई थी, लेकिन समय सीमा कम पड़ने से कई पात्र आवेदकों के या तो वंचित रहने की संभावना थी अथवा छूट जाने की। दोबारा समय बढ़ाए जाने के बाद अब सर्वे नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 30 अप्रैल तक किया जा सकेगा। यह जानकारी विकास खंड अधिकारी फतेहपुर ने कार्यालय के सभा हाल में हाल ही में कर्मचारियों व अधिकारियों से बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए दी। वहीं विकास खंड अधिकारी फतेहपुर सुभाष अत्री ने जानकारी देते हुए वताया की प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में सर्वे की यह समयावधि दोबारा बढ़ाई गई है। योजना के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में लाभार्थियों को तीन किस्तों में एक लाख 20 हजार की धनराशि दी जाती है। इसमें पहली किश्त 40 हजार रुपए, दूसरी किस्त 70 हजार और तीसरी किश्त के रूप में 10 हजार रुपए दिए जाते हैं। इसके अलावा शौचालय निर्माण को 12 हजार और मनरेगा से 90 दिन की मजदूरी दी जाती है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे दिसंबर में शुरू हुआ था। पहले अंतिम तारीख 28 फरवरी निर्धारित की गई थी। इसके बाद समय बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई थी। अब 30 अप्रैल तक समय बढ़ा दिया गया है।

**लाभार्थी को तीन किस्तों में मिलेंगे एक लाख 20 हजार रुपए**

# सुक्खू सरकार ने गरीबों की कमर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी: परमार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** भाजपा जिला कार्यालय नूरपुर में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए विपिन परमार ने कांग्रेस सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार रहते जहां हिमकेयर जैसी योजनाओं को जमीन पर उतारकर आम जनता को राहत दी थी, वहीं कांग्रेस सरकार ने दस रुपये की पर्ची और सभी फ्री टेस्ट बंद कर जता दिया कि वो जनता की कितनी हिमायती है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने जनता की कमर तोड़ने का ही काम किया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सुक्खू सरकार मित्रों की सरकार बनकर रह गई है और मित्रों को खुश करने के लिए कइयों को मीडिया सलाहकार तो कइयों को चेयरमैन और बोर्डों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के पदों पर सत्तासीन कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी का रोना रोने वाली सरकार को इन नियुक्तियों के समय आर्थिक तंगी क्यों नहीं नजर आती।



# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity अनंत ज्ञान

### आर्म्ड व्हीकल्स निगम में सुनहरा मौका

**पदों का विवरण**

जूनियर मैनेजर एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग- 1
डिप्लोमा टेक्नीशियन (सीएनसी ऑपरेटर)-1
डिप्लोमा टेक्नीशियन टूल डिजाइन -2
असिस्टेंट लीगल -1
स्टोर/एमएम/प्रोक्योरमेंट -2
जूनियर मैनेजर/मैकेनिकल -1
स्टोर कीपर- 2

- आवेदन की अंतिम तिथि 12 अप्रैल 2025
- वेतन : 37,000-47,000 रुपए प्रति माह
- आवेदन करें : avnl.co.in

### बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में पाएं नौकरी

जूनियर क्लर्क

- कुल 199 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 18 से 33 वर्ष
- न्यूनतम शिक्षा: 12वीं पास
- आवेदन करें : bhu.ac.in

### राजस्थान में कर्मचारी चयन बोर्ड में जॉब

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

- 53000 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि: 19 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 18 से 40 वर्ष
- न्यूनतम शिक्षा: 10वीं
- आवेदन करें : rsmssb.rajasthan.gov.in

### बिहार में होमगार्ड बनने का मौका

होमगार्ड

- कुल 15000 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 16 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 19 से 40 वर्ष
- न्यूनतम शिक्षा: 12वीं पास
- आवेदन करें : bhu.ac.in

### रेलवे में प्रबंधक बनने का अवसर

**मैनेजर**

जूनियर टेक्निकल मैनेजर (सिविल) 35
जूनियर टेक्निकल मैनेजर (इलेक्ट्रिकल) 17
जूनियर टेक्निकल मैनेजर (एसएंडटी) 03
जूनियर टेक्निकल मैनेजर (रोलिंग एवं स्टॉक) 04
जूनियर टेक्निकल मैनेजर (आर्किटेक्चर) 08
जूनियर टेक्निकल मैनेजर (डेटाबेस एडमिन) 01
असिस्टेंट मैनेजर (खरीद) 01

- आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2025
- आवेदन करें : www.nhsrcl.in


**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

# करियर निर्धारण

## जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू



**करियर** निर्धारण करना प्रत्येक युवा के जीवन का महत्वपूर्ण पहलू होता है, जिसके लिए जीवन की सार्थकता सिद्ध करने के लिए सभी पहलुओं पर ध्यान देना आवश्यक होता है। मानव अपने जीवन के साथ-साथ अपने समाज के लिए भी उतरदायी होता है और यह उतरदायित्व निभाने में मानव जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है। वर्तमान समय में विज्ञान और तकनीक के प्रभाव में अधिकांश युवा अपने करियर का निर्धारण करने में असमंजस में रह रहे हैं, परंतु कुछ आधारभूत पहलुओं पर ध्यान देने से करियर निर्धारण में आसानी हो जाती है।



***करियर का निर्धारण जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू होता है, इसमें मात्र आजीविका कमाने का उद्देश्य ही निहित नहीं होता, परंतु जीवन मूल्यों को भी यथोचित महत्व दिया जाना चाहिए। अन्यथा जीवन के महत्वपूर्ण पहलू अनछूए और अनदेखे रह जाते हैं, जिसका स्पष्ट प्रभाव जीवन जीने की सार्थकता और गुणवत्ता पर पड़ता है। जीवन का भावनात्मक पक्ष शून्य और नीरसता से भरा रहता है जीवन का स्थायी आनंद प्राप्त नहीं हो पाता है।***

केवल मात्र भौतिक सुख सुविधाओं को ही जीवन में महत्व देने से मनुष्य अपने जीवन में धनोपार्जन तो कर लेता है, परंतु जीवन में एकाकीपन और नीरसता बनी रहती है। जैसा कि वर्तमान समय में देखा जाता है कि अधिकांश युवा अपने करियर की तलाश में घर से दूर का चले जाते हैं, परिणामस्वरूप माता-पिता एकाकी जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं या फिर युवा पीढ़ी भी अपने आप को एक सीमित दायरे में रख कर आत्मकेंद्रित जीवन जीना पसंद कर रहे हैं। उनके करियर निर्धारण में भी सामाजिक सरोकार का कोई महत्व नहीं पाया जाता है।



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

***यदि जीवन में करियर और लक्ष्य का निर्धारण सामाजिक और माननीय मूल्यों के साथ जुड़ा हो तो जीवन आनंददायक बन जाता है, और कार्यक्षेत्र में भी रचनात्मक और सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जीवन उद्देश्य पूर्ण और सार्थक बन जाता है और जीवन लक्ष्य का व्यवहारिक जीवन के साथ सामंजस्य बन जाता है, जीवन खुशहाल और आनंददायक बन जाता है।***

# 12वीं के बाद विदेश में शिक्षा के फायदे और नुकसान

***विदेश में शिक्षा के फायदे और नुकसान दोनों होते हैं। यह छात्र की तैयारी और समर्पण पर निर्भर करता है कि वे इन दोनों पहलुओं में संतुलन कैसे बनाते हैं।***



## लाभ

**क्वालिटी एजुकेशनः** गुणवत्ता वाली शिक्षा विदेशों में शिक्षा की गुणवत्ता आमतौर पर उच्च होती है। प्रमुख विश्वविद्यालयों में नवीनतम शैक्षिक सामग्री और अत्याधुनिक तकनीकी संसाधन उपलब्ध होते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय अनुभवः** विदेश में पढ़ाई करने से छात्रों को विभिन्न संस्कृतियों और समाजों के साथ तालमेल बिठाने का अनुभव मिलता है, जो उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में मदद करता है।




**बेहतर करियर अवसर** : विदेश में अध्ययन करने से छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर के अधिक अवसर मिलते हैं। कई कंपनियां विदेश में अध्ययन करने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं।

**भाषा कौशल** :विदेश में पढ़ाई करने से छात्रों को नई भाषाएं सीखने का मौका मिलता है, जो उनके करियर में मददगार हो सकता है।

## नुकसान

**बहुत महंगी शिक्षा** : विदेश में शिक्षा काफी महंगी हो सकती है। ट्यूशन फीस, रहने और खाने का खर्च भी काफी अधिक होता है, जिससे कई छात्र वित्तीय तनाव महसूस कर सकते हैं।

**संस्कृति में अंतर** : नए देश की संस्कृति और जीवनशैली में ढलना मुश्किल हो सकता है। छात्रों को घर से दूर रहने की मानसिक चुनौतियां भी सामना करनी पड़ती हैं।



सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर

**प्रवेश की कठिनाइयां:** विदेश में उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश प्रक्रियाएं जटिल हो सकती हैं। कई बार वीजा और अन्य दस्तावेजों की परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं।

**संवेदनशीलता** : घर से दूर रहने पर मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। परिवार और दोस्तों की कमी महसूस हो सकती है, जिससे छात्रों को अकेलापन और तनाव हो सकता है।

### ज्ञान की बात

- हिमाचल प्रदेश में अब न्यूनतम बस किराया कितना कर दिया गया है ? -10 रुपए
- हिमाचल के किस जिले में रॉक कट टैंपल है ? - कांगड़ा
- हिमाचल प्रदेश में पोषण पखवाड़ा कब से कब तक मनाया जा रहा है ? - 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक
- हरियाणा सरकार ने हरियाणा पुलिस में अग्निवीरों के लिए कितने प्रतिशत कोटा देने की घोषणा की। -20 प्रतिशत
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'सिटी की ऑफ ऑनर' से किस देश की राजधानी में सम्मानित किया गया ? - लिस्बन
- टाटा आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक बनाने वाले क्रिकेटर ? -क्रिस गेल (30 गेंद)
- अमेरिका ने भारत पर कितना टैरिफ लगाया है ? -26 प्रतिशत
- केंद्र की एनडीए सरकार ने हाल ही में मुसलमानों से जुड़े किस एक्ट में संशोधन किया है ? -वक्फ अधिनियम 1995

# पीएम इंटर्नशिप के लिए अब 15 तक करें आवेदन

**मोदी सरकार ने एक बार फिर पीएम इंटर्नशिप स्कीम में अप्लाई करने की लास्ट डेट में बढ़ोतरी की है। इससे पहले स्कीम में अप्लाई करने की लास्ट डेट 31 मार्च रखी गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 अप्रैल, 2025 कर दिया है। अगर आपने अभी तक स्कीम में अप्लाई नहीं किया है तो अभी भी मौका है। चलिए जानते हैं कि आप स्कीम में कैसे अप्लाई कर सकते हैं। पीएम इंटर्नशिप स्कीम खास तौर पर युवाओं के लिए डिजाइन की गई है, ताकि उन्हें रोजगार का अवसर मिल सके। इसके साथ ही वे अलग-अलग स्कील भी सिख पाएं। इससे पहले भी सरकार ने कई बार इसकी डेडलाइन में बढ़ोतरी की है। सरकार ने इससे पहले अप्लाई करने की लास्ट डेट 12 मार्च 2025 रखी थी, जिसे बढ़ाकर 31 मार्च 2025 किया गया था। अब एक बार फिर केंद्र सरकार ने डेडलाइन में इजाफा किया है। अब आप 15 अप्रैल 2025 तक स्कीम में अप्लाई कर सकते हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2024-25 में पीएम इंटर्नशिप स्कीम की घोषणा की थी। इस स्कीम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार देना है। इस स्कीम में अब तक 500 से ज्यादा कंपनी जुड़ चुकी है। वहीं पीएम इंटर्नशिप स्कीम 2.0 के तहत फिर से रजिस्ट्रेशन शुरू किए गए थे।**




### अप्लाई करने के पांच स्टेप

**स्टेप 1**
- **सबसे** पहले आपको पीएम इंटर्नशिप स्कीम की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं।

**स्टेप 2**
- **यहां** आपको रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करना होगा।

**स्टेप 3**
- **इसके** बाद लॉगिन क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल कर, लॉगइन करें।

**स्टेप 4**
- **फिर** फॉर्म में मांगी गई जानकारी को दर्ज करें। इसके साथ ही डॉक्यूमेंट भी सबमिट करें।

**स्टेप 5**
- **लास्ट** में सबमिट कर, फॉर्म को सेव कर लें।

### क्या है पीएम इंटर्नशिप स्कीम?

**पीएम** इंटर्नशिप स्कीम केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को रोजगार प्रदान करना है। वहीं योजना के तहत लाभार्थी को हर महीने 5000 रुपए भी मिलेंगे, ताकि उनका आने-जाने का खर्च निकल सके। इस स्कीम में 21 साल से 24 साल तक की उम्र का कोई भी अप्लाई कर सकता है। यह योजना युवक और कंपनियों दोनों के लिए फायदेमंद है। क्योंकि जहां युवाओं को रोजगार मिलता है, वहीं कंपनी को भी आसानी से काम करने के लिए लोग मिल जाते हैं।

### कौन-कौन कर सकता है अप्लाई?

**अगर** आप इस स्कीम में अप्लाई करना चाहते हैं, तो इसमें मांगी गई योग्यता को समझ लें। इस स्कीम में अप्लाई करने के लिए आवेदनकर्ता की उम्र 21 से 24 साल तक होनी चाहिए। इसके साथ ही इस स्कीम में 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट या डिप्लोमा धारक आवेदन कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### महाकालेश्वर बैसाखी कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में ज्वालामुखी के बलारडू में 10 से 12 अप्रैल तक तीन दिवसीय महाकालेश्वर बैसाखी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश सहित आसपास के राज्यों की नामी टीमें भाग लेंगी। आयोजन स्थल बलारडू चौक पर उद्घाटन समारोह 10 अप्रैल को दोपहर बाद तीन बजे होगा। इसके बाद ब्यास नदी के किनारे चल रहे बैसाखी मेले में 14 अप्रैल को महादंगल का आयोजन किया जाएगा। आयोजक रजनीश धवाला ने बताया कि प्रतियोगिता में जूनियर (55 किग्रा से कम) और सीनियर वर्ग की अलग-अलग प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। जूनियर वर्ग के विजेता को 11 हजार और उपविजेता को नौ हजार की नकद राशि प्रदान की जाएगी। वहीं, सीनियर वर्ग के विजेता को 31 हजार और उपविजेता को 20 हजार की इनामी राशि दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड अथवा कोई अन्य पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। टीम परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी और किसी प्रकार की चोट के लिए खिलाड़ी स्वयं जिम्मेदार होगा। निर्णायकों का निर्णय अंतिम माना जाएगा। टीमों को 10 अप्रैल तक पंजीकरण करवाना आवश्यक है।

### गो रक्षा समिति ने छुड़ाईं तीन गऊएं

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** बीते दिन गो रक्षकों द्वारा गऊओं को लादकर जम्मू-कश्मीर की तरफ ले जाते हुए एक छोटा हाथी वाहन को रोका गया। इसमें अस्त व्यस्त हालत में तीन गाएं लदी हुई थीं। समिति सदस्यों द्वारा ड्राइवर पारस नाथ निवासी यूपी को पकड़कर वाहन सहित थाना डिवीजन नंबर दो में ले जाया गया। जहां जानकारी देते हुए एसएचओ मनदीप सलगोत्रा ने बताया कि गो रक्षकों द्वारा छोटा हाथी वाहन में लदी तीन गऊओं को थाना डिवीजन नंबर दो में लाया गया है। वाहन चालक पारस के विरुद्ध एनिमल क्रूएलिटी एक्ट के अंतर्गत प्रचा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी यूपी का निवासी है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से पंजाब के टांडा के नजदीक गांव में रह रहा है। उन्होंने कहा कि आरोपी से पूछताछ करने पर उसने बताया है कि वह टांडा से यह तीन गऊओं को लेकर जम्मू कश्मीर में जा रहा था। उन्होंने कहा कि गायों को रिहा करवा कर सही सलामत गोशाला में भेजा जा रहा है। ड्राइवर के विरुद्ध मामला दर्ज करके उसे कोर्ट में पेश करके और जानकारी प्राप्त करने हेतु रिमांड पर लिया जाएगा।

### मकोल में दुर्गा भवानी मेले का शुभारंभ



**अजय पाल, पंचरुखी।** ब्लॉक पंचरुखी की मकोल पंचायत में झंडा रस्म के साथ दुर्गा भवानी मेला शुरू हो गया। शुभारंभ कार्यक्रम में चढ़ियार गैस एजेंसी के अध्यक्ष सुशील ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस दौरान श्री दुर्गा माता मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। दुर्गा माता मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद मुख्यातिथि ने ढोल की थाप से मेले का शुभारंभ किया। मेला कमेटी के प्रधान कुलवंत डोगरा ने बताया कि दुर्गा भवानी मेले का आगाज लगभग 60 वर्ष पहले हुआ था। स्थानीय लोगों की अरुचि के कारण यह बंद होने की कगार पर आ गया था। पिछले तीन वर्ष से आसपास की पंचायतों के लोगों ने मिलकर मेला कमेटी का गठन करके मेले को दोबारा शुरू किया। अब हर साल मेले में दुकानदारों की लगातार बढ़ोतरी हो रही है। धार क्षेत्र में एकमात्र होने वाले इस मेले का लोगों को साल भर इंतजार रहता है। 9 अप्रैल से 12 अप्रैल तक लगने वाले इस मेले में बॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्तियां व महिलाओं में कुर्सी दौड़, मटका फोड़ व रस्सा कस्सी जैसी प्रतियोगिताएं भी करवाई जाती हैं। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस सरकार का पतन शुरू: भारद्वाज

## कहा, भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता अगले चुनाव के लिए रहे तैयार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



सक्रिय सदस्य नहीं, आप पार्टी के योद्धा है। यह शब्द कांगड़ा-चंबा के सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव भारद्वाज ने पालमपुर विधानसभा के दोनों मंडलों के सक्रिय सदस्यों की पीठ थपथपाते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कैडर आधारित पार्टी है, यहां का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के अनुसार ही कार्य करता है, किसी का पद छोटा बड़ा नहीं होता, बल्कि पार्टी द्वारा दिए गए पद पर कार्यकर्ता अपना काम करता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हिमाचल की कांग्रेस सरकार के अढ़ाई साल पूरे हो चुके हैं। अब सरकार नीचे की ओर उतरना शुरू हो गई है और सबसे बड़ी बात यह है कि इस सरकार की ब्रेकें फेल हो चुकी हैं। इसलिए भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता अगला चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाए। इस बार कांगड़ा-चंबा लोकसभा की 17 की 17 सीटें भारतीय जनता पार्टी कैसे जीते इस पर वह स्वयं और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता काम करे।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने भी कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाते हुए कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र की टीम आज पार्टी द्वारा दिए गए हर कार्य में या तो पहले स्थान पर आ रही है या फिर कहीं न कहीं पहले पांच स्थानों में अपनी जगह बना रही है, चाहे वह पार्टी का प्राथमिक सदस्यता अभियान हो, सक्रिय सदस्यता अभियान हो, मन की बात का कार्यक्रम हो, या फिर बूथ स्तर पर पार्टी के स्थापना पर्व का कार्यक्रम हो पालमपुर विधानसभा के कार्यकर्ता हर जगह बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रहे हैं। प्रदेश महामंत्री ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की भी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी और कहा कि 13 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल तक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा में फूल माला अर्पित करके उनको श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ विधानसभा में उस दिन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर की अध्यक्षा रागिनी रकवाल, मंडल अध्यक्ष शहरी गोपेश शर्मा, ग्रामीण सुरेश पठानिया, मंडल प्रभारी शहरी सुरेंद्र ठाकुर, ग्रामीण विजय भट्ट, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय शर्मा, उमेश दत्त, मंडल के महामंत्री हरीश बलिया, अशोक राणा, रंजना भट्ट, गुरमीत सिंह सहित सैकड़ों सक्रिय सदस्य मौजूद रहे।

### दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा पुल के समीप एक बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बुधवार को लगभग शाम 4 बजे के आसपास हुआ, जब बाइक सवार कंचन कौशल, जो कि बतबाड़ गांव का निवासी है, डाडासीबा से अपने घर वापस लौट रहा था। डाडासीबा पुल के पास एक तीव्र मोड़ पर उसकी बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक की सहायता की। कंचन कौशल को निजी वाहन की मदद से घायल अवस्था में सिविल अस्पताल डाडासीबा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। हालांकि उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया। चश्मदीदों के अनुसार जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वह मोड़ काफी खतरनाक माना जाता है और इससे पहले भी वहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

### हैप्पी बर्थडे



टकोली (ऊना) के प्रणव भारद्वाज को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप्प नंबर 88945-21702 पर भेजें।

#### शिक्षकों के पद समाप्त करने पर फतेहपुर स्कूल की एसएमसी ने जताया विरोध

# स्कूल में बच्चों की एनरोलमेंट पूरी, बाबू की एक गलती से कर दिया शिक्षकों का तबादला

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

सरकार ने नियम बनाया है कि जहां टीचर सरप्लस होंगे, वहां से अध्यापकों को दूसरे स्कूलों में भेजा जाएगा। हालांकि उस स्कूल के टीचरों पर भी सरकार का चाबुक चल गया है, जहां बच्चों की एनरोलमेंट सरकार के नियमों से ज्यादा थी। एक सराकरी बाबू की गलती इन टीचरों पर भारी पड़ गई। इन टीचरों को तबादला आदेश मिल गए हैं। मामला जिला कांगड़ा के उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फतेहपुर का है, जहां से शिक्षकों के तबादले करने पर स्कूल की एसएमसी ने विरोध जताया है। स्कूल प्रबंधन कमेटी फतेहपुर के प्रधान सहित अन्य सदस्यों ने स्कूल के गेट पर इन आदेशों के विरुद्ध रोष जताते हुए प्रदेश सरकार को चेतावनी दी है कि अगर इन आदेशों को सरकार ने रद्द नहीं किया तो स्कूल गेट पर ताला जड़ दिया जाएगा।

स्कूल प्रबंधन कमेटी फतेहपुर के प्रधान हरनेक सिंह, सतनाम, गायत्री, सिंकदर, दिनेश, शारदा व अन्य ने बताया कि इस स्कूल में 290 के करीब बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, मगर स्कूल में तीन टीजीटी पद समाप्त कर उन्हें चंबा जिला में तबादला कर भेज दिया है। इस स्कूल की कक्षाओं में 65-70 से ज्याद बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और नई शिक्षा नीति के अनुसार 30 बच्चों पर एक टीचर नियुक्त होना चाहिए, मगर सरकार उस पॉलसी पर काम न कर 50 बच्चों पर एक टीचर होने की बात कर रहे हैं। उसके अनुसार भी जहां पर कक्षाओं में 65-70 के करीब बच्चे हैं और अंग्रेजी व हिंदी दोनों मीडियम पढ़ाए जाते हैं। ऐसे में जहां टीचर सरप्लस नहीं, बल्कि कम पड़ जाते हैं। ऐसे में स्कूल में पढ़ने बाले बच्चों की पढाई अधर में ही लटक जाएगी। उन्होंने सरकार एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व स्थानीय विधायक एवं योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानियां से मांग की है कि इन आदेशों को रद्द कर अभिभावकों व बच्चों को राहत दी जाए। एसएमसी व ग्रामीणों ने कहा कि अगर आदेशों को वापस नहीं लिया गया तो विद्यालय में ताला जड़ दिया जाएगा। वहीं, इस बारे निदेशक एलमेंटरी एजुकेशन अशीष कुमार कोलही से जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि इस बारे में जांच की जाएगी। अगर ऐसा हुआ है तो इस मामले में उचित कदम उठाए जाएंगे।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल की वैष्णवी ने पेंटिंग में प्राप्त किया दूसरा स्थान



**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर की प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रताप वर्ल्ड स्कूल के 8 बच्चों ने भाग लिया। इसमें दसवीं कक्षा की वैष्णवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि पठानकोट के पेंटिंग सेंटर में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 18 स्कूलों के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। स्कूल की प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में चित्र बनाए गए, जिनमें प्रकृति, समाज, संस्कृति और पर्यावरण से संबंधित विषय शामिल थे। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों के माध्यम से महत्वपूर्ण संदेश भी दिए और अपनी कला के द्वारा समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में योगदान देने का प्रयास किया।

### पहले दिन गेहूं खरीद केंद्रों में कोई किसान नहीं आया गेहूं बेचने

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** गेहूं की खरीद के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से मंगलवार को खरीद केंद्र खोल दिए गए हैं, लेकिन पहले दिन कोई भी किसान फसल बेचने के लिए नहीं पहुंचा। किसानों का कहना है कि वे अपनी फसलें बैसाखी के दौरान काटना शुरू करते हैं। पंजाब के साथ लगते इंदौरा के मंड और फतेहपुर की निचली बेल्ट में हिमाचल में सबसे पहले फसल तैयार होकर केंद्रों में बेचने के लिए पहुंचाई जाती हैं लेकिन इस बार अभी तक इस क्षेत्र में भी फसल तैयार नहीं हुई है। इसके चलते फसलों की कटाई कर अगले डेढ़ सप्ताह में फसल मंडियों में पहुंचना शुरू हो जाएगी। इंदौरा क्षेत्र के देशराज, त्रिलोक सिंह, करनैल सिंह, अमन और सुमित इत्यादि किसानों का कहना है कि विभाग ने खरीद केंद्र तो शुरू हो गए हैं लेकिन अभी तक किसानों की फसलें तैयार नहीं हुई हैं। नूरपुर के किसानों का कहना है कि अभी तक फसल को तैयार होने में लगभग 15 से 20 दिन लगेंगे। वहीं, खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग कांगड़ा-चंबा के नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि पहले दिन कोई भी किसान मंडियों में फसल बेचने के लिए नहीं पहुंचा है।

#### वनाग्नि से लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा बुरा असर

# जंगलों में आग पर काबू पाने के लिए करें सहयोग: अशोक कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बुधवार को धर्मशाला में सेवानिवृत्त डीएफओ डॉ. अशोक कुमार ने पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश के लोगों से गर्मियों के मौसम में जंगलों में लगने वाली आग पर काबू पाने के लिए सहयोग की अपील की है।

उन्होंने कहा कि जंगलों में आग लगने से कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। फायर सीजन में जंगलों में आग की घटनाएं अधिकतर मानवीय चूक से पेश आती हैं। ऐसे में जंगलों को आग से बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पंचायत प्रतिनिधियों सहित हर वर्ग को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि लोग अपने खेतों की सफाई करके घास को जलाते हैं, जो कि हवा से फैलकर जंगलों तक पहुंच जाती है, जिससे तापमान बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जंगलों में आग लगने पर लोग उसे बुझाने का प्रयास करते थे, लेकिन अब ऐसा नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में सतलुज और ब्यास नदी में आई बाढ़ से भी काफी नुकसान हुआ है।

हालांकि लोगों को जागरूक करने की दिशा सरकार काम कर रही है, लेकिन इसमें जन सहभागिता जरूरी है, जिसके चलते डीसी कांगड़ा और सीसीएफ धर्मशाला से पंचायत प्रतिनिधियों को इस बारे जागरूक करने के लिए कार्य करने का आग्रह किया गया है।

# कबाड़ी के भड़ू में व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को पंचायत कबाड़ी के भड़ू में पंचायत रमेहड के वार्ड 3 के व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवनीत सैनी ने बताया कि पंचायत कबाड़ी के पंचायत नुमायदे द्वारा पुलिस को इस बारे सूचना दी गई। पुलिस ने मौका पर मौजूद लोगों से पूछताछ की है। बताया जाता है कि मृतक के भाई शशि ने मृतक की शिनाख्त की। अपने बयान में पुलिस को बताया कि मृतक दो दिनों से लापता था उसे सभी ढूंढेंने में लगे रहे। मृतक का नाम अश्वनी कुमार पुत्र प्रताप चंद बताया गया है तथा उसकी आयु करीब 42 वर्ष है। मृतक के भाई ने बताया कि बुधवार को उसे इस की जानकारी प्राप्त हुई । भाई की शिनाख्त पर पुलिस ने मृतक व्यक्ति का मामला धारा 194 ए बी एन एस एस के तहत दर्ज कर लिया है।भाई ने बताया है कि उसका भाई टांडा मेडिकल कॉलेज के समीप किसी निजी लेब में काम करता था। मृतक का एक 7 वर्ष का बेटा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

# पावरलिफ्टर पारुल ने जीते तीन गोल्ड मेडल

## अरमान जोशी ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक किया अपने नाम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**




हिमाचल प्रदेश राज्य सब जूनियर और सीनियर और मास्टर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप-2025 में दो असाधारण एथलीटों पारुल राज और अरमान जोशी ने अपनी अद्भुत शक्ति और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। पारुल राज जसवाल फिटनेस जिम बैजनाथ की एक उभरती हुई पावरलिफ्टर ने बेंच प्रेस, स्क्वाट और डेडलिफ्ट श्रेणियों में तीन स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। इस अद्भुत उपलब्धि ने उन्हें चैंपियनशिप में सबसे मजबूत युवा महिला का खिताब दिलाया। उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन क्षेत्र के उभरते पावरलिफ्टर्स के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। वहीं, एक अन्य प्रतिभाशाली एथलीट अरमान जोशी ने डेडलिफ्ट में स्वर्ण पदक जीतकर और बेंच प्रेस श्रेणी में रजत पदक हासिल करके अपनी अद्भुत शक्ति का प्रदर्शन किया। उनका लगातार प्रदर्शन उनकी मेहनत और परिश्रम का प्रमाण है। जसवाल फिटनेस जिम के संस्थापक संदीप जसवाल ने कहा 'यह मेरे लिए एक गर्व का क्षण है, मुझे विश्वास है कि यह प्रतिभाशाली एथलीटों के उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत है।'

# डाकघर में अब फॉर्म भरे बिना करें 5 हजार रुपए का लेनदेन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अधीक्षक डाकघर धर्मशाला मंडल रविंद्र कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि भारतीय डाक विभाग द्वारा अब 5 हजार रुपए तक के लेनदेन के लिए ई-केवाईसी सुविधा शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि धर्मशाला मंडल के अंतर्गत प्रत्येक प्रधान डाकघर व उप डाकघरों में यह सुविधा शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस सुविधा के अंतर्गत ग्राहक बिना फॉर्म भरे ई-केवाईसी के माध्यम से 5 हजार तक के पैसे जमा कर और निकाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी के माध्यम से ग्राहक अब 5 हजार तक का लेनदेन बिना किसी वाउचर के कर सकेंगे, जिससे डाकघरों में लेनदेन की प्रक्रिया और अधिक सरल, तेज और कागज रहित हो गई है। यह सुविधा विभाग की डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो ग्राहकों को सुरक्षित और आसान बैंकिंग प्रदान करती है।

# डॉ. राजिंदर लब बैसाखी मेला कमेटी के संयोजक मनोनीत

**अनंत ज्ञान, जवाली**

नगर पंचायत जवाली के अधीन महाराणा प्रताप ग्राउंड लब में 13 अप्रैल को होने वाले वार्षिक दंगल को लेकर ज्वाला माता मंदिर लब में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता व्यापार मंडल लब के प्रधान डॉ. राजिंदर सिंह ने की। इसमें मेला कमेटी लब का गठन किया गया। डॉ. राजिंदर सिंह को मेला संयोजक बनाया गया। स्वतंत्र सिंह गोगी को मेला कमेटी अध्यक्ष, कुलजीत सिंह जीतू, पुष्पिंदर सिंह, अभिषेक को उपप्रधान, जगपाल जग्गू, शिंपु जरियाल को महासचिव, दारा सिंह, हरबंस लाल, योगेश शर्मा को सचिव, राम कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष, अश्विनी शर्मा, हंस राज, प्रकाश चंद को मुख्य सलाहकार, सुरेश गुलेरिया, इंद्र सिंह, चैन सिंह, पम्मू जरियाल, मोहन लाल बग्गा को अनुशासन कमेटी, ललित शर्मा, रमेल सिंह, बंटी सन्याल, एवी पठानिया को दंगल कमेटी, डॉ राजिंदर सिंह, राजेश बूट हाउस, कुलजीत सिंह जीतू, अश्विनी शर्मा, हंस राज, गगन परमार, लब्बू परमार को धन संग्रहण कमेटी, सुनील दत्त, मनजीत कौंडल, अनिल छांगु, चैन सिंह, ललित शर्मा, डॉ एनके शर्मा को प्रेस कमेटी में शामिल किया गया। रोहित बग्गा, अशोक कुमार, शाम, प्रकाश जसवाल, सोनू, राकेश, बिंदु, मदन लाल बरोटिया, सुभाष जसवाल, रणवीर मन्हास, संजय बजाज, सेठी ठाकुर, मुस्कान, राकेश, शिव कुमार, संजय, सुशील कुमार, बलदेव, जेके, सुमित परमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। रजत ठाकुर, सेवा सिंह, रविंद्र कुमार, लखमीर चौहान, राजिंदर चेयरमैन नपं जवाली, पार्षद एवी पठानिया, पार्षद सुषमा परमार, पार्षद जगपाल जग्गू, पार्षद पूजा देवी, मनोनीत पार्षद सुरिंदर छिंदा को विशेष आमंत्रित सदस्य चुना गया। राजिंदर सिंह ने बताया कि 13 अप्रैल को लब में छिंज मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हिमाचल के अलावा बाहरी राज्यों से पहलवानों को बुलाया गया है।



# आरटीओ ऑफिस में पकड़े दो आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

विजिलेंस कार्यालय पठानकोट के कर्मचारियों द्वारा गत दिवस आरटीओ कार्यालय पठानकोट में छापामारी कर कुल 7 लोगों को हिरासत में लिया था। इनमें चार आरटीओ कार्यालय कर्मचारी और तीन बाहरी दुकानदार एजेंट थे। विजिलेंस ने पूरा दिन कार्रवाई के बाद एक एजेंट और एक आरटीओ कार्यालय कर्मचारी पर केस दर्ज किया है। मंगलवार को दोनों आरोपियों को कोर्ट में विजिलेंस द्वारा पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया गया है। हालांकि विजिलेंस की कार्रवाई अभी भी जारी है और जिसमें अन्य लोगों पर भी कार्रवाई हो सकती है। जेल में बंद रिश्वतखोरी मामले में आरोपियों द्वारा खुलासों के बाद पंजाब के सभी आरटीओ कार्यालयों में कार्रवाई हुई।

### कर्मचारी और एजेंट की डायरी का हिसाब सेम

**विजिलेंस** विभाग के कर्मचारियों ने बीते कल जो आरटीओ कार्यालय से रिकार्ड जब्त किया था उसमें आरोपी आउटसोर्स लोकेश शर्मा की डायरी भी कब्जे में ली गई, जिसके बाद एजेंट शशि कुमार को जब पकड़ा गया तो उससे भी एक डायरी बरामद हुई। विजिलेंस की टीम ने ने दोनों डायरियों को जब चेक किया तो उसमें दोनों ने एक जैसा रिश्वतखोरी का लेनदेन दर्ज कर रखा था। आरोपी डेटा एंट्री आपरेटर लोकेश शर्मा की डायरी में दो पुरुष कर्मचारी समेत एक महिला कर्मचारी हिस्सेदार का नाम लिखा था। महिला को छोड़ विजिलेंस ने बाकी सभी को हिरासत में लिया। वहीं, बाहरी एजेंट शशि शर्मा की डायरी में भी यही हिसाब लिखा था कि किसको कितने पैसे दिए। लोकेश पिछले करीब 10 सालों से आरटीओ कार्यालय में कार्यरत था।

**दंगल** | एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने धुम्मू शाह मेले में दंगल का किया शुभारंभ, कहा-

# रेसलिंग में भारत का दुनियाभर में नाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बुधवार को दाड़ी में धूम्मू शाह मेले के दूसरे दिन भराड़ी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ दंगल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि भारत में कुश्ती की शुरुआत एक व्यायाम के रूप में हुई, लेकिन यह पेशेवर खेल के रूप में उभरा है, जो भारत को इंटरनेशनल लेवल पर शौहरत दिला रहा है।

उन्होंने कहा कि खेलें जीवन को स्वस्थ रखने में अहम योगदान देती हैं तथा युवा पीढ़ी को इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि नशे से दूर रहकर समाज निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भी नशे पर अंकुश लगाने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रही है।

इससे पहले मेला अधिकारी एसडीएम संजीव भोट ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए धुम्मू शाह मेले आयोजन को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मेले के आयोजन में आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

# निष्कासन को लेकर पेंशनर्स एसोसिएशन में घमासान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्ज वेल्फेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिला कांगड़ा के धर्मशाला में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि आत्मा राम शर्मा सहित अन्य कुछ जिलों के पदाधिकारियों ने सोलन में गुपचुप तरीके से बैठक की थी। इसमें कांगड़ा के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर के खिलाफ असंवैधानिक कार्रवाई की गई है।

कांगड़ा के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि सोलन के कुनिहार में एक बैठक की गई। इसमें आठ से नौ जिलों सहित प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष को नहीं बुलाया गया। इसमें गलत कार्रवाई करते हुए छह लोगों को निष्कासित कर दिया। जबकि 27 मार्च को प्रदेश कार्यकारणी का कार्यकाल खत्म हो चुका है, जबकि 30 मार्च तक चुनाव होने थे। अब उन्होंने अपने अध्यक्ष पद को बचाने के लिए निष्कासन का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि शिमला जिला के चुनाव नहीं हुए हैं, ऐसे में वह न जिला और न ही राज्य के अध्यक्ष है। सुरेश ठाकुर ने कहा कि शिमला के पदाधिकारियों को भी निष्कासित किया गया है। जबकि उनके कार्य अब अधिकृत नहीं है। ऐसे में उन्होंने किस आधार पर उक्त निर्णय लिया है, इस संबंध में न्यायालय में भी चुनौती देंगे।

ALPHA PUBLIC HIGH SCHOOL, KHAROUTH
VACANCY POSITION
Sanskrit Teacher-01 with Experience
TGT (M&NM)-01 Each with TET
JBT - 02 with TET
Result Oriented School
Admission Open
PAROUR TEHSIL PALAMPUR, DISTT. KANGRA (H.P.)
Call us: 9805040177, e-mail: ajaysharma281972@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### रामपुर में 40 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** स्थानीय सामाजिक संगठन डीजे नेशन ने आईटीआई रचोली में एक आपातकालीन रक्तदान शिविर का आयोजन किया। युवाओं ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह पहल खनेरी अस्पताल में रक्त की कमी को देखते हुए की गई, जहां हाल ही में स्टाफ की कमी और उपकरणों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आईटीआई रचोली के स्टाफ ने इस शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके लिए डीजे नेशन ने उनका आभार व्यक्त किया है। संगठन ने स्थानीय समुदाय से भविष्य में भी ऐसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

### कल चौड़ा मैदान तक निकाली जाएगी पदयात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की हिमाचल से संबंधित स्वायत्त निकाय नेहरू युवा केंद्र संगठन भारत रत्न भीम राव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय पद यात्रा का आयोजन कर रहा है। नेहरू युवा केंद्र संगठन की राज्य निदेशक ईरा प्रभात ने बताया कि यह पद यात्रा अंबेडकर चौक चौड़ा मैदान, शिमला में आयोजित की जाएगी। यह भारतीय संविधान के निर्माता को याद करने का अवसर है, जिन्होंने दुनिया के सबसे बड़े संविधानों में से एक लिखा। 11 अप्रैल को आईटीआई शिमला से चौड़ा मैदान तक पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। अंबेडकर जयंती के अवसर पर शपथ, प्रस्तावना वाचन और अन्य गतिविधियाँ होंगी। विभिन्न संस्थानों के स्वयंसेवक इस पद यात्रा में भाग लेंगे। यह पदयात्रा देश के प्रत्येक राज्य की राजधानी में आयोजित की जाएगी।

### चौपाल से बने अधिक भाजपा सक्रिय सदस्य

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** भाजपा विधानसभा चौपाल का सक्रिय सदस्य सम्मेलन कंवर काम्पलैक्स नेरवा में मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्यतिथि के रूप में प्रदेश मीडिया सहप्रभारी प्यार सिंह कंवर उपस्थित रहे। सम्मेलन मे चौपाल के विधायक बलबीर वर्मा और पूर्व विधायद डॉ. सुभाष मंगलेट भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में सभी सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया व मुख्यतिथि प्यार सिंह कंवर ने सभी सक्रिय सदस्यों का सदस्यता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया व पार्टी के राष्ट्रवादी विचार पर प्रकाश डाला। विधायक बलबीर वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का आधार स्तंभ है और उनके अथक प्रयासों से ही चौपाल, नेरवा और कुपवी की सदस्यता पूरे जिला शिमला में सबसे अधिक हुई है जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। सम्मेलन में सबसे ज्यादा सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया जिसमें विधायक बलबीर वर्मा ने 1500 सदस्य तथा डॉ. सुभाष मंगलेट ने 547 सक्रिय सदस्यता करवाई है। बैठक मे पूर्व विधायक सुभाष सुभाष चन्द मंगलेट ने भी पार्टी के सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सभी कार्यकर्ताओंका आभार प्रकट किया। सम्मेलन में पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र तंगड़ाईक, मंगतराम शर्मा, कुपवी मंडल अध्यक्ष श्याम धीरटा, विक्रम शर्मा, किशोरी शर्मा, गुलाब रमचाईक, प्रदीप समटा, जिला परिषद सदस्य नीमा जस्टा, चतर कलेट, पदम शर्मा, देवदत्त शर्मा, नीलम कुमारी, यशवंती मेहता, रितु राठौर आदि सभी सक्रिय कार्यकर्तायों ने भाग लिया।

### बसंतपुर में सिखाए आपदा से निपटने के गुर

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** विकास खंड बसंतपुर की ग्राम पंचायत बसंतपुर, शकरोड़ी, घरयाना तथा जूणी में आपदा प्रबंधन पर जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत समिति हाल बसंतपुर में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में गृह रक्षा तृतीय वाहिनी शिमला के कंपनी कमांडर महेंद्र सिंह द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। शिविर के दौरान स्वयं सहायता समूह जनप्रतिनिधियों, महिला मंडल व युवक मंडल के सदस्यों को आपदा के समय बचाव कार्य करने के गुर सिखाए गए। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों ने आपदा से बचाव, प्राथमिक चिकित्सा, आग से बचाव की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान समस्त प्रतिभागियों को भविष्य में किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय जनता को जागरूक करवाने बारे भी जानकारी दी गई। उपस्थित प्रतिभागियों को खंड विकास अधिकारी बसंतपुर द्वारा पहचान पत्र भी वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 50 प्रतिभागियों ने जानकारियां प्राप्त की।

# बागवानी के लिए 64.90 करोड़ मंजूर

## एक्शन प्लान तैयार, बागवानों को योजनाओं का सीधा लाभ मिले: उपायुक्त

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**जिला** शिमला में मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 64 करोड़ 90 लाख रुपए के एक्शन प्लान को मंजूरी दी गई है। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में बुधवार को यहां आयोजित एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत गठित जिला मिशन समिति की बैठक में प्लान को दी गई है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में मुख्यत: बागवानी की जाती है और यहां पर लोगों की आजीविका का मुख्य साधन भी बागवानी है। ऐसे में उद्यान विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ बागवानों को सीधे तौर पर मिलना चाहिए। सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए विभाग सक्रियता से कार्य करें ताकि बागवानों की आय में वृद्धि हो सके। (अनंत ज्ञान)



### लंबित योजनाओं को पूरा करने के निर्देश

**उपायुक्त** ने कहा कि विभाग लंबित योजनाओं को इस वित्तीय वर्ष में पूरा करें। सभी खंडों में एक समान कार्य प्रणाली को विकसित किया जाए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी खंड विशेष में ही योजनाओं को लागू किया जाए।

### शोध व प्रशिक्षण पर करें कार्य

**उपायुक्त** ने कहा कि विभाग शोध और प्रशिक्षण पर अधिक कार्य करें। तकनीक के दौर में शोध से बेहतर फसल की प्राप्ति हो सकती है और कम मेहनत में ज्यादा मुनाफा कमाया जा सकता है।

# कोटखाई में कार से 54 ग्राम हेरोइन बरामद, दंपती सहित तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**शिमला** जिला के कोटखाई थाना क्षेत्र में पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक मामले का खुलासा करते हुए दंपती समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी एक कार में सफर कर रहे थे और उनके साथ एक छोटा बच्चा भी था। पुलिस ने कार से 54.420 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह कार्रवाई मंगलवार देर शाम कोटखाई थाना पुलिस द्वारा हुल्ली ब्रिज पर की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की अर्टिगा कार (नंबर पीबी01 ई -9829) चिट्टे की खेप के साथ कोटखाई की ओर आ रही है। सूचना मिलते ही कोटखाई थाना प्रभारी अंकुश ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके में नाकाबंदी की और हुल्ली ब्रिज पर उक्त गाड़ी को रोक लिया। कार में दो पुरुष और एक महिला सवार थे। महिला के साथ उसकी गोद में एक छोटा बच्चा भी था। तलाशी लेने पर गाड़ी से चिट्टा बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 19 वर्षीय अभिषेक मेहरा निवासी ऊधमसिंहनगर, उत्तराखंड, 24 वर्षीय रोबिन सिंह निवासी मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश और उसकी 23 वर्षीय पत्नी शबाना के रूप में हुई है। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बुधवार को बताया कि तीनों को गिरफ्तार कर कोटखाई थाना लाया गया, जहां मामला दर्ज कर लिया गया है।

### पुलिस कर रही जांच

**पुलिस** ने कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है और इस तस्करी से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। शिमला पुलिस पिछले कुछ समय में चिट्टा तस्करी में संलिप्त कई गिरोहों का पर्दाफाश कर चुकी है। इनमें रोहड़ू क्षेत्र में सक्रिय शाही महात्मा गिरोह, कोटखाई का रंजन गिरोह, रामपुर का राधे गिरोह और सन्दीप शाह व गुरमीत जैसे तस्कर शामिल हैं।

## सनबीम इंटरनेशनल स्कूल जुब्बल में छात्र परिषद का गठन

# स्वरित को हेड ब्वॉय व एंजल को चुना हेड गर्ल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुब्बल**



**सनबीम** इंटरनेशनल स्कूल जुब्बल ने नई छात्र परिषद के गठन के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूल के संस्थापक रजत चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समारोह का शुभारंभ चार सदन इरिडिया, प्लेटिनिया, औरिया और रोडिया के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट के साथ हुआ। जिसके बाद शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम में मौजूद सभी शिक्षकों, छात्रों व गणमान्य लोगों ने उन्हें सौंपे गए कर्तव्यों को ईमानदारी व दक्षता के साथ पूरा करने का संकल्प लिया।

कक्षा दसवीं के स्वरित घमटा व एंजल चौहान ने चुने हुए हेड ब्वॉय एवं हेड गर्ल के रूप में छात्र परिषद का नेतृत्व किया। इसके साथ ही वैभव पठानिया व दिव्या शर्मा को डेप्युटी हेड ब्वॉय एवं हेड गर्ल चुना गया। इसके अतिरिक्त कृतिव जागटा को स्कूल का खेल कप्तान नियुक्त किया गया। रूजल मांजटा और आदित्य राठौर को इरिडिया सदन का कप्तान, आरवी ब्रागटा व पार्थ शर्मा को सदन का खेल कप्तान चुना गया।

अन्वीक्षी रांटा एवं शिवोन नरगेटा को प्लेटिनिया सदन का कप्तान, पूर्वी और रौनक ठाकुर को सदन का खेल कप्तान चुना गया। नैतिक चौहान व शिवामि घेजटा को ऑरिया सदन का कप्तान, वंशिका सौम्टा और आर्थर वन्त को सदन का खेल कप्तान चुना गया। सुहानी शर्मा व अनव चौहान को रोडिया सदन का कप्तान, मिष्ठा छाजटा और नमन शर्मा को सदन का खेल कप्तान चुना गया। इसके अतिरिक्त कक्षा दसवीं के वंशुल पोशेट सीनियर प्रीफेक्ट और कक्षा पांचवी की सायशा रथटा को जूनियर प्रीफेक्ट के रूप में चुना गया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा से क्लास मॉनिटर, कम्युनिकेशन इंचार्ज, डिसिप्लिन इंचार्ज व स्मार्ट क्लास इंचार्ज भी चुने गए। स्कूल के संस्थापक रजत चौहान ने सभी चुने हुए सदस्यों को बधाई दी।

# कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में दिया एक लाख करोड़ का लोन: सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाजपा** के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने शिमला एवं कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यता अभियान में भाग लिया। इस दौरान कश्यप ने कहा कि देश में 2014 और उसके बाद मोदी युग का उदय हुआ। 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। 2019 में अपने भ्रष्टाचार मुक्त व विकासात्मक शासन की बदौलत फिर से भारी बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में रिकॉर्ड एक लाख करोड़ का लोन लिया गया, विमल नेगी की रहस्यमयी मृत्यु हुई, चंबा हत्याकांड हुआ, पानी महंगा हुआ, वॉटर सेस लागू हुआ, बसों में सफर महंगा हुआ। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बेरोजगार रोजगार का इंतजार करते रहे, महिला अपने 1500 रुपए का इंतजार करती रही, पर वर्तमान कांग्रेस सरकार में जनहित में कुछ नहीं किया केवल मात्र जाने विरोधी निर्णय ही लिए। सम्मेलन में संजय सूद, कर्ण नंदा, रमा ठाकुर, संजीव देश्ता, कमलजीत सूद, केशव चौहान, कपिल सूद, सुमन सूद, सपना कश्यप, गणेश दत्त, बलाल अहमद, संजीव चौहान, राजीव पंडित और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक दल भाजपा: संजीव

**भाजपा** शिमला ग्रामीण मंडल का सक्रिय सदस्यता अभियान दीपकमल चक्कर शिमला में संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ शिमला ग्रामीण से चुनाव लड़े प्रत्याशी रवि मेहता उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संजीव कटवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक दल है, ना कि कांग्रेस पार्टी की तरह परिवार आधारित राजनीतिक दल। भाजपा की शक्ति उसका कार्यकर्ता है जो दिन-रात काम करके पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है।

# सीर खड्ड में फैल रही गंदगी से पेयजल परियोजनाओं पर मंडराने लगा खतरा

**गोपाल कपिल, झंडूता**



घुमारवीं और झंडूता की जीवनदायिनी मानी जाने वाली सीर खड्ड इन दिनों जल जनित रोगों का खतरा बढ़ा रही है। खड्ड के किनारे प्रवासी मजदूरों द्वारा खुले में शौच, स्नान और कपड़े धोने से पानी में लगातार गंदगी घुल रही है। यह वही सीर खड्ड है, जिससे घुमारवीं क्षेत्र के साथ साथ झंडूता की दर्जनों पेयजल योजनाएं जुड़ी हैं और हजारों लोगों की प्यास बुझाई जाती है। बावजूद इसके न तो प्रशासन और न ही नगर परिषद घुमारवीं कोई ठोस कार्रवाई करती नजर आ रही है।

घुमारवीं पुल के पास प्रवासी मजदूर लगातार खड्ड में स्नान कर रहे हैं और खुले में शौच कर रहे हैं। यही नहीं, खड्ड के किनारे गंदगी और कचरा जमा हो रहा है, जिससे पानी दूषित हो रहा है। इस पानी के जरिए ही सुन्हाणी, मोडथल, झंडूता, अमरोहा, समोह, अमरपुर, भवा खाला, गहरा और बड़ागांव जैसे गांवों में पेयजल पहुंचता है। पानी में मिल रही गंदगी से संक्रमण और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रवासी मजदूरों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। यदि समय रहते कोई कदम नहीं उठाया गया तो यह लापरवाही घुमारवीं और झंडूता की आम जनता पर भारी पड़ सकती है। जरूरत इस बात की है कि प्रशासन और नगर परिषद मिलकर प्रवासी मजदूरों के लिए उचित शौचालय और स्नान की व्यवस्था करे और सीर खड्ड की स्वच्छता सुनिश्चित करे। पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच भी की जानी चाहिए ताकि आमजन सुरक्षित पेयजल प्राप्त कर सकें। (अनंत ज्ञान)

### होटल के कर्मचारी पर आधी रात को हमला

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** गांव बैहना जट्टां में होटल बिफोर यू में काम कर रहे युवक पर बीती रात जानलेवा हमला हुआ। शिकायतकर्ता हेम राज शर्मा ने थाना झंडूता में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 8 अप्रैल की रात करीब 2:45 बजे राहुल पुत्र मनोज शौच के लिए बाहर निकला, तभी अतिथि देवो भव ढाबा का मालिक, उसकी पत्नी और 4-5 अन्य लोगों ने लाठी-डंडों और हथियारों से उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर अन्य वर्कर पहुंचे और राहुल को बचाया गया। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपियों की गाड़ी एचपी 69 4351 मौके पर देखी गई। वहीं, थाना प्रभारी झंडुता जगदीश कुमार ने कहा के मामले की छानबीन की जा रही है तथा पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 126(2), 115(2), 351(2), 3(5) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अनावश्यक मसलों पर वक्तव्य न दें भाजपाई: संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार की पक्षपात की नीति के कारण हिमाचल प्रदेश से सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। बावजूद इसके हिमाचल प्रदेश की जनता द्वारा चुनी गई सशक्त एवं मजबूत कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर शिद्दत से डटी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कारण महंगाई चरम पर जा रही है, लेकिन इस बारे में भाजपा नेता कोई जिक्र तक नहीं करते। प्रदेश के भाजपा नेताओं के हाथ से जब से सता गई है, उन्हें केवल वापसी की छटपटाहट है। आए दिन अनर्गल बयानबाजी और अनावश्यक मसलों पर सरकार को घेरने के प्रयास दर्शाते हैं कि भाजपा नेता अभी तक इस हार को पचा नहीं पाए हैं। सत्ता से बाहर रहने से दिमागी संतुलन खो बैठे भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने हिमाचल की स्थिर, टिकाऊ और मजबूत सरकार को गिराने की हर नाकाम कोशिश की है लेकिन इन्हें मुंह की खानी पड़ी है। वर्तमान परिपेक्ष्य में मुद्दा विहीन हो चुकी भाजपा के पास कोई मुद्दा शेष नहीं है। इसके विपरीत कांग्रेस सरकार के निर्णयों से हर विभाग में गुणात्मक सुधार लाने के लिए जटिल प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार हर विभाग में व्यापक सुधार के लिए दिन रात प्रयास कर रही है, यह भी भाजपा को हजम नहीं हो पा रहा है।

### ब्वॉयज स्कूल बिलासपुर में आयोजित होगा हिमाचल दिवस का जिलास्तरीय समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल दिवस का जिलास्तरीय समारोह 15 अप्रैल को छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर के परिसर में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उपायुक्त ने बताया कि हिमाचल दिवस के अवसर पर मुख्यातिथि सर्वप्रथम चंगर स्थित शहीद स्मारक में माल्यार्पण कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे इसके उपरांत छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परिसर में ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली जाएगी। परेड में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी (नेवल विंग) तथा होमगार्ड बैंड की टुकड़ियां भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही स्थानीय विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जो समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने विशेष रूप से पुलिस, लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत, नगर परिषद, बागवानी, भाषा एवं संस्कृति, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा सैनिक कल्याण विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी अभिषेक गर्ग, सहायक आयुक्त नरेंद्र कुमार अहलूवालिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### क्रिसेंट स्कूल में मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त के निर्देशानुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य उपेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से आए स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना वर्ष 1948 में की गई थी और तब से प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस हर साल एक नई थीम के साथ मनाया जाता है, जो उस समय की वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों को उजागर करता है। इस वर्ष 2025 की थीम 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' रखी गई है, जो माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर केंद्रित है। इस थीम का उद्देश्य प्रेगनेंसी, डिलीवरी और पोस्टपार्टम केयर के दौरान उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। श्री कौशल ने बताया कि पूर्ण स्वास्थ्य का अर्थ केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ होना है। उन्होंने यह भी समझाया कि गर्भवती माताओं और उनके शिशुओं की सही देखभाल से शिशु व मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है।

### मुआवजा नहीं मिलने पर लोगों का धरना जारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** भानुपल्ली-बैरी रेल लाइन पर बध्यात में बन रही टनल के बाहर धरना दे रहे लोगों के साथ प्रशासन और कंपनी के अधिकारियों से हुई बातचीत के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला है। क्षतिग्रस्त हुए घरों का मुआवजा नहीं मिलने गुस्साए लोगों ने चौथे दिन भी धरने को जारी रखते हुए टनल का काम नहीं होने दिया। लोगों ने कहा कि जब तक प्रशासन और कंपनी की ओर से धरातल पर कोई कार्रवाई होती हुई नजर नहीं आती है तब तक वह धरने से नहीं हटेंगे। नोग और बध्यात गांव के लोग बुधवार सुबह निर्माणाधीन टनल नंबर-17 के बाहर फिर धरने पर बैठे। दोपहर को कंपनी के अधिकारी और तहसीलदार सदर मौके पर पहुंचे। धरना दे रहे लोगों से मामले को लेकर वार्ता शुरू की गई। मौके पर मौजूद जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा और ओयल पंचायत के प्रधान दिनेश कुमार ने भी लोगों का पक्ष कंपनी के अधिकारी के समक्ष रखा। कंपनी के अधिकारी क्षतिग्रस्त हुए मकानों की रिपोर्ट बनाने के लिए 10 दिन समय मांगते रहे, लेकिन लोगों ने कहा कि करीब छह माह पहले भी वह इन्हीं मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। तब भी उन्हें ऐसे ही आश्वासन मिले थे। इस बार उन्हें धरातल पर कार्रवाई चाहिए। कोई भी सहमति नहीं बनने के बाद कंपनी और प्रशासनिक अधिकारी मौके से चले गए। इसके बाद ग्रामीण फिर से धरने पर बैठे गए।

### 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** निदेशालय महिला एव बाल विकास हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से मंत्रालय महिला एवं बाल विकास भारत सरकार के अंतर्गत पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इस साल के पोषण पखवाड़े में चार प्रमुख विषयों पर जोर दिया जाएगा। पोषण अभियान इन दिनों को 'जादुई काल' मानता है और माताओं को संतुलित आहार, उचित देखभाल और स्तनपान के लिए प्रेरित करता है।

# कोटधार नलवाड़ मेले को जिला स्तरीय बनाने पर किया मंथन



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

प्राचीन शिव मंदिर लग दयो के प्रांगण में कोटधार नलवाड़ मेले की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मेला समिति के प्रधान कैप्टन ज्ञानचंद ने की। बैठक में मेले के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा मेले के आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में आगामी वर्षों में मेले को और अधिक भव्य और आकर्षक बनाने के सुझाव भी रखे गए। मेला समिति के संस्थापक एवं महासचिव अमरनाथ धीमान ने तीन दिवसीय मेले को सफल बनाने में सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, इलाका वासियों, सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों, पूर्व सैनिकों, महिला मंडलों और विभिन्न विभागों का दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से यह मेला दिन प्रतिदिन और अधिक लोकप्रिय बनता जा रहा है। इस बार मेले की स्मारिका का प्रथम संस्करण भी प्रकाशित किया गया, जिसमें क्षेत्र की प्रमुख गतिविधियों और जानकारी को स्थान दिया गया। मेले में व्यापारिक वर्ग, स्थानीय कलाकारों, स्कूली बच्चों, महिला मंडलों और स्टार कलाकारों की सहभागिता ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। अमरनाथ धीमान ने कहा कि छिंज, मेले और त्योहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और नई पीढ़ी को इससे जोड़ना हमारा नैतिक दायित्व है। ऐसे आयोजन युवाओं में आपसी भाईचारा, सहयोग और समरसता की भावना का संचार करते हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले वर्षों में मेले को जिला एवं राज्य स्तरीय दर्जा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के उपप्रधान सूबेदार सुनील शर्मा, वित्त सचिव अनिल कुमार, सलाहकार रामकिशन धीमान, सदस्य सतीश कुमार, माया देवी, सुमन कुमारी, नैना देवी व अन्य उपस्थित रहे।

**आश्वासन** कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने सुनहानी के गांव डूहक में हुए कार्यक्रम में की शिरकत, बोले-

# क्षेत्र के लोगों को जल्द मिलेगी सड़क सुविधा

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत सुनहानी के गांव डूहक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय लोगों की ओर से विवेक कुमार को सम्मानित किया गया साथ ही स्वागत भी किया गया। इस कार्यक्रम में विवेक कुमार ने कहा कि स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की ओर से सड़क समस्या उनके पास रखी थी, जिसके चलते इस सड़क के लिए करीब पांच लाख रुपए की राशि स्वीकृत करवाई गई है, जल्द ही लोगों को सड़क सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास ही उनकी प्राथमिकता है। वहीं लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की ओर से बिजली पानी सड़क सुविधा की जो समस्या है उनके समक्ष रखी जा रही हैं, उनका समस्या का समाधान किया जा रहा है। ताकि लोगों को सुविधा मिल सके उन्होंने कहा कि उनके पास वर्तमान में कोई भी विधायक निधि नहीं है अन्यथा विकास कार्य इससे भी अधिक हो सकते थे। वहीं स्थानीय विधायक की ओर से विकास विधायक निधि को खर्च नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग अन्य समस्याएं भी रखेंगे तो उनका भी समाधान किया जाएगा। वहीं इस मौके पर उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि लोग प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि अधिकतर पाया जाता है कि लोगों को सरकारी योजनाओं का की जानकारी नहीं होने के चलते योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि लोग उन्हें इस बारे में अवगत करवाए। ताकि योजनाएं लोगों तक पहुंचाई जा सके। साथ ही इस मौके पर विवेक कुमार ने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से यहां पर सरकारी विभागों के योजनाओं को लेकर शिविर भी आयोजित किया जा सकते हैं। लेकिन इसके लिए लोगों की ओर से डिमांड किया जाना आवश्यक है। ताकि संबंधित विभागों को इस तरह के शिविरों के आयोजन को लेकर बातचीत की जा सके। वही इस मौके पर तहसीलदार सुरजन सिंह, उप प्रधान विक्रम परमार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज राणा, प्रदेश सचिव शिवम शर्मा, रामपाल, प्रकाश, अनिल, धीरज सिंह, भूपिंदर कुमार, अंकुश परमार, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नॉन-टीचिंग स्टाफ को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के 55वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर जिला चंबा में आभार कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। प्रदेश अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर (टोनी) के निर्देशानुसार नॉन-टीचिंग स्टाफ को उनके अमूल्य योगदान के लिए बैज और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखते हुए सभी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष कमल ठाकुर (लिलह), पूर्व उपाध्यक्ष शुभम राजपूत, शोएब, पंकज, पूर्व महासचिव हरविंद्र सिंह, नरेंद्र, योगराज सहित एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आज क्षेत्रीय कार्यालय चंबा में सरकारी कोटे की दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया का आयोजन किया गया, जिसमें भंजराडू बस स्टैंड क्षेत्र में उपलब्ध दुकानों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षित कोटा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को स्वीकार किया गया। यह प्रक्रिया बुधवार दोपहर 12:30 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक संपन्न हुई, जिसमें कुल 21 आवेदक उपस्थित हुए और उनके दस्तावेजों की विधिवत जांच-पड़ताल की गई। यह आरक्षण नीति सरकार द्वारा कमजोर वर्गों को आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें स्वरोजगार के अवसर देने की दिशा में किया जा रहा एक सशक्त प्रयास है।

### डलहौजी में बिजली बोर्ड पेंशनर्स ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम डलहौजी इकाई की बैठक अध्यक्ष विपिन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर बैठक में विशेष रूप से उपस्थित बिजली बोर्ड पेंशनर फोरम के प्रदेश मुख्य संगठन सचिन नरसिंह रावत ने कहा कि बोर्ड प्रबंधन की गलत नीतियों के चलते पेंशन को जहां उनकी सेवानिवृत्ति में ग्रेच्युटी लीव एनकैशमेंट कम्युनिकेशन 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाई है व संशोधित वेतन मानव के आधार पर मिलने वाली बकाया राशि के लिए जारी किए गए सरकारी आदेशों का अनुपालन भी नहीं हो रहा है। रावत ने कहा कि ओपीएस लागू करना सरकार का पहला वादा था उसमें भी सरकार ने भेदभाव किया है। बोर्ड सहित नियमों में ओपीएस लागू नहीं किया है जबकि अपने वेतन में विधायकों ने बेतहाशा वृद्धि की है। जहां सरकार को आर्थिक तंगी नजर नहीं आई। इस मौके पर आत्माराम शर्मा जिला प्रधान, विपिन कुमार इकाई प्रधान, नेकराम इकाई सचिव, योगराज वित्त सचिव तथा अन्य साथियों ने अपने-अपने विचार सांझा किया।

### सीटू प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा 13 सूत्री मांग पत्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सीटू से सबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन ने बुधवार को राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर को बोर्ड सदस्य एवं यूनियन महासचिव भुपेंद्र सिंह के नेतृत्व में हमीरपुर में स्थापित बोर्ड के राज्य कार्यालय में 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर कश्मीर सिंह ठाकुर, निर्माण फेडरेशन के राज्य अध्यक्ष जोगिंद्र कुमार, रंजन शर्मा, प्रताप राणा, विजय कुमार, कमलजीत इत्यादि शामिल हुए। मांग पत्र में पिछले चार साल की रुकी हुई वित्तिय सहायता जल्दी जारी करने और उसके लिए इकेवाईसी की शर्त हटाने तथा पुराने आवेदनों पर लगाये जा रहे गैर कानूनी अब्जेक्शनों पर रोक लगाने की मांग की गई। 31 मार्च को समाप्त हुए शैक्षणिक सत्र की छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र 30 अप्रैल तक जमा करने तथा ये सभी आवेदन बिना इकेवाईसी के कार्यालयों में जमा करने की मांग की गई।

### सरकार की उदासीनता पर जताया गहरा रोष

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर के सभागार में संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लिया। महासचिव रमेश पठानिया ने सभी पेंशनरों के आगमन पर आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रधान नेक राम शास्त्री ने सरकार की पेंशनरों के प्रति उदासीनता पर गहरा खेद जताते हुए कहा कि हर माह पेंशनरों की व्यक्तिगत मांगों एवं समस्याओं को लेकर प्रयास किए जाते हैं, परंतु सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा दो वर्ष के भीतर लंबित मांगें पूरी करने के वादे की याद दिलाते हुए कहा कि अब तो अढ़ाई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन वेतन संशोधन की बकाया राशि का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। बैठक में दान सिंह, प्रकाश वर्मा, बेली राम वर्मा सहित बलदेव ठाकुर, शरद सिंह ठाकुर, रघुवीर सिंह, गोपाल दास, श्याम सिंह, भगत राम वर्मा, तेज मल ठाकुर, गुरदेव सिंह, सोहन सिंह, चरणदास, प्रेम सिंह ठाकुर, वीरी सिंह, भीम सिंह, चमेल सिंह ठाकुर, कर्ण सिंह, हरदेव सिंह राणा, आर.एस. कटोच, बशाखू राम, केवल कृष्ण दत्ता, नरेंद्र सिंह ठाकुर, गोपाल चंद, प्रकाश चंद, प्रभात सिंह राठौर, श्याम सिंह बल्याणी, शम्भू राम जसवाल, नसीब सिंह राणा, शेर सिंह, रत्न चंद ठाकुर, दुनी चंद, ज्ञान सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

#### ग्रामीण विकास विभाग की कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक में बोले उपायुक्त

# मनरेगा के तहत खर्चे 355 करोड़

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जिला में लगभग 355 करोड़ की राशि विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर व्यय की गई। उपायुक्त ने मनरेगा के तहत जिले में टिकाऊ परिसंपत्तियों (सस्टेनेबल असेट्स) के निर्माण कार्यों को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

मुकेश रेपसवाल बुधवार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा को लेकर खंड विकास अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान मनरेगा के तहत जिला में 355 करोड़ की राशि विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर व्यय की गई।

इसके अंतर्गत 146251 जॉब कार्ड जारी किए गए तथा 7057308 मानव दिवस सृजित किए गए। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य से अधिक उपलब्धियां अर्जित करने पर ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के प्रयासों की भी सराहना की। मुकेश रेपसवाल ने निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता को सुनिश्चित बनाने के लिए खंड विकास अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए सप्ताह में 2 दिन पंचायत स्तर पर कार्यों का निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सक्सेस स्टोरीज तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड में स्थानीय पंचायती राज कर्मियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा जवाबदेही के साथ कार्य व्यवस्था सुनिश्चित बनाई जाए तथा नकारात्मक रवैये से जुड़ी घटनाओं को भी पूरी तरह रोका जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, प्रबंधक लीड बैंक डीसी चौहान, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी योजना जीवन कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास कमल किशोर, अर्थशास्त्री जिला विकास विनोद कुमार सहित कई मौजूद रहे।

#### लंबित कार्यों की राशि को करें वापस: मुकेश

**मुकेश** रेपसवाल ने सभी खंड विकास अधिकारियों को जिला योजना मद तथा आपदा प्रबंधन के तहत संपूर्ण कार्यों के उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रेषित करने व लंबित कार्यों की राशि को वापस करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा अभिसरण के साथ आंगनबाड़ी भवन निर्माण से संबंधित कार्यों की समीक्षा करने के साथ ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की भी प्रगति की समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## चिल्ड्रन पार्क का सौंदर्यीकरण व झूलों की करें मरम्मत: नैय्यर



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**नगर** के प्रतिष्ठित सार्वजनिक स्थल चौगान नंबर-4 स्थित चिल्ड्रन पार्क का विधायक नीरज नैय्यर की उपस्थिति में औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में एसडीएम चंबा, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी, एसडीओ, जेई और संबंधित वार्ड पार्षद भी उपस्थित रहे।

इस दौरान विधायक ने पार्क की जमीनी स्थिति का गंभीरता से जायजा लिया और मौके पर ही अधिकारियों को झूलों की शीघ्र मरम्मत, पार्क के सौंदर्यीकरण और सुरक्षा उपायों की सुदृढ़ता के लिए त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को आदेश दिए कि जल्द से जल्द झूलों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाए, जिससे चंबा के बच्चों को सुरक्षित और सुंदर मनोरंजन स्थल मिल सके।

विधायक ने कहा कि बच्चों की सुविधा और खुशहाली सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, और ऐसे सार्वजनिक स्थलों को सुव्यवस्थित बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# राजिल व्यास के 29 वर्षों के अनुभव से चमेरा-III पावर स्टेशन को मिली उड़ान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**एनएचपीसी** लिमिटेड भारत सरकार की प्रतिष्ठित नवरत्न कंपनी के चमेरा-III पावर स्टेशन, धरवाला, जिला चंबा में एक नया स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है। 8 फरवरी, 2025 को जब 29 वर्षों के अनुभव के साथ राजिल व्यास ने पावर स्टेशन प्रमुख का कार्यभार संभाला, तो पूरी टीम को एक अनुभवी, दूरदर्शी और समर्पित नेतृत्व प्राप्त हुआ।

व्यास सिर्फ एक वरिष्ठ अधिकारी नहीं, बल्कि जलशक्ति के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक समय तक अपनी सेवाओं से देश को ऊर्जावान बनाने वाले एक प्रेरक व्यक्तित्व हैं। 25 अप्रैल, 1973 को कानपुर, उत्तर प्रदेश में जन्मे व्यास ने हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कानपूर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 1996 में उन्होंने एनएचपीसी जॉइन किया और तभी से उनका सफर बन गया एक मिशन जलविद्युत से राष्ट्र निर्माण का। उनका करियर उरी (जम्मू-कश्मीर) से एनएचपीसी का सफर शुरू हुआ।

उन्होंने कठोर परिस्थितियों में तकनीकी उत्कष्टता का प्रदर्शन किया। सलाल हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट चिनाब नदी पर आधारित इस परियोजना में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। टनकपुर (उत्तराखंड) जहां जल की शक्ति को विद्युत ऊर्जा में बदलने का उनका अनुभव और दक्षता सामने आई, दुलहस्ती, रंगित (सिक्किम), निम्मो-बाजगो (लेह) और चुटक (कारगिल) जैसी उच्च पर्वतीय व दुर्गम परियोजनाओं में उन्होंने नेतृत्व और तकनीकी संचालन का उत्कृष्ट परिचय दिया। उनकी विशेषज्ञता को देखते हुए उन्हें पुनः टनकपुर परियोजना का प्रमुख नियुक्त किया गया, जहां उन्होंने अपने नेतृत्व से संगठन को नई दिशा दी।

#### सतत विकास की ओर प्रेरित दृष्टिकोण

**व्यास** का लक्ष्य केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं है। वे सस्टेनेबिलिटी, पारदर्शिता और जनकल्याण को हर स्तर पर प्राथमिकता देते हैं। उनके अनुसार, जलविद्युत न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास में भी सहायक है। व्यास चमेरा-III पावर स्टेशन का नेतृत्व कर रहे हैं। उनका मानना है कि जलविद्युत भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की रीढ़ है। यह स्वच्छ है, टिकाऊ है और समाज के व्यापक हित में है। उनके अनुसार जलशक्ति सिर्फ ऊर्जा का स्त्रोत नहीं, बल्कि सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण का भी माध्यम है।

## बैसाखी के दिन खुलेंगे केलंग मंदिर के कपाट: राणा

### एडीएम की अध्यक्षता में बेहतर व्यवस्था के लिए बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



**अतिरिक्त** जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में 13 अप्रैल को बैसाखी के दिन केलंग मंदिर के कपाट खुलने के उपलक्ष्य पर लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम ने समारोह की व्यवस्था के बारे में अधिकारियों व कार्तिक सेवा दल भरमौर के प्रतिनिधियों से विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को हड़सर से लेकर कुगति सड़क मार्ग और कुगति से केलंग मंदिर के पैदल रास्ते की मरम्मत करने व मार्ग में पत्थरों पर चूना लगाने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने यात्रियों के बैठने की सुविधा के लिए मार्ग व मंदिर परिसर में बैंच की उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने कुगति बस स्टैंड, गांव और मंदिर के पास सभी शौचालय का सुचारू संचालन करने को भी कहा। बैठक में उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं उन्हें आवाजाही के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े।

उन्होंने बिजली विभाग को कुगति गांव और केलंग मंदिर में समारोह के दौरान बिजली की उचित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने जल शक्ति विभाग को केलंग मंदिर के लिए पीने के पानी की उचित व्यवस्था व शौचालय को भी पानी की व्यवस्था करने बारे और उन्हें सुचारू रूप से चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारी को 12 अप्रैल से लेकर 13 अप्रैल तक कुगति बस स्टैंड पार्किंग व कुगति गांव और मंदिर में कानून की उचित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने आने वाले श्रद्धालुओं से यह भी अपील की है कि 13 अप्रैल सुबह के समय ही कार्तिक स्वामी मंदिर की ओर प्रस्थान करें व 12 अप्रैल को रात्रि के समय कार्तिक स्वामी मंदिर की ओर प्रस्थान ना करें। उन्होंने कहा कि 12 अप्रैल रात को कुगति गांव में नुवाले का आयोजन भी किया जा रहा हैं, सभी श्रद्धालु नुवाले में हिस्सा जरूर लें। इस समारोह को पर्यटकों के लिए विकसित करने के लिए भी भरपूर प्रयास किए जाएंगे।

## धर्मपुर के प्राथमिक स्कूल में अचानक पहुंचे डीसी देवगन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने धर्मपुर प्रवास के दौरान राजकीय प्राथमिक स्कूल धर्मपुर का औचक निरीक्षण किया। अचानक डीसी को अपने स्कूल में देखकर बच्चे हैरान रह गए। उन्होंने इस दौरान स्कूल में शिक्षा व्यवस्था, मिड-डे मील व बच्चों को प्रदान की जाने वाले विभिन्न मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने स्कूली छात्रों से संवाद भी किया। बच्चे अपने बीच उपायुक्त को पाकर खुश और उत्साहित दिखे। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने तथा अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पेंशन में देरी ने बढ़ाई परेशानियां

### एचआरटीसी पेंशनरों ने सरकार से लगाई न्याय की गुहार

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**हिमाचल** पथ परिवहन निगम सेवानिवृत्ति कल्याण मंच की मासिक बैठक पुराना बस स्टैंड में वरिष्ठ सदस्य ठाकुर दीवान चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा हुई और सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया। बैठक में स्पष्ट किया कि हर महीने की पहली तारीख को मिलने वाली पेंशन 9 अप्रैल तक भी नहीं आई है, जिससे वृद्धावस्था में जीवन यापन कर रहे कर्मचारियों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। मेडिकल बिलों का भुगतान, 2016 के संशोधित वेतनमान का एरियर, और डिए के बकाया जैसे अनेक लंबित मुद्दों पर भी नाराजगी जताई गई।

कल्याण मंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपिंद्र जसरोटिया ने कहा कि आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ इस उम्र में स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। उपाध्यक्ष सरवन शर्मा ने कहा कि जीवन के अंतिम चरण में भी आध्यात्मिक साधना और सकारात्मक सोच से मानसिक शांति प्राप्त की जा सकती है। बैठक में महिला उपाध्यक्ष नारायणी देवी, वरिष्ठ सदस्य जय सिंह, जय चंद, कर्म सिंह, सुखदेव, प्रीतम सिंह, गंगूराम, शराफत अली, गोपाल, बद्रीराम, चेतराम, करम चंद, देवेंद्र कुमार, केसरु राम, राजेंद्र कुमार, अश्विनी कुमार व प्रकाश चंद उपस्थित रहे।

## सरकाघाट अस्पताल में शीघ्र होगी 3 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती: पवन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर ने सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सीएम सुक्खू के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री से भेंट करके पवन ठाकुर ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं से अवगत करवाया। पवन ठाकुर ने कहा कि सीएम ने सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना और उनके अतिशीघ्र निदान करने का भरोसा दिया। सरकाघाट क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा करते हुए नागरिक अस्पताल सरकाघाट में 3 विशेषज्ञ डॉक्टरों को तैनात करने के आदेश डायरेक्टर हेल्थ को दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकाघाट क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पर परिवहन सुविधा की कमी है। वहां पर एचआरटीसी की बस सुविधा लोगों की मांग के अनुसार उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आजकल ग्रामीण क्षेत्र की जनता पशुपालन का कार्य करते है और उन्हें दूध बेचने के लिए उचित मंच नहीं मिल पाता है तो सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के पशुपालकों की इस समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री ने मिलक वैन की सुविधा शुरू करने की घोषणा भी की है।

### सूडोकु नवताल- 7396 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7395 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

10 अप्रैल, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत:** 2082, **शक संवत:** 1947 (विश्वासवसु), **मास:** पूर्णिमांत चैत्र, **तिथि** त्रयोदशी (01:03): **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी (12:25), **पक्षः** शुक्ल, **योग:** वृद्धि (06:57) **शुभ मुहूर्त:** अभीजित (11:57-12:48), **राहुकाल** (101:58-03:33)।

### विशेष दिन

- 10 अप्रैल 2025: श्री महावीर जयंती आज।
- 10 अप्रैल 2025: प्रदोष व्रत आज।

**मेष:** पूर्व नियोजित यात्रा को टालना पड़ सकता है। आज आपको अपने खर्च पर संतुलन बनाना होगा। तनाव और उलझन की स्थिति बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ:** आज किस्मत का साथ मिलेगा। मेहनत के अनुपात में दोगुना लाभ प्राप्त कर सकेंगे। अपना व्यवहार सहयोगात्मक रखें, इससे लोगों से भी सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन:** आज कार्य की व्यस्तता रहेगी, धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और नई तकनीक की जानकारी के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। कुल मिलाकर आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा।

**कर्क:** भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। सावधानी पूर्वक एवं सोच-विचार करके ही काम करें, लाभ मिलेगा। आज अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें।

**सिंह:** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकता है, सचेत होकर कार्य करें। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखकर कोई भी निर्णय लें, भावुकता में लिए गए निर्णय से नुकसान होगा।

**कन्या:** आज आपके विरोधी परास्त होंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं उनकी उपस्थिति आपको प्रसन्न रखेगी। कहीं से पैसा लेना हो तो आज प्रयास कीजिए।

**तुला:** आपकी योग्यता और कार्यक्षमता की तारीफ होगी। आपके सहकर्मी आपसे सीख लेंगे। आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा।

**वृश्चिक:** बीते दिनों की बेचैनी आज शांत हो जाएगी, मन में आंतरिक शांति का अनुभव होगा। आज आपका आधा दिन परोपकार करने में बीतेगा।

**धनु:** खुशी बरकरार रहे इसके लिए सावधान होकर कोई भी काम करें। किसी से वाद-विवाद में न पड़ें, आज क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

**मकर:** नवीन कार्य के सिलसिले में यात्रा कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि का योग है। घर में पत्नी या किसी की तबीयत खराब हो सकती है।

**कुंभ:** आज ग्रहों की चाल से आपको लाभ का मौका मिल रहा है। दिन की शुरुआत धन लाभ से होगी, बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा।

**मीन:** लंबे समय से चली आ रही उलझन से छुटकारा मिलेगा। आलस्य छोड़कर कार्य में जुटे रहें। नौकरी और व्यवसाय में स्थिति आपके अनुकूल रहेगी।

# चमेरा-III बांध के गेट खोलने का निर्णय, लोगों को किया सतर्क

**अनंत ज्ञान, खड़ामुख (चंबा)**

**एनएचपीसी** के चमेरा-III पावर स्टेशन द्वारा एक महत्वपूर्ण तकनीकी प्रक्रिया के तहत 11 अप्रैल की रात 11 बजे से लेकर 14 अप्रैल शाम 5 बजे तक (अनुमानित समय) के दौरान चमेरा-III बांध, खड़ामुख के गेट धीरे-धीरे पूर्ण रूप से खोले जाएंगे। इस प्रक्रिया के चलते रावी नदी के डाउनस्ट्रीम यानी निचले हिस्से में जल स्तर में भारी वृद्धि दर्ज की जाएगी।

परियोजना प्रबंधन ने स्थानीय नागरिकों, पर्यटकों एवं पशुपालकों से अपील की है कि उक्त अवधि के दौरान वे स्वयं अथवा अपने मवेशियों को नदी के किनारे न ले जाएं, क्योंकि नदी में जल स्तर में अचानक बढ़ोतरी संभावित है, जो किसी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

#### रावी नदी के जलस्तर में होगी भारी वृद्धि

प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यह एक निर्धारित तकनीकी प्रक्रिया है, जो बांध के सुचारू संचालन और जल प्रवाह नियंत्रण के लिए आवश्यक है। इस दौरान यदि कोई व्यक्ति या मवेशी खतरे के क्षेत्र में प्रवेश करता है और किसी भी तरह की जान-माल की क्षति होती है, तो चमेरा-III पावर स्टेशन (एनएचपीसी) किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। जनहित में यह चेतावनी जारी करते हुए स्थानीय प्रशासन और परियोजना प्रबंधन ने सभी पंचायतों, ग्रामिणों और यात्रियों से आग्रह किया है कि वे सावधानी बरतें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। सुरक्षा आपकी, सतर्कता हमारी-जल है जीवन, इसका सम्मान करें।


# लोग बरोट के जंगलों में गुच्छियां ढूंढने में व्यस्त

### औषधीय गुणों से भरपूर जंगली गुच्छियां, अभी तक खरीदने के लिए नहीं पहुंचा कोई व्यापारी

**रूपी ठाकुर, बरोट**

**सर्दी** का मौसम समाप्त होते ही छोटाभंगाल घाटी व चौहार घाटी के किसानों के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी खेतीबाड़ी संबंधी कार्य शुरू होने के साथ-साथ घाटियों के जंगलों में औषधीय गुणों से भरपूर जंगली गुच्छियों का सीजन भी शुरू हो गया है।

घाटी के भागमल, डागी राम, दान सिंह, राजकुमार, श्याम लाल आदि ने बताया कि इस वर्ष उनके जंगलों में भारी मात्रा में गुच्छियां पैदा हुई है जिस कारण गुच्छियों के शुरुआती सीजन में ही कुछ मेहनतकश लोगों ने आधा से एक किलोग्राम गुच्छियां इकट्ठी तो कर ली हैं, मगर घाटियों में अभी तक कोई भी व्यापारी गुच्छियों को खरीदने के लिए नहीं पहुंच पा रहे हैं। उनका कहना है कि घाटियों में इस बार बर्फबारी कम होने के चलते बहुत जल्दी ही पिघल गया है, जिस कारण घाटियों की ऊंची-ऊंची चोटियों को छोड़ कर निचले भाग के समूचे जंगलों और आसपास के स्थानों पर गुच्छियों का मिलना संभव हो गया है, जिस करण दोनों घाटियों के लगभग सभी लोग भी जंगलों का रुख कर गुच्छियों को ढूंढने में व्यस्त हो जाएंगे। लोगों को विश्वास है कि उनकी गुच्छियों को खरीदने के लिए व्यापारी उनके गांवों में अवश्य ही आएंगे और उनकी गुच्छियों को सही दाम से खरीद कर उनकी आर्थिकी को अवश्य ही सुधारेंगे। (अनंत ज्ञान)



#### लोग अपनी आर्थिकी कर रहे मजबूत

**घाटियों** के कुछ मेहनतकश किसान कुछ समय अपने खेतों में जाकर खेतीबाड़ी का कार्य करते हैं, वहीं कुछ समय जंगलों का रुख कर गुच्छियां ढूंढ़ने के लिए लगा रहे हैं। एकाएक गुच्छियों की पैदा होने की भनक लगते ही कुछ मेहनतकश लोगों ने जंगलों का रुख कर दिया है। सीजन के दौरान दुर्गम इलाकों में गुच्छियों को इकट्ठा करने का भारी क्रेज रहता है। यह एक परंपरा ही नहीं बल्कि कई लोग वर्षभर के लिए अपनी आर्थिकी को भी मजबूत कर लेते हैं, वहीं कई धनाढ्य लोग इन गुच्छियों को जंगलों से एकत्रित कर औषधीय गुणों वाली इस सब्जी को बेचने के बजाय स्वयं ही खाने में प्रयोग करते हैं। इस वर्ष एक ओर गुच्छियों की पैदावार को लेकर मौसम अनुकूल प्रतीत हो रहा है उससे पूरी उम्मीद जगी है कि गुच्छियां बाहुल्य क्षेत्रों में बंपर होगी।

## पशुओं से सड़कों को दिलाएं मुक्ति

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** लोगों के द्वारा बार-बार मांग करने के बावजूद मंडी नगर निगम बेसहारा पशुओं को सड़क से हटाने में नाकाम रहा है। निगम के वार्ड गुटकर और दौधी में सैकड़ों पशु सड़कों पर बेसहारा घूमते देखे जा सकते हैं। वाहन चालकों के लिए ये पशु हर वक्त जान के लिए खतरा बने हैं। अनकों वाहन दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। बेसहारा देखकर इन पशुओं के साथ लोगों द्वारा क्रूरता का व्यवहार किया जा रहा है। यह कानूनन गलत है। उल्लेखनीय है कि साल 2015 में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय शिमला द्वारा आदेश पारित किए थे कि संबंधित जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जिलों में एक महीने के अंदर सभी सड़कों को बेसहारा पशुओं से खाली करेंगे। इसके बावजूद भी आज तक इस समस्या से सड़कों को मुक्त नहीं किया जा सका है। अभी हाल ही में सुंदरनगर नलवाड़ के बहाने लोगों ने बाहर से पशु लाकर सड़कों में छोड़ दिए हैं।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

**मैं, पूजा चौधरी,** पत्नी भास्कर चौधरी, 68/1 (644) रबोन पोस्ट ऑफिस सपरून, तहसील व जिला सोलन घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम पूजा से बदल कर पूजा चौधरी कर दिया है। सभी संबंधित कृपया नोट करें।

# उपायुक्त ने की देवी-देवताओं की जलेब की अगवानी

## धर्मपुर के 6 दिवसीय नलवाड़ व देवता मेले का झंडा उतारकर व खूंटी उखाड़कर किया विधिवत समापन

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**मंडी** जिला के धर्मपुर में प्रत्येक वर्ष मनाए जाने वाले 6 दिवसीय नलवाड़ एवं देवता मेला का विधिवत समापन हो गया। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने शीतला माता मंदिर में मेला में पहुंचे समस्त देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद निकली भव्य जलेब की अगवानी की।

इसके बाद मेला मैदान धर्मपुर में मेले का झंडा उतारकर व नलवाड़ मेला की खूंटी उखाड़कर विधिवत समापन किया। इस अवसर पर धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर की धर्मपत्नी कविता शेखर भी विशेष तौर पर उपस्थित रहीं। इस मौके पर उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि मेले व त्योहार हमारी पुरातन संस्कृति और जीवन शैली के आधार हैं। इन लोक उत्सवों व मेलों के आयोजन से लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन को बल मिलता है तथा नई ऊर्जा, नए उल्लास, नई उमंग और नए उत्साह का संचार भी होता है। उन्होने कहा कि धर्मपुर का 6 दिवसीय नलवाड़ व देवता मेला भी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने मेला का सफलतापूर्वक बेहतरीन आयोजन के लिए एसडीएम सहित संपूर्ण मेला समिति को बधाई दी। इससे पहले उन्होने मेला मैदान में लगी विभागीय एवं स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम स्वाति डोगरा ने सभी देवी-देवताओं के साथ मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए मेला आयोजन बारे विस्तृत जानकारी रखी। उन्होंने बताया कि इस बार मेला में बाबा कमलाहिया तथा शीतला माता सहित कुल 20 देवी-देवताओं ने मेले की शोभा बढ़ाई है तथा क्षेत्र वासियों को अपना आशीर्वाद दिया है। उन्होंने बताया कि मेला अवधि के दौरान लोगों के मनोरंजन के लिए पांच सांस्कृतिक संध्याओं का भी आयोजन किया गया। मेले में अन्य खेल प्रतिस्पर्धाएं भी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इस बीच उपायुक्त ने मेले के दौरान महिला मंडलों के लिए करवाई गई सांस्कृतिक व खेलकूद स्पर्धाओं के विजेताओं को इनामी राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया। मेले के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वालों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार प्रकट किया। इस मौके पर एसडीएम स्वाति डोगरा, अतिरिक्त सहायक आयुक्त एवं तहसीलदार संधोल विपिन ठाकुर, डीएसपी संजीव सूद, विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**विधायक चंद्रशेखर की पत्नी कविता भी विशेष तौर पर रहीं उपस्थित**



# ढांक से गिरने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**थाना** धर्मपुर के अंतर्गत एक दुखद हादसे में बलेहड़ गांव में 33 वर्षीय युवक की ढांक से गिरने के कारण मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान मनीष कुमार पुत्र महेंद्र सिंह, निवासी गांव बलेहड़, डाकघर कुज्जा बल्ह, तहसील संधोल, जिला मंडी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष कुमार 4 अप्रैल को अपने परिवार सहित मामा के घर बलेहड़ एक धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने आया था। अनुष्ठान सम्पन्न होने के उपरांत वह अपने परिवार सहित कुछ दिन के लिए मामा के घर ही रुका हुआ था। हादसा उस समय हुआ जब मनीष घर के आंगन से कुछ दूरी पर स्थित शौचालय की ओर पेशाब करने गया। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह ढांक से नीचे गिर गया। गिरने से उसके शरीर में गंभीर चोटें आईं। परिजन उसे तुरंत उपचार हेतु सिविल अस्पताल संधोल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा और परिजनों के बयान कलमबंद किए। पुलिस के अनुसार परिजनों को किसी पर कोई शक नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। मनीष के असामयिक निधन से परिवार सहित समूचा गांव गहरे सदमे में है। डीएसपी धर्मपुर ने मामले की पुष्टि की है।

**धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने आया था मामा के घर**

## न्यूज ब्रीफ

### बीपीएल के लिए 30 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** इच्छुक परिवार बीपीएल में शामिल होने के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। जानकारी देते हुए एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि इच्छुक परिवार बीपीएल में शामिल होने के लिए संबंधित पंचायतों में आवश्यक घोषणा-पत्र के साथ 30 अप्रैल तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उपमंडलाधिकारी (ना.) द्वारा त्रिसदस्यीय सत्यापन समिति गठित की गई है जिसमें संबंधित पंचायत सचिव, पटवारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं। सत्यापन समिति द्वारा तैयार की गई सूचियों को 15 जून तक सार्वजनिक जांच के लिए पंचायत के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित किया जाएगा। चयन की संपूर्ण प्रक्रिया अधिमानतः इस वर्ष 15 अक्तूबर तक पूरी कर दी जाएगी।

### रोड पर लटकी सर्विस वायर बनी जानलेवा

**भीम बसेड़ू, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव छातर-जरल मार्ग पर एक स्कूल के सामने सर्विस वायर मार्ग पर लटक कर खतरे की घंटी बजा रही है। इस सर्विस वायर में बेतरतीब ढंग के जोड़ हैं जो खतरनाक बताए जा रहे हैं। मार्ग के करीब तीन फुट ऊपर बिना किसी सहारे के लटकी पड़ी है। इसस कारण इस तार से कोई भी अनहोनी घटना हो सकती है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही इस जान पर बन आई आफत से मुक्ति दिलाई जाए। (अनंत ज्ञान)



### ग्रेपलिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी नवाजे

**अनंत ज्ञान, महादेव।** जिला मंडी एमेच्योर ग्रेपलिंग संघ ने जिला स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव संजू डोगरा द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल छातर में आयोजित की गई जिसमें लगभग 90 खिलाड़ियो अपना प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का समापन प्रसिद्ध समाजसेवी निर्मल सिंह (भोला भाई) ने किया। इन्होंने विजेता खिलाड़ियों को मैडल व सर्टिफिकेट देकर समानित किया। जिला स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 12 अप्रैल को राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगे। यह प्रतियोगिता अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल खरोटा बरठीं में जिला बिलासपुर में होगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता नाशिक महाराष्ट्र में शिरकत करेंगे।

### अग्निवीर भर्ती के लिए 25 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन की तिथि को 25 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। युवा अब 25 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती निदेशक सेना भर्ती कार्यालय मंडी कर्नल डीएस सामंत ने बताया कि वर्ष 2025 में आयोजित की जा रही अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 मार्च से से शुरू हो गए थे। 10 अप्रैल को ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि रखी गई थी। अब इसे बढ़ाकर 25 अप्रैल कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, क्लर्क /स्टोर कीपर टेक्निकल, टेक्निकल ट्रेड्समैन के पदों पर भर्ती होनी है। भर्ती के लिए आठवीं और दसवीं पास युवा www.joinindianarmy.nic.in बेवसाइट पर लॉग इन करके ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। बिना पंजीकरण के कोई भी युवा भर्ती रैली में भाग नहीं ले पाएगा।

# रविवार को 1649 परीक्षार्थी देंगे संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अतिरिक्त** उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने जिला मुख्यालय मंडी में 13 अप्रैल को संघ लोकसेवा आयोग की सीडीएस (1), एनडीए व एनए (1) की परीक्षा 7 परीक्षा केंद्रों होने जा रही है।

सीडीएस(1) की परीक्षा के लिए दो केंद्र वल्लभ कॉलेज मंडी उप केंद्र-001 और वल्लभ कॉलेज मंडी उप केंद्र-002 बनाए गए हैं। जबकि एनडीए और एनए(1) की परीक्षा के लिए गर्ल्स स्कूल मंडी उपकेंद्र-003, आईटीआई मंडी उपकेंद्र-004, ब्वॉयज स्कूल मंडी उपकेंद्र-005, ब्वॉयज स्कूल भंगरोटू उपकेंद्र-006 और पीएमश्री स्कूल कनैड़ उपकेंद्र-007 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि सीडीएस(1) की परीक्षा तीन सत्रों में होगी, पहली परीक्षा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक, दूसरी परीक्षा 12:30 बजे से 2:30 बजे तक और तीसरी परीक्षा 4 बजे से 6 बजे तक होगी। इसके अतिरिक्त एनडीए और एन(1) की परीक्षा दो सत्रों में होगी, पहली परीक्षा सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक और दूसरी परीक्षा 2 बजे से 4:30 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में कुल 1649 परीक्षार्थी भाग लेने जा रहे है।

**एडमिट कार्ड जरूरी**

**सभी** परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा शुरू होने के ठीक 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र के गेट को बंद कर दिए जाएंगे।

## नगर निगम मंडी के स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान का सफल समापन

# 400 स्वच्छ घरों की पहचान कर लगाए स्टिकर : महापौर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**नगर** निगम मंडी द्वारा प्रारंभ किया गया स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर महापौर वीरेंद्र भट्ट ने नगर निगम मंडी इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी पार्षदगण, आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम के समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण, मीडिया प्रतिनिधि, सफाई साथी, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, गैर-सरकारी संस्थाएं मंडी शहर वासियों एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि पिछले दो माह के दौरान नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 15 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाए गए, जिसमें हर वार्ड को लगभग पांच बार कवर किया गया। सदस्यों ने प्रत्येक घर तक जाकर दो बार जन जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें आम जनमानस को कूड़ा स्वच्छता साथियों को देने बारे जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त 400 स्वच्छ घरों की पहचान कर उनके बाहर स्वच्छ घर समृद्ध घर स्टिकर लगाए गए। इस दौरान सभी सफाई साथियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया एवं दस्ताने, मास्क, जैकेट्स आदि सुरक्षा सामग्री वितरित की गई।

अत्यधिक कचरा उत्पादक (होटल, संस्थान आदि) के साथ दो बार बैठकें कर उन्हें अपने गीले कचरे का स्थानीय स्तर पर प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया गया। हर वार्ड में समाधान शिविर लगाए गए। हॉट स्पॉटों को चिन्हित कर, उन हॉट स्पॉट की सफाई की गई। यह प्रक्रिया आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।



**शहर में सभी सार्वजनिक शौचालयों की समीक्षा की**

**शहर** में स्थित सभी सार्वजनिक शौचालयों की समीक्षा की गई और जहां आवश्यक था, वहां मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर निगम की सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट साइट का निरीक्षण कर कचरा प्रोसेसिंग को बेहतर बनाने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। इस अवसर पर पार्षद अलकनंदा हांडा, हरदीप सिंह, निर्मला वर्मा, दीपाली जसवाल, संजय शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त विजय, सहायक अभियंता नरेश, राकेश व निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों की तीन साल से नहीं बढ़ी पेंशन

## दिव्यांग कल्याण समिति सरकाघाट ने सीएम को भेजा मांगों का पुलिंदा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**हिमाचल** दिव्यांग कल्याण समिति सरकाघाट की मासिक बैठक, समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति की अध्यक्षता में सरकाघाट में आयोजित की गई। बैठक में दिव्यांगों के हितों पर चर्चा की गई तथा उपमंडल अधिकारी (ना.) सरकाघाट के माध्यम से अतिरिक्त मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को मांगों से भरा ज्ञापन भी भेजा गया। सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे नेत्रहीन दिव्यांगों की वास्तविक मांगों, जिनमें पेंशन बढ़ोतरी, जो पिछले 3 वर्षों से नहीं बढ़ी, जबकि अन्य तकरीबन सभी की और खुद के विधायकों की भी बढ़ा दी है, दिव्यांगों को सरकारी नौकरियों में आयु सीमा 55 साल, तहसील स्तर पर सक्षम दिव्यांगों के साक्षात्कार करने और उन्हें या उनके परिजनों को तहसील स्तर पर ही नौकरी दिलवाने इत्यादि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। दिव्यांगों ने अपनी मांगों को पूरी करवाने के लिए प्रदेश और केंद्र में विपक्षी दलों से भी गुहार लगाई है।

प्रदेश महासचिव रमेश चंद भारद्वाज ने बताया कि यूडीआईडी कार्ड सिर्फ कुछ एक बसों में ही मान्य क्यों? सरकाघाट में प्रस्तावित दिव्यांग भवन के निर्माण के लिए संबंधित कागज जिनमें मुख्यता समिति के तरफ से प्रस्ताव पारित कर उपमंडल अधिकारी (ना.) को दिया गया, जिससे सरकाघाट में दिव्यांग भवन का निर्माण जल्द हो सके। बीपीएल सूची में 50 प्रतिशत दिव्यांगता की जगह 40 प्रतिशत की मांग की। इस बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावा उपाध्यक्ष कर्म सिंह परमार (पूर्व सैनिक विंग) मेहर सिंह, ज्योति, सीता राम व नए सदस्य धर्म सिंह चंदेल व जय पाल आदि मौजूद रहे।



# सुंदरनगर में सिविल अस्पताल गेट से लेकर मिनी सचिवालय प्रवेश द्वार के सामने तक कार पार्किंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**जिला** मजिस्ट्रेट मंडी अपूर्व देवगन ने सुंदरनगर शहर में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए पार्किंग जोन व नो पार्किंग जोन अधिसूचित करने की उपमंडल अधिकारी सुंदरनगर की अनुसंशा पर मसौदा अधिसूचना जारी कर दी है। इस मसौदा अधिसूचना के संबंध में किसी मुद्दे पर आपत्ति है, तो वह एक महीने के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

इस अवधि के दौरान प्राप्त आपत्तियों पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा विचार किया जाएगा, उसके बाद मसौदा अधिसूचना को अंतिम रूप दिया जाएगा। मसौदा अधिसूचना में एसीजेएम कोर्ट गेट से लेकर एसडीएम कार्यालय गेट तक केवल अधिवक्ताओं की कार पार्किंग के लिए अनुसंशा की गई है। सिविल अस्पताल गेट से लेकर मिनी सचिवालय प्रवेश द्वार के सामने तक सार्वजनिक कार पार्किंग रहेगी। जबकि न्यायाधीशों की गाड़ियों की पार्किंग से लेकर शीतला सेल्फ ग्रुप सेल सेंटर के सामने फुटपाथ की शुरुआत तक पार्किंग अनुसंशा की गई है।

न्यू दुर्गा ग्लास हाउस के सामने से लेकर मन्नत अस्पताल तक, पोल्ट्री फार्म एचआईएम हैचरी से पशु चिकित्सा अस्पताल तक, नए बस स्टैंड का निकास द्वार जलशक्ति भवन के सामने टैक्सी स्टैंड तक व हमसफर चौक बस स्टैंड के प्रवेश द्वार तक पार्किंग की अनुशंसा की गई है।

ईओएमसी कार्यालय के साथ आम नागरिकों के लिए 5 गाडियां तक पार्किंग की अनुशंसा की है। वहीं मसौदा अधिसूचना में हमसफर चौक मनाली स्वीट्स की ओर से लेकर पुराने बस स्टैंड तक, टैक्सी स्टैंड एंट्रेंस प्वॉइंट से ललित चौक तक, रेस्ट हाउस चौक से पोल्ट्री फार्म तक, मन्नत अस्पताल से ललित चौक तक, एसडीएम कार्यालय से लाल बत्ती चौक तक दोनो ओर, लाल बत्ती चौक से सेंट मेरी स्कूल तक भी दोनो ओर तथा एमएलएसएम कालेज रोड तक दोनों तरफ नो पार्किंग जोन बनाने की अनुसंशा की गई है। इसके साथ ही डॉ. महेंद्र क्लिनिक से लेकर धर्म सभा पुराना बाजार तक भी नो पार्किंग जोन बनाने की अनुसंशा की गई है।

**डीसी ने पार्किंग व नो पार्किंग जोन अधिसूचित करने का पेश किया मसौदा**

# जय दुर्गा मां कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने टॉप-10 में बनाई जगह

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**शैक्षणिक** उत्कृष्टता की ओर अग्रसर जय दुर्गा मां कॉलेज ऑफ नर्सिंग जोगिंद्रनगर की छात्राओं ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अटल मेडिकल रिसर्च विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में घोषित बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सेमेस्टर) के परीक्षा परिणामों में कॉलेज की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर की टॉप-10 सूची में अपनी जगह बनाई है।

इस परीक्षा में कॉलेज की तनीशठा ने 9.055 एसजीपीए हासिल कर पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार तुशारीका ने 8.71 एसजीपीए के साथ छठा स्थान तथा स्नेहा गोस्वामी ने 8.67 एसजीपीए प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल किया।

कॉलेज के संस्थापक डॉ. राकेश धरवाल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का फल है। उन्होंने कहा कि यह सफलता आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। कॉलेज की प्रधानाचार्य छविता ने भी छात्राओं की इस शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने परीक्षा में अव्वल आई छात्राओं को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। (अनंत ज्ञान)



**प्रदेश में तनीशठा द्वितीय तुशारीका छठे और स्नेहा सातवें स्थान पर रहीं**

# डॉ. बबिता कौंडल देहरा में देंगी सेवाएं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल के संधोल क्षेत्र के गांव रुवाडा की 33 वर्षीय डॉ. बबिता रानी कौंडल पत्नी अनुराग कौंडल पुत्र एमआर कौंडल का चयन उपमंडलीय आयुर्वेदिक अस्पताल देहरा जिला कांगड़ा में बतौर होम्योपैथी मेडिकल ऑफिसर के पद पर हुआ है। इससे पहले ये रिसर्च एसोसिएट के पद पर कार्यरत थी। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में डाक्टर बबीता ने बाजी मार अपनी मेहनत का लोहा मनवाते हुए यह परीक्षा पास की और 25 मार्च को आयुष विभाग प्रदेश से डॉक्टर बबीता के तैनाती के आदेश जारी हुए। इनके इस चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इन्होंने बीएचएमएस की शिक्षा सोलन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कुमारहट्टी व एमडी (होम्मो) की डिग्री डॉ. मदन प्रताप खूंटेटा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर जयपुर से प्राप्त की है।

# सांसद से काम की नहीं कोई उम्मीद : राजेंद्र ठाकुर

## कहा, राहुल गांधी को सोनिया का लाल कहना बड़े शर्म की बात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** में युवा कांग्रेस द्वारा पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तरूण ठाकुर और प्रवक्ता राजेंद्र ठाकुर ने संबोधन किया। हाल ही में मंडी आई सांसद कंगना रनौत द्वारा नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर जवाब दिया।

प्रवक्ता राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि ये कोई नई बात नहीं है कि भाजपा के छुटभैये नेता ऐसी टिप्पणी करें। उन्होंने कहा कि वैसे भी मंडी संसदीय क्षेत्र के लोगों को काम करने की कोई उम्मीद तो सांसद से है नहीं लेकिन इतना जरूर था कि थोड़ी मर्यादा सीख लेती। राहुल गांधी को सोनिया का लाल कहना बड़े शर्म की बात है और उस पद की तोहीन है जिस पर जनता ने उन्हें बिठाया है। अब पता नहीं कब पिछली बार की तरह भाजपा कार्यालय से लिखित पत्र निकले कि हमारा इनके दिए गए ब्यान से कोई सरोकार नहीं है।

**जनता को बताएं आपदा में कहां थीं आप : तरुण**

**विक्रमादित्य** सिंह पर की गई टिप्पणी को लेकर तरुण ठाकुर ने कहा कि पहले मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता को बताए कि आप आपदा में कहां थी, जब बच्चों ने अपने गुल्लक तोड़े, प्रदेश की जनता ने एक-दूसरे की सहायता की, उस दौरान गूगल पे नहीं चला। यह जरूर बताएं कि आपदा की सहायता राशि को लेकर आपने कितनी बार संसद में प्रश्न किया, लेकिन जो झूठे दावे आप जनता के बीच जाकर कर रही हैं कि करोड़ों रुपए आप सांसद के रूप में लाई है, तो जरा बताने की कृपा करें कि वो करोड़ों रुपए किस जिले, किस विधानसभा के किस ब्लॉक की कौन सी पंचायत में दिए गए हैं। इस मौके पर युवा कांग्रेस प्रवक्ता डिम्पल शर्मा व अन्य मौजूद रहे।



# नेशनल वॉलीबाल अकादमी पधर में ट्रायल 12-13 को

**कविता, पधर।** नेशनल वॉलीबाल अकादमी पधर में इस वर्ष भी युवा खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। आगामी 12 व 13 अप्रैल को पधर स्कूल के खेल मैदान में अंडर-14 और अंडर-19 वर्ग के खिलाड़ियों के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी हेम सिंह ठाकुर बतौर कोच अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिन्होंने एशियन खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

अकादमी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष अकादमी के 5 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। (अनंत ज्ञान)

# हटली क्षेत्र में चिट्टे की भरमार

## जिला पार्षद ने सीएम व एसपी को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**नबाही** वार्ड के जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बलद्वाड़ा क्षेत्र में चिट्टा नशे की समस्या को लेकर उपमंडलीय पुलिस अधिकारी सरकाघाट के माध्यम से सीएम व एसपी मंडी को मांगपत्र भेजा।

मुनीष शर्मा ने इस मांगपत्र के माध्यम से कहा कि बलद्वाड़ा तहसील चिट्टा नशा विकराल रूप धारण कर चुका है। इस नशे से कई युवाओं की बीते समय में अकाल मृत्यु हो चुकी है व कई युवा इसकी चपेट में हैं। थाना हटली क्षेत्र हमीरपुर व बिलासपुर जिलों की सीमाओं के साथ जुड़ा है और चिट्टा नशे का एक अति संवेदनशील केंद्र बन चुका है। उन्होंने यह मांग उठाई कि चिट्टा नशे की 5 ग्राम से कम मात्रा पकड़े जाने पर जमानत मिलने के कानून को निरस्त किया जाए व चिट्टे की किसी भी मात्रा में जमानत न दी जाए और अति शीघ्र एंटी ड्रग्स एक्ट बनाकर उसे सख्ती से लागू किया जाए। अप्पर भांबला में स्थाई पुलिस चौकी स्थापित की जाए व फौरी तौर पर लोअर भांबला चौक में अस्थाई पुलिस चौकी स्थापित की जाए व पुलिस सहायता कक्ष खोलकर आवश्यक पुलिस बल तैनात किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में संजय गुलेरिया, अशोक, अनिल, विशाल ठाकुर, अंकुश, अजय, अरविंद गुलेरिया, अंकित, अभिषेक, शुभ्रांशु, नयनदीप, मोहिंद्र आदि शामिल थे।

**अपर भांबला में स्थापित की जाए स्थायी पुलिस चौकी**

**विधि** आज टिहरा, कल मढ़ी, 13 को मंडप और 17 को संधोल में होगा शिविर

# केंचुआ खाद व हल्दी के बारे में जागरूक करेगा एफपीओ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** किसान उत्पादक संघ (एफपीओ) जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई वर्मीकम्पोस्ट खाद के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर शिविर आयोजित करने जा रही है और वर्मीकम्पोस्ट खाद की बिक्री भी करेगी।

एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान व योजना सचिव डॉ कुलदीप गुलेरिया ने बताया कि 10 अप्रैल को टिहरा, 11 को मढ़ी, 13 को मंडप और 17 को संधोल में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें केंचुआ खाद तैयार व इस्तेमाल करने के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा ज्यादा से ज्यादा भूमि पर हल्दी की बिजाई करने बारे व उसके लिए बीज की मांग लेकर उपलब्ध करवाया जाएगा। इसी तरह वर्तमान सीजन में उगाई जाने वाली सब्जियों के बीज भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। डॉक्टर कुलदीप गुलेरिया ने बताया कि वर्मीकम्पोस्ट खाद बड़े पैमाने पर नाल्ड गौसदन में कार्य शुरू हो गया है और अब वहीं पर इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये खाद शिवा परियोजना के तहत लगे बगीचों के लिए भी उपलब्ध कराई जाएगी और यदि यहां लगे सभी कलस्टरों में इसे इस्तेमाल किया जाता है तो इसकी मांग बहुत ज्यादा होगी, वहीं प्रदेश सरकार ने जैविक विधि से तैयार की गई हल्दी और मक्की का खरीद मूल्य भी बढ़ाया है जिससे अब किसानों में इसे बीजने का एक रूझान बढ़ रहा है।



**भराड़ी में लगेगा हल्दी पाउडर बनाने का प्लांट, किसानों को होगा फायदा**

**एफपीओ** जल्दी ही भराड़ी में हल्दी पाउडर बनाने का प्लांट लगाने जा रहा है जिससे किसानों द्वारा तैयार की जाने वाली हल्दी की खरीद भी एफपीओ ही करेगा और किसानों को उससे और फायदा होगा उन्हें मार्केटिंग की कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने धर्मपुर के सभी किसानों से आह्वान किया है कि वे इस सीजन में ज्यादा से ज्यादा भूमि पर हल्दी की बिजाई करें व उसमें वर्मीकम्पोस्ट खाद का इस्तेमाल करें।

# महापौर वीरेंद्र भट्ट ने किया स्ट्रीट लाइट की शिकायतों के निवारण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम मंडी के क्षेत्राधिकार में व वार्ड नंबर 14 बैहना से प्राप्त हो रही स्ट्रीट लाइट की शिकायतों के निवारण के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विद्युत बोर्ड के अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे तथा उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही बैहना वार्ड में स्ट्रीट लाइट से सम्बंधित समस्याओं का निवारण कर दिया जाएगा तथा शहर में बेतरतीब ढंग से लटक रही बिजली की तारों की समस्या का भी चरणबद्ध तरीके से निष्पादन कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही विद्युत विभाग द्वारा आम जनमानस की सुविधा के लिए शिकायत नंबर जारी किया जाएगा।

इस अवसर पर पार्षद कृष्णभानु, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार, विद्युत बोर्ड के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार, सहायक अभियंता सुनील कुमार व होशियार राणा, विद्युत बोर्ड गुटकर के कनिष्ठ अभियंता पुष्पराज, निगम के कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ शर्मा व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ न होने दे: बिंदल



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी।

इस अवसर पर बिंदल को पुजारी संदीप कालिया और अजय कालिया ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई। इस मौके पर कई प्रमुख अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व विधायक बलबीर चौधरी और राजेश ठाकुर, पूर्व देहरा भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिलाध्यक्ष श्याम मन्हास, बुथ प्रधान निरंजन कालिया, वेद प्रकाश, प्रदेश आईटी संयोजक अनिल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजीव बिंदल ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रसाद योजना के अंतर्गत चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तारिकरण करने के लिए 56 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाने पर प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया और चिंतपूर्णी में धर्म विशेष पुस्तक और एलईडी पर वीडियो चलने पर प्रदेश सरकार को घेरा और कहा कि हालही में हुई घटनाएं कहीं मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा चुनाव जीतने के बाद दिए गए बयान 97 प्रतिशत हिंदुओं के प्रदेश में भाजपा की हार के साथ जोड़ा और कहा कि प्रदेश सरकार हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ न होने दे। इसके अलावा उन्होंने फाइनेंशियल क्राइसिस और ठेकेदारों की पेमेंट न मिलने पर भी प्रदेश सरकार को घेरा।

## जल का संकट : कई दिनों से बारिश न होने से निर्माण कार्य लटके, खेती-किसानी भी हो रही प्रभावित

# लठियानी में सूखे जल स्रोत, पानी के लिए मारामारी

**विनोद शर्मा, लठियानी**

अनंत ज्ञान ग्राउंड रिपोर्ट

हिमाचल में मौसम की अनियमितता के कारण, विशेष रूप से कई दिनों से बारिश न होने से प्राकृतिक जल स्रोत सूखने के कगार पर हैं। आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ऊना जिले के लठियानी क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई योजनाएं हांफ गई हैं। लोगों के समक्ष पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। पानी के अभाव में भवन निर्माण करना भी मुश्किल हो रहा है। खेती-बागवानी समेत जनजीवन पर भी व्यापक असर हो रहा है।

किसानों के पास अपनी फसलों को बचाने के लिए सीमित विकल्प रह गए हैं। कई स्थानों पर जल स्तर तेजी से गिर रहा है और प्राकृतिक स्रोत कुएं, तालाब, नदी-नाले सूख रहे हैं, जिससे कृषि कार्यों में भी रुकावट आ रही है। इससे न केवल किसानों की आय पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, बल्कि खाद्य सुरक्षा भी संकट में पड़ सकती है। यह संकट ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अधिक गंभीर है, जहां पानी की आपूर्ति पहले से ही सीमित थी और अब स्थिति और भी विकट हो गई है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो हिमाचल प्रदेश को भविष्य में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है, जो न केवल लोगों के जीवन पर, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव डालेगा। (अनंत ज्ञान)



**लठियानी** पंचायत के प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु ने जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे भवन निर्माण कार्यों पर संकट अभी से गहरा गया है। कंक्रीट, प्लास्टर और अन्य निर्माण कार्यों में पानी की बहुत आवश्यकता होती है। पानी की उपलब्धना न होने लोग मकान बनाने का रिस्क नहीं ले रहे। निर्माण कार्य न होने के कारण मजदूर बहुत ही परेशान हो रहे हैं।



**डोह** से मनीष कुमार ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस समस्या का बहुत सारा समाधान एडवांस में जल एकत्र कर किया जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्षा जल संग्रहण (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग), परंपरागत जल स्रोतों का संरक्षण और सामूहिक प्रयास ही इस संकट का स्थायी समाधान हो सकता हैं।



**राजली** से हरबंस ने कहा कि यह सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि वह प्राकृतिक जल स्रोतों का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि प्राकृतिक जल स्रोत धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं। उनकी समय-समय पर देखभाल करना बहुत ही जरूरी है।

भवन निर्माण का कार्य करने वाले कारीगर (मिस्त्री) अजय कुमार ने बताया कि पानी के संकट की वजह से मजदूरों को दिहाड़ी पर काम नहीं मिल रहा। वह बेरोजगार हो गए हैं। आर्थिक संकट होने के कारण परिवार का पालन पोषण करने में बहुत ही दिक्क तों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, मजदूरी का कार्य करने वाले तरसेम सिंह, रमेश चंद, महेंद्र सिंह, देशराज, कमल देव, विनोद कुमार, सुरजीत सिंह, राकेश कुमार ने आदि बताया कि ठेकेदारों एवं अन्य लोगों ने निर्माण कार्य अस्थायी रूप से बंद कर दिए हैं। वह अब बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं।



**जगमोहन** सिंह ने कहा कि गांवों में नल-जल योजनाएं हांफने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर समय पानी का इंतजाम करने में ही निकल जाता है। ऐसे में उनके दिनभर के कार्यों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।



**ननावीं** से पंकज कुमार का कहना है कि अगर शीघ्र बारिश नहीं हुई और प्रशासन ने प्रभावी प्रयास नहीं किए, तो आने वाले दिनों में स्थिति बिगड़ सकती है। राहत नहीं मिली तो जनजीवन प्रभावित हो जाएगा और सारा सामाजिक ढांचा ही हिल जाएगा।



**रमेश** चौधरी का कहना है कि स्कूलों में भी जल संकट की आपूर्ति बाधित हो सकती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। खासकर छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ेगी। बेशक वह घर से पानी की बोतलें ला रहे हैं, लेकिन दिनभर के लिए एक वाटर बोटल पर्याप्त नहीं होती।



**लठियानी** पंचायत के उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर ने कहा कि पानी के संकट का असर पशुओं और प्राकृतिक खेती पर पड़ रहा है, क्योंकि प्राकृतिक खेती करने के लिए सिंचाई की भी आवश्यकता होती है, लेकिन अब खरीफ की फसलें संकट में हैं। नलों में भी प्रतिदिन पानी की कमी आ रही है। यदि शीघ्र बारिश नहीं हुई, तो आगामी फसलों की बिजाई करने में भी बहुत समस्या आ सकती है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### योग से गलत आदतों से पाया जा सकता है छुटकारा

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** योग शिक्षक एवं समाजसेवी रमेश ठाकुर राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों में योग प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ अपने सेवा केंद्रों के माध्यम से समाज को निरोगी बनाने में प्रयास लगातार कर रहे हैं। प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नशे का कारोबार एवं नशा करने वालों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कई युवा विशेषकर चिट्टे के नशे में फंसकर अपने शरीर का नाश व अमूल्य मानव जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। माता-पिता को अपने बच्चों का ध्यान रखते हुए उसके मित्रों की संगत का भी ध्यान रखना चाहिए क्योंकि युवा नशा करने के लिए नए-नए ढंग अपनाकर अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर अपने माता-पिता एवं समाज को कलंकित कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश पुलिस बहुत ही सराहनीय कार्य कर नशे का कारोबार करने वाले एवं नशे में लिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है, लेकिन फिर भी नशा करने वाले या बेचने वाले नए-नए ढंग से नशे का कारोबार कर रहे हैं और पुलिस बहुत ही सराहनीय कार्य कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। योग शिक्षक का कहना है कि यदि कोई युवा नशे की गिरफ्त में आ चुका है, तो युवा के माता-पिता चिकित्सक के पास जाकर उपचार करवा सकते हैं। योग के माध्यम से भी कई प्रकार की बीमारियों एवं गलत आदतों से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि आप अपने बच्चों का ध्यान रखते हुए उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए उनके साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखें।

### ठाकुरद्वारा मंदिर मुबारिकपुर में धार्मिक सम्मेलन आज

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** ठाकुरद्वारा मंदिर मुबारिकपुर में आज एक विशाल धार्मिक सम्मेलन होगा। यह जानकारी कमेटी अध्यक्ष ठाकुर नेत्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर राष्ट्रीय संत बाबा बाल विशेष रूप से उपस्थित होंगे। धार्मिक सम्मेलन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तों से इस मौके पर पधारने का आह्वान किया।

### भोलेनाथ की बारात की कथा सुनकर झूमे श्रोता

**अनंत ज्ञान, जोल।** तलमेहड़ा के शिव मंदिर बड़ोआ में चल रही श्री राम कथा में बुधवार को आचार्य शिवकुमार ने मां ब्रह्मचारिणी का स्मरण कर शिव बारात की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि नारद को जैसे ही पता लगा कि राजा हिमांचल के घर पार्वती का जन्म हुआ है, तो वह राजा के पास पहुंच गए। नारद ने जगत जननी को प्रणाम किया। इसके बाद राजा को बता दिया था कि पार्वती तपस्या करें, तो भगवान शंकर प्राप्त हो सकते हैं। राजा चाहते थे कि बेटी के जीवन में कोई कष्ट न आए, तो वह बेटी को उम्र का बास्ता देकर नारद को मनाने लगे। कथावाचक ने शिव और पार्वती के विवाह से जुड़े सभी प्रसंग सुनाए।

### हरोली उत्सव में कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राज्य स्तरीय हरोली उत्सव की तैयारियां चरम पर हैं। लता मंगेशकर कला केंद्र समूर कलां में उत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन का दौर जारी है। ऑडिशन के दूसरे दिन भी स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का खूब प्रदर्शन किया। अब 10 अप्रैल ऑडिशन का आखिरी दिन है। हर दिन 11 बजे से आयोजित हो रहे ऑडिशन के लिए इच्छुक कलाकार एसडीएम कार्यालय, हरोली में आवेदन जमा करवा सकते हैं या स्टेटलेवलहरोलीउत्सवएटदीरेट डॉट कॉम पर ईमेल भेज कर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। ऑडिशन के दिन मौके पर भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। डीसी जतिन लाल ने बताया कि 27 से 29 अप्रैल तक हरोली विधानसभा क्षेत्र के कांगड़ मैदान में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय महाउत्सव में प्रदेश व देश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक दल भी अपनी प्रस्तुतियों से समारोह को चार चांद लगाएंगे। प्रशासन की प्राथमिकता हिमाचली कलाकारों को अधिकतम मंच प्रदान करना है, जिससे स्थानीय शिक्षण संस्थानों, सांस्कृतिक समूहों तथा महिला मंडलों की रंगारंग प्रस्तुतियां उत्सव की शोभा बढ़ा सकें।

# स्नेचिंग के मामलों को अंजाम देने वाला हत्यारोपी गिरफ्तार, वारदात में शामिल किया नाबालिग

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



गगरेट में कानून व्यवस्था पर उंगली उठाने वालों को करारा जवाब देते हुए गगरेट पुलिस ने दौलतपुर चौक क्षेत्र में हुए स्नैचिंग के दो मामलों को सुलझाते हुए दो आरोपियों को ढूंढ निकाला है।

पंजाब से संबंधित इन आरोपियों में से एक नाबालिग है, तो एक आरोपी हत्या के मामले में सजा काट रहा है। इन दिनों वह पेरोल पर घर आया है और यहां आते ही उसने इन घटनाओं को अंजाम दे डाला। पुलिस ने मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। नाबालिग आरोपी को उसके परिजनों के हवाले किया है, जबकि दूसरे आरोपी को पुलिस न्यायालय में पेश किया। छह मार्च को नगर पंचायत दौलतपुर चौक की विमला देवी अपने घरेलू कार्य से बाजार गई थी और जब वापस आ रही थी, तो उसके पास एक लड़का आया और उसने कस्बे का नाम पूछा, जैसे ही वह नाम बताने लगी, तो उसने उसके कान में डाली सोने की बालियां झपटी और दूसरी ओर खड़े मोटरसाइकिल जिस पर पहले ही एक लड़का सवार था, बैठकर फरार हो गया।

विमला देवी को नान छोले की दुकान करने वाले ने मोटरसाइकिल का नंबर बताया और बताया कि मोटरसाइकिल लाल रंग का था। इससे कुछ दिन पहले भी स्नैचिंग की एक वारदात को डंगोह खास में अंजाम दिया गया था। इन दोनों मामलों में पुलिस इलाके की सीसीटीवी फुटेज खंगालकर स्नेचरों का पता लगाने का प्रयास कर रही थी कि इसी बीच पुलिस को पुख्ता लीड मिली, जिस पर पुलिस ने जब छानबीन की तो पाया कि इस वारदात को अंजाम देने वाला एक शातिर अपराधी है, जो हत्या के एक मामले में पहले ही सजा काट रहा है और इन दिनों साठ दिन की पेरोल पर घर आया है। अपने इस मंसूबे को अंजाम देने के लिए उसने एक नाबालिग को भी इसमें शामिल कर लिया। स्नैचिंग के आरोपी की पहचान अजय कुमार लाहौरिया उर्फ भूंडी निवासी मोहल्ला किला कालोनी तहसील मुकेरियां जिला होशियारपुर के रूप में हुई है। एसपी राकेश सिंह ने बताया कि दौलतपुर चौक क्षेत्र में हुई स्नैचिंग की वारदातों में पंजाब के दो लोगों को दबोचा गया है। इसमें एक नाबालिग है, जबकि दूसरा आरोपी हत्या के मामले में सजा काट रहा है। मामले की गहनता से जांच जारी है।

# विपक्ष मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करने में लगा : अरुण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** ऊना जिले से युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने कहा बुधवार- वीरवार के मध्य रात्रि भारत की एक ऐतिहासिक रात रही। लोकसभा में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पास कर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिखाया कि मोदी हैं, तो मुमकिन हैं। उन्होंने कहा कि हालही में वक्फ बोर्ड ने उत्तर रेलवे की भूमि वक्फ बोर्ड के नाम घोषित कर दी।

हिमाचल प्रदेश में इस संपत्ति को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बता कर उस पर मस्जिद बनाने का काम किया। अरूण कौशल ने कहा कि विपक्ष गठबंधन सिर्फ मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करने में लगा है। विपक्ष देश को धर्म-जाति के नाम पर बांटने का प्रयास करता रहा है। भारतीय सेना और भारतीय रेलवे के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है, अब केंद्र और राज्य सरकारें इस जमीन का इस्तेमाल गरीब मुस्लिम समुदाय के लोगों के कल्याण के लिए कर सकेंगी।

# सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा बुधवार को उस समय बाल-बाल बच गए, जब उनकी तेज रफ्तार फारच्यूनर कार टटेहड़ा गांव में दुर्घटनागग्रस्त हो गई।

तेज रफ्तार कार एक वाहन को ओवरटेक करते समय एक मोटरसाइकिल चालक को बचाते हुए सड़क किनारे लगे खंबे से टकराकर एक दुकान में घुसते-घुसते बची। हालांकि, इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि चैतन्य शर्मा सहित कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार को गगरेट में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलन में शिरकत करने आ रहे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल को लेने के लिए चैतन्य शर्मा अपनी गाड़ी में सवार होकर गुगलैहड़ की ओर जा रहे थे कि टटेहड़ा गांव में अचानक महिंद्रा थार गाड़ी को टेकओवर करते समय अचानक एक मोटरसाइकिल उनकी गाड़ी के आगे आ गई। हालांकि, कार चालक ने गाड़ी की दिशा तो बदली, लेकिन कार सड़क किनारे लगे एक खंबे से टकरा गई और उसके बाद एक दुकान के बाहर अचानक रुक गई। दुर्घटना में गाड़ी काफी क्षतिग्रस्त हुई है, लेकिन गाड़ी में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। उधर, मोटरसाइकिल चालक को मामूली चोटें आई हैं। मामला किसी के द्वारा भी पुलिस के पास न पहुंचाने के चलते इस बावत मामला दर्ज नहीं हो पाया है।

# 'कॉल बिफोर यू डिग' ऐप के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने जिले में भूमिगत संरचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और खुदाई कार्यों के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति से बचाव के लिए 'कॉल बिफोर यू डिग' ऐप का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। एडीएम एनआईसी कक्ष में सुरक्षित उत्खनन के लिए कॉल बिफोर यू डिग ऐप के क्रियान्वयन पर बुलाई बैठक की अध्यक्षता के रहे थे। इसमें लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड, वन विभाग, राष्ट्रीय उच्च मार्ग, नगर निगम ऊना, राजस्व विभाग, पंचायतीराज विभाग सहित कई अन्य विभाग शामिल थे।

एडीएम ने कहा कि जिले में विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों के दौरान कई बार बिना पूर्व जानकारी के की गई खुदाई से भूमिगत टेलीफोन लाइनों, बिजली केबलों, जलापूर्ति पाइपलाइनों आदि को नुकसान होता है, जिससे न केवल विभागों को आर्थिक क्षति होती है, बल्कि आम नागरिकों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति से बचाव के लिए 'कॉल बिफोर यू डिग' ऐप एक अत्यंत उपयोगी माध्यम है, जिसे सभी संबंधित विभागों को अनिवार्य रूप से अपनाना चाहिए। बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश ग्रामीण लाइसेंस सेवा क्षेत्र के निदेशक चंद्रभान यादव ने ऐप की कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि यह ऐप भारत सरकार के दूरसंचार विभाग की एक अभिनव पहल है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 22 मार्च 2023 को लांच किया गया था। ऐप का उद्देश्य खुदाई करने वाली एजेंसियों और भूमिगत संपत्ति के मालिकों के बीच समन्वय स्थापित करना है।

# खान-पान बारे दी विस्तार से जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल विकास परियोजना अधिकारी धुंदला के अंतर्गत वृत्त थानाकलां में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रधान सरोज कुमारी, पंचायत सचिव मधु बाला, पर्यवेक्षक सुनीता देवी, आंगनबाडी वर्कर्स, आशा वर्कर्स सरोज, रजनी, निर्मला व अन्य लाभार्थी उपस्थित रहे। इस कैंप में जन्म के 1000 दिन, कुपोषण का समुदाय स्तर पर प्रबंधन, बाल अवस्था में मोटापे से बचाने के लिए स्वस्थ जीवन बारे खान पान बारे पर्यवेक्षिका सुनीता द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के कार्यान्वयन में स्थानीय सुविधाओं को जोड़कर उनके नेतृत्व क्षमता का भरपूर उपयोग कर स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में उन्हें सक्रिय भागीदार बनाना इन आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य है। आंगनबाड़ी वर्कर्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# सदा शिव तलमेहड़ा ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी

## डोगरा क्रिकेट कप संपन्न, 32 टीमों ने प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान, जोल**



डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से वही मैदान में आयोजित डोगरा क्रिकेट कप 2025 प्रतियोगिता संपन्न हो गई।

इसमें ट्रॉफी पर सदा शिव तलमेहड़ा का कब्जा रहा। सदा शिव की टीम ने घंडावल की टीम को 7.1 ओवर में ऑल आउट कर 36 रन से जीत हासिल की। टूर्नामेंट के समापन समारोह में राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युथ बिंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने मुख्यातिथि शिरकत की। इसमें चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र एवं कुटलैहड विधानसभा क्षेत्र की 32 टीमों ने भाग लिया। मुख्यातिथि ने कहा कि युवाओं में खेलों के प्रति रुचि, उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वह अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए, किसी भी खेल का हिस्सा बनें। नशा को खत्म करना हम सब की नैतिक सामाजिक जिम्मेदारी है। आज का युवा खेलों में रुचि लेकर नशे से बच सकते हैं।

हम सब का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि युवाओं का खेलों की तरफ ध्यान लगाकर नशे से मुक्ति पाई जा सकती है। आपसी सहयोग व एकजुटता से ही युवा वर्ग को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखा जा सकता है। इसके लिए डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौनखर के अध्यक्ष अभिषेक डोगरा एवं उपप्रधान चंद्रभूषण राणा को इस निशुल्क टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इसके बाद विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्यातिथि द्वारा नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। चिंतपूर्णी क्षेत्र की टीम सदा शिव टीम तलमेहड़ा को 11000 नकद व ट्रॉफी और उपविजेता कुटलैहड़ की टीम घंडावल को 7100 रुपए तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं, इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 23 खिलाड़ियों के तीन लगातार छक्के लगाने पर ट्रस्ट की ओर से हर खिलाड़ी को 500 रुपए की धनराशि भेंट की।

# 88 प्रशिक्षणार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र



**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना में आईएमडीआई फाउंडेशन द्वारा संचालित स्किल डेवलपमेंट सेंटर में बुधवार को प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीसी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा 88 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों ने आईएमडीआई फाउंडेशन द्वारा आयोजित विभिन्न निशुल्क व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। इनमें बिजनेस एनालिटिक्स, बैंकिंग एंड फाइनेंस, डिजिटल मार्केटिंग, सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस, आईटी स्किल्स सहित अन्य स्किल-आधारित ट्रेनिंग शामिल हैं। डीसी ने कहा कि आईएमडीआई फाउंडेशन द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाने का कार्य सराहनीय है। यह समाज के समग्र विकास में अहम योगदान देता है। यह प्रमाण पत्र केवल एक कागज नहीं, बल्कि यह युवाओं के आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। ऊना जिले की सराहनीय पहल है, जहां युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऊना जिले की सराहनीय पहल है, जहां युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर मिल रहे हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और भविष्य में बेहतर रोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकें। समारोह के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और आईएमडीआई फाउंडेशन की ओर से प्राप्त प्रशिक्षण को अपनी सफलता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

**तैयारियां** डीसी ने गर्मियों के मौसम के मद्देनजर ली समीक्षा बैठक

# अग्निशमन उपकरणों को क्रियाशील बनाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष और उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बुधवार को अपने कार्यालय में गर्मियों के सीजन के मद्देनजर की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को गर्मियों में आवश्यक कदम उठाने के दिशा-निर्देश दिए, ताकि गर्मी के मौसम में किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटा जा सके।



डीसी जतिन लाल गर्मियों के मौसम के मद्देनजर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

डीसी ने जल शक्ति विभाग को जल संकट संभावित क्षेत्रों की पहचान कर जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों और वैकल्पिक जल आपूर्ति की योजना बनाने की बात कही। स्वास्थ्य विभाग को हीट वेव से सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित करने, दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता और हीट वेव से प्रभावित या मृत्यु होने वाले व्यक्तियों का डेटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक को पीडीएस प्रणाली के तहत खाद्यान्न का पर्याप्त स्टॉक और आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को वन अग्नि की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सतर्कता दलों की तैनाती और निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन अग्नि संभावित क्षेत्रों में अग्निशमन उपकरणों को क्रियाशील बनाए रखने को कहा, ताकि किसी भी अनहोनी को समय पर रोका जा सके। कृषि विभाग को उच्च तापमान में फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव को रोकने के लिए किसानों को जल संरक्षण तकनीकों का प्रयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही, स्कूलों के परिसर में मधुमक्खियों के छत्ते और हॉर्नेस्ट को हटाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

इस मौके पर एएसपी संजीव भाटिया, डीएफओ सुशील राणा, कमांडेंट 12वीं वाहिनी बनगढ़ विकास सकलानी, कृषि उपनिदेशक कुलभूषण धीमान, उद्यान उपनिदेशक केके भारद्वाज, डीएफएससी राजीव शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. ऋचा कालिया, अग्निशमन विभाग की ओर से अशोक कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गगरेट को विकास के मामले में बहुत पीछे ले गई सरकार: राजेश

**सन्नी पुरी, गगरेट।** अंबोटा गांव में आयोजित हुए सक्रिय सदस्य सम्मेलन में प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार गगरेट क्षेत्र को विकास के मामले में बहुत पीछे ले गई है, जो योजनाएं पूर्व सरकार के समय में शुरू की गईं, उनके लिए भी प्रदेश सरकार बजट का प्रावधान नहीं करवा पाई है।

राजेश ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय ही सिविल अस्पताल गगरेट के नए भवन के लिए न सिर्फ बजट का प्रावधान किया गया, बल्कि इसका विधिवत शिलान्यास करवा काम भी शुरू करवाया, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सत्तासीन होते ही इसका काम भी अधर में लटक गया। पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही कई कार्यालय गगरेट क्षेत्र के लिए स्वीकृत हुए, लेकिन प्रदेश कांग्रेस सरकार ने इन्हें बंद करने का ही सबसे पहले काम किया। अंब-गगरेट के बीच स्वां नदी पर बन रहा पुल भी पूर्व सरकार के समय की देन है। (अनंत ज्ञान)

# विधायक कार्यकाल में जनता की समस्याओं का घरद्वार किया समाधान : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ के कार्यालय स्थित जोगी पंगा में जनसमस्याओं को सुना। इसमें क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याओं को विधायक विवेक के समक्ष रखा। इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और लोगों को आश्वस्त किया कि उनके मुद्दों को जल्द हल किया जाएगा।

विधायक ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों से संपर्क किया। उनके सक्रिय हस्तक्षेप के कारण कई मुद्दों का तुरंत समाधान हुआ, जिससे जनता में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। विधायक ने कहा कि उनके कार्यकाल में सबसे बड़ी प्राथमिकता कुटलैहड़ क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। विवेक शर्मा ने कहा कि अपने विधायक के कार्यकाल में हमने 11 माह में जनता के घरद्वार तक पहुंचने का प्रयास किया है, जिसमें सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत हूं। जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इन समस्याओं को और बेहतर तरीके से हल करने के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

विधायक ने विशेष रूप से सड़क नेटवर्क और पानी की समस्या पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कई जगहों पर सड़कें टूटी हुई हैं, जिन्हें जल्द ठीक किया जाएगा। इसके अलावा पानी की समस्या को लेकर उन्होंने अधिकारियों से चर्चा की और जल्द ही जलआपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने की योजना बनाई। विधायक ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुटलैहड़ को और भी मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कदम उठाने की बात की।

## न्यूज ब्रीफ

### पोषण आहार स्वस्थ जीवन का आधार : गजेंद्र



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पोषण व संतुलित आहार स्वस्थ जीवन का आधार है, जिससे शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र ठाकुर ने नांगाबाग में आयोजित पोषण पखवाड़ा जागरूकता शिविर में दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बंदरोल के उपप्रधान राम सिंह भी उपस्थित रहे। वहीं, रिसोर्स पर्सन के रूप में स्वास्थ्य विभाग से पधारे ममता चौहान व स्वास्थ्य कार्यकर्ता राखी महाजन ने गर्भवती महिला के आहार व स्तनपान के महत्व पर जानकारी दी। वहीं, स्वास्थ्य शिक्षिका ममता द्वारा प्रसव के दौरान व प्रसव के उपरांत मां व बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र ठाकुर ने बेटियों के जन्म पर उपस्थित माताओं को बधाई पत्र बांटे। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के अंतर्गत बेटियों के नाम पर पौधे भी रोपे।

### जिला स्तरीय विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल कल्लू के सभागार में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें चामुंडा नर्सिंग मोहल के छात्राओं को मौखिक स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न बातों के बारे में बताया गया। इस दौरान आर्थो डेंटिस्ट डॉक्टर प्रशांत सकलानी ने जानकारी देते हुए कहा कि दांतों से जुड़ी हुई बीमारियों के बारे में नर्सिंग छात्राओं को विस्तार से बताया गया और कैसे इनसे छुटकारा पाया जा सकता है इसको लेकर भी उन्हें जानकारी दी गई इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मुंह से जुड़े हुए विभिन्न प्रकार के रोग आजकल सामने आ रहे हैं। ऐसे में इसे किस तरीके से निपटा जाए इसके बारे में जागरूकता फैलाई गई। उन्होंने कहा की जगह-जगह पर लोगों को सूचना भी दी जाएगी कि किस तरह से लोग अपने ओरल हेल्थ को सुरक्षित रख सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जगह-जगह पर शिविर का भी आयोजन करेंगे और लोगों के मौखिक स्वास्थ्य की भी जांच की जाएगी।यह कार्यक्रम आगामी 20 अप्रैल तक चलेगा।

### शिक्षा की गुणवत्ता के लिए अध्यापक प्रयास करें : डॉ. सुनील

**अनंत ज्ञान, आनी ।** समग्र शिक्षा जिला कुल्लू के सौजन्य से पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में उपनिदेशक गुणात्मक शिक्षा जिला कुल्लू डॉक्टर सुनील ठाकुर की अध्यक्षता में एकदिवसीय खंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आनी खंड के 19 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक, 7 उच्च विद्यालय, 20 माध्यमिक विद्यालयों तथा 18 केंद्रीय प्राथमिक विद्यालयों के विद्यालय प्रमुखों ने भाग लिया। बैठक में सर्वप्रथम खंड परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा प्रधानाचार्य अमर चन्द चौहान ने उपनिदेशक तथा पूरी टीम का स्वागत किया गया तथा आनी खंड की पाठशालाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की । उपनिदेशक डॉ सुनील ठाकुर ने सभी विद्यालय प्रमुखों को अपनी पाठशालाओं नामांकन वृद्धि के लिए अभिभावकों का विश्वास जीतने का आहवान किया । उन्होंने विद्यार्थियों के गुणात्मक विकास के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए । उपनिदेशक ने पीएम श्री विद्यालय आनी के स्टाफ के साथ विशेष बैठक भी की तथा शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों तथा पाठशाला में ड्रेस कोड अपनाने के लिए प्रशंसा की। इस दौरान जिला निरीक्षण टीम से प्रधानाचार्य वंदना ठाकुर तथा धीरज सागर तथा बीईईओ सुनीता ठाकुर तथा आनी खंड के सभी विद्यालय प्रमुख उपस्थित रहे ।

### टैक्सी यूनियम की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिम आंचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन मनाली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राज कमल ने कहा कि ऑपरेटरों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि मनाली आने वाले हर पर्यटकों सहित लोगों को बेहतरीन सेवाएं देने का प्रयास किया जाएगा। राज कमल आज टैक्सी यूनियन के जनरल हाउस में सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। महासचिव तेज राम (अमित चंकी) ने कहा कि यूनियन हर सदस्य को मान-सम्मान देगी और उनकी समस्याओं का यथासंभव समाधान करेगी। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष किरण कुमार व कोषाध्यक्ष किशन कुमार ने कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ यूनियन की मजबूती के लिए मिलजुलकर काम करेंगे। इससे पहले चुनाव कमेटी ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी और उन्हें कार्यभार सौंपा। जनरल हाउस की बैठक आज मनोनित अध्यक्ष चंद्रसेन की अध्यक्षता में हुई।

# दुग्ध उत्पादन कारोबार बढ़ा रहा आर्थिकी

## कुल्लू जिले में बागवानी व पर्यटन कारोबार के साथ अब दुग्ध कारोबार में भी बढ़ रहा लोगों का रुझान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



कुल्लू जिले में बागवानी जहां लोगों की आर्थिकी की रीढ़ है वहीं, अब दुग्ध उत्पादन कारोबार भी अब धीरे धीरे लोगों की जेब भरने में सहायक सिद्ध हो रहा है। दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा काफी प्रयास किए जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप दुग्ध उत्पादक सभाएं बढ़ रही हैं, जिससे पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है और दूध का उत्पादन भी बढ़ रहा है।

बात यदि कुल्लू जिले की करें तो जिला में भी दुग्ध उत्पादक सभाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है। वहीं, बागवानी व पर्यटन कारोबार के साथ-साथ कुल्लू जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अब दुग्ध उत्पादन भी लोगों की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। खासकर कुल्लू जिले के विकास खंड आनी व निरमंड में वर्तमान समय में सबसे अधिक दुग्ध उत्पादक सभाएं कार्य कर रही हैं। जिले में वर्ष 2024-25 में 101 नई सभाएं पंजीकृत हुई हैं। विभाग की ओर से इन सभी नई सभाओं का पंजीकरण कर लाइसेंस जारी कर दिए हैं। लिहाजा, कुल्लू जिले में दुग्ध उत्पादक सभाओं का दायरा लगातार बढ़ने लगा है और दायरा बढ़ने के साथ ही कारोबार में भी इजाफा हो रहा है। वर्तमान में 226 दुग्ध उत्पादक सभाएं पंजीकृत हैं, जिन्होंने इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में 128.60 करोड़ के करीब कारोबार किया है।

गौरतलब है कि कुल्लू जिले में हथकरघा और हस्तशिल्प सभाओं के बाद दुग्ध उत्पादक सभाएं ही सबसे अधिक हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दूध का कारोबार अधिक होता है।

बागवानी के बाद दुग्ध उत्पादन यहां के लोगों की आर्थिकी का मुख्य साधन है। कुल्लू जिला सहकारिता विभाग के पास विकास खंड नग्गर, कुल्लू, भुंतर, बंजार, आनी और निरमंड में 31 मार्च 2024 तक जहां 153 दुग्ध उत्पादक सभाएं थीं, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 226 हो गई हैं, जो दर्शाता है कि दुग्ध कारोबार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### पांच विकास खंड में कहां कितनी सभाएं

| खंड | सभाएं |
|---|---|
| कुल्लू | 23 |
| बंजार | 20 |
| आनी | 88 |
| निरमंड | 73 |
| नग्गर | 22 |

### पशुपालकों व किसानों को हो रहा फायदा

**जिले** में दुग्ध उत्पादक सभाओं का पंजीकरण होने से दूध का कारोबार करने वाले ग्रामीणों को आर्थिक तौर पर फायदा मिल रहा है। ग्रामीणों को कम मेहनत में मुनाफा सभाओं के माध्यम से मिल रहा है। यह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों दुग्ध उत्पादकों को आर्थिक सहायता दे रहा है, साथ ही यह कारोबार पशुपालकों और किसानों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू का सपना है कि हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है और हर गरीब परिवार व महिला को सशक्त करना है। हिमाचल की सभी पंचायतों व गांवों में दुग्ध सोसायटियां स्थापित की जाएंगी ताकि महिलाओं व युवाओं को घर-द्वार पर रोजगार के अवसर मिलें और आय का साधन विकसित हो। सरकार इसके लिए लगातार प्रयासरत है।

**-बुद्धि सिंह ठाकुर, चेयरमैन प्रदेश मिल्क प्रोड्यूसर फेडरेशन (मिल्कफेड)**

कुल्लू जिले में वर्तमान समय में कुल 226 दुग्ध उत्पादक सभाएं पंजीकृत हैं। विभाग की ओर से समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में इस कारोबार को लेकर रुझान बढ़ रहा है और लोगों की आर्थिकी भी बढ़ रही है। विभाग दुग्ध उत्पादक सभाओं को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

**-राजेश जसवाल, सहायक पंजीयक (अतिरिक्त कार्यभार) सहकारिता विभाग, कुल्लू**

# लाहौल-स्पीति में पोषण, पर्यावरण व जल संरक्षण का बताया जाएगा महत्व




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

### महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण पखवाड़ा अभियान शुरू

लाहौल-स्पीति जिले में 15 दिन तक लोगों को पोषण, पर्यावरण व जल संरक्षण पर जागरूक किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। कुपोषण प्रबंधन पर जागरूकता फैलाई जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। कुपोषण और अनीमिया के स्तर में कमी लाने सहित पर्यावरण व जल संरक्षण, पोषण और स्वच्छता संबंधी विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जाएगा।

लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि खंड समन्वयक पोषण अभियान व वृत्त सुपरवाइजर और बाल विकास परियोजना अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जिला, ब्लॉक, ग्राम व प्रत्येक केंद्र स्तर पर विभिन्न पोषण पखवाड़े के तहत गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस में जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान देने के साथ पोषण ट्रैकर में उपलब्ध लाभार्थी माड्यूल का प्रचार-प्रसार, सीमैम माड्यूल के माध्यम से कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे की रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवनशैली संबंधी जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया जाएगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय डोगरा ने कहा कि पखवाड़े के दौरान कुपोषण मुक्ति के लिए जनजागरूकता व समुदाय तक पहुंच के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण भी-पढ़ाई भी, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वसहायता समूहों की बैठक, खेलकूद गतिविधियां, टीकाकरण शिविर, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, योग शिविर आदि की गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

# कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल में इंटरनेशनल लैंग्वेज प्रोग्राम शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



### अमेरिका से आए सात शिक्षक छात्रों को सीखा रहे मूल्यवान शैक्षणिक कौशल

जिला मुख्यालय कुल्लू के कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल में अब फर्स्ट क्लास से इंटरनेशनल लैंग्वेज प्रोग्राम (आईपीएल) शुरू किया गया है। स्कूल में इंटरनेशनल लैंग्वेज प्रोग्राम शुरू होने से अब स्कूल के विद्यार्थियों को स्पोकन इंग्लिश और उनका आत्मविश्वास भी विकसित हो रहा है, साथ ही वैश्विक स्तर पर संवाद करने में भी मदद मिलेगी। यह बात कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल की प्रधानाचार्य रैना वर्मा ने बुधवार को ढालपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि स्कूल में अमेरिका से आए सात शिक्षक छात्रों को मूल्यवान शैक्षणिक कौशल सिखा रहे हैं। यह कार्यक्रम इंटरनेशनल लैंग्वेज प्रोग्राम (आईपीएल) कंपनी द्वारा समन्वित किया गया है, जिसकी शुरुआत जनवरी में हुई थी और इसे स्कूल प्रबंधन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस समूह की समन्वयक इज़्ज़ी कमिंग्स ने बताया कि इन शिक्षकों का चयन साक्षात्कार प्रक्रिया के जरिए किया गया है। इनका मुख्य कार्य विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा की बोलचाल और लेखन क्षमता को बेहतर बनाना है। उन्होंने बताया किभाषा कौशल के साथ-साथ छात्रों को सामाजिक कौशल, शिष्टाचार और संवाद के गुर भी सिखाए जा रहे हैं। कमिंग्स ने बताया कि मई के बाद एक और समूह इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएगा और कुल 10 शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षित करेगा।

# काठमांडू के शंभू प्रसाद को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय सहकारिता पुरस्कार

## 21 को भुट्टिको शॉल की आत्मा स्व. वेदराम ठाकुर की स्मृति में आयोजित होगा समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

### विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली विभूतियां होंगी सम्मानित

सहकारिता तथा हथकरघा की मशाल को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रज्वलित करने वाली शख्सियत एवं सहकारिता के युग पुरुष एवं भुट्टिको शॉल की आत्मा स्व. वेदराम ठाकुर के नाम से दिए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा हो गई है।



स्व. वेदराम ठाकुर

हर वर्ष की भांति इस बार भी स्व. वेदराम ठाकुर के जन्म दिवस (21 अप्रैल) को विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली विभूतियों (राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय) को ठाकुर वेदराम (राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय) अवार्ड से भुट्टिको के सभागार में सम्मानित किया जाएगा। भुट्टिको प्रबंधक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार वर्ष 2024-25 के लिए सहकारिता क्षेत्र में इस बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिए गऐ योगदान के लिए काठमांडू (नेपाल) के शंभू प्रसाद घिमरे को सहकारिता क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं, महादेव पलसाना सीएएस सीकर राजस्थान व कुल्लू जिले के भुलंग के सुखराम सहकारिता क्षेत्र का राष्ट्रीय पुरस्कार, उत्तराखंड के चमौली की विमला मल व कुल्लू जिले के न्यूल के वेली सिंह, भुट्टि कॉलोनी की चंद्रामणी को बुनकर क्षेत्र में उनकी विशिष्ट उपलब्धियों व योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

शिमला जिले के एसआर हरनोट को साहित्य क्षेत्र के लिए, पंकज भार्गव इंडिया टीवी/आईबीएन 7 को इलेक्ट्रानिक मीडिया क्षेत्र के लिए व आदित्य कांत शर्मा संवाददाता स्टेटमैन चंडीगढ़ को प्रिंट मीडिया क्षेत्र के लिए, नेम चंद ठाकुर अर्की सोलन को पुरोहित चंद्रशेखर वेवस लोक साहित्य राष्ट्रीय पुरस्कार, रामदेव कपूर पूर्व सेवानिवृत्त डीपीआरओ लाहौल को चांद कुल्लवी लाल चंद प्रार्थी पहाड़ी कला संस्कृति राष्ट्रीय पुरस्कार, यादव किशोर गौतम नालागढ़ सोलन व वीरेंद्र वीर ज्वालामुखी को ठाकुर मौलू राम पहाड़ी भाषा साहित्य राष्ट्रीय पुरस्कार से, सतपाल भटनागर कुल्लू व सुदर्शन वशिष्ठ शिमला को लाइफ टाइम अचीवमेंट राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### 19 को काव्य संध्या का होगा आयोजन

इस अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में पुरोहित चंद्रशेखर वेवस की स्मृति में 19 अप्रैल सायंकाल में एक काव्य संध्या का आयोजन होगा। इसमें प्रतिष्ठित कवि काव्य पाठ करेंगे। इस काव्य संध्या में पूर्व नायब तहसीलदार व प्रसिद्ध पहाड़ी गायक धर्मेंद शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे। 21 अप्रैल की सायंकाल में चांद कुल्लवी लाल चंद प्रार्थी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि चारू प्रार्थी होगीं तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सोनम पूर्व कस्टम अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इन सभी विभिन्न कार्यक्रमों की अध्यक्षता भुट्टिको के चेयरमैन एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश अध्यक्ष द्वारा की जाएगी।



भुट्टिको हर वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली विभूतियों को अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय पुरस्कारों को सम्मानित करती है। इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को वर्ष 1997-98 से प्रदत्त करती आ रही है। इसी कड़ी में इस बार भी 21 अप्रैल को स्व. वेदराम ठाकुर की स्मृति में अवार्ड समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

**-सत्य प्रकाश ठाकुर, चेयरमैन भुट्टिको सोसायटी एवं पूर्व बागवानी मंत्री**

# दीपक जनदेवा, गुड्डी ने मचाया धमाल





**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

### पतलीकूहल में दुर्गाष्टमी रामनवमी मेले का धूमधाम से समापन

पतलीकूहल में दुर्गाष्टमी रामनवमी मेले की अंतिम दिन भी खूब धूम रही। अंतिम दिन मेले के समापन में अधिक भीड़ देखी गई। सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी और आशीष कंस्ट्रक्शन के एमडी वीर सिंह ठाकुर ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि ने मां दुर्गा के समक्ष शीश नवाजा और माता का आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि के साथ मेला कमेटी की प्रधान सीमा देवी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि और साथ में आए हुए गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह मेला कमेटी और आशियां क्लब द्वारा भेंट किया गया।

वीर सिंह ठाकुर ने मेला कमेटी, आशियां क्लब और व्यापार मंडल का आभार जताया। वहीं, मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार दीपक जनदेवा और गुड्डी ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन किया।

दीपक जनदेवा ने उनका सुपरहिट गीत मेरी सुमना, हिमाचली और बॉलीवुड गानों में दर्शकों को थिरकने पर मजबूर किया। स्टार कलाकार गुड्डी ने हिमाचली, नेपाली और बॉलीवुड गानों पर दर्शकों को नाचने पर मजबूर किया।

# शीतमरुस्थल लाहौल-स्पीति में मौसम ने एक बार फिर बदली करवट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/केलांग**

### चोटियों पर दूसरे दिन भी हल्की बर्फबारी का क्रम जारी

### पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का तांता, खूब कर रहे मस्ती

शीतमरुस्थल जनजातीय लाहौल स्पीति जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। लाहौल-स्पीति जिले के ऊंचे क्षेत्रों में बुधवार को दूसरे दिन भी जहां बर्फबारी का दौर जारी है, वहीं कुल्लू जिले की ऊंची चोटियों में भी बर्फ के फाहे गिरे जबकि निचले क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई। इससे घाटी के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

हालांकि, लाहौल घाटी में वाहनों की आवाजाही सामान्य रूप से चल रही है। वहीं, कुल्लू जिले के कई भागों में शाम को बारिश हुई और शाम के समय बारिश से मौसम सुहावना हो गया। लोगों को बढ़ते तापमान से राहत मिली। घाटी में करीब तीन सप्ताह से मौसम साफ होने के कारण तापमान में इजाफा हो गया था, जिस कारण घाटी में गर्मी महसूस होने लगी थी, लेकिन बुधवार को मौसम ने करवट बदली और गर्मी से कुछ राहत मिली। सनद रहे कि अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में जहां देश के मैदानी इलाके गर्मी की तपिश से तप रहे हैं, वहीं, लाहौल-स्पीति में सुबह व शाम को लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। ऐसे में मैदानी क्षेत्रों से यहां घूमने आए पर्यटक कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में खूब मस्ती कर रहे हैं।

उधर, बुधवार को सुबह से ही रोहतांग दर्रे सहित शिंकुला, बारालाचा व कुंजम में बर्फबारी का क्रम जारी है। लिहाजा, कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिला में मौसम के करवट बदलने से राहत मिली है।

# भाजपा को आज विश्व के सबसे बड़े संगठन में शुमार होने का गौरव : शर्मा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**




मनाली विधानसभा क्षेत्र ने कटराई में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

भाजपा को आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त हुआ है। बर्ष 1980 में भाजपा की नींव रखी गई थी। 6 अप्रैल, 2025 को भाजपा ने इस बार अपना 46वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। इन 46 वर्षों में भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा संगठन बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह जानकारी प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहार लाल शर्मा ने कटराई में भाजपा मनाली मंडल द्वारा आयोजित सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी।

बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि भाजपा संगठन को यहां तक पहुंचाने में भाजपा के करोड़ों पार्टी के कार्यकर्ताओं का योगदान रहा है, जिनके अमूल्य सहयोग से आज भाजपा ने बट वृक्ष का रूप धारण किया है। उन्होंने बड़े विस्तार से भाजपा के 1980 से शुरू हुए सफर का आज तक पूर्ण विवरण दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुधरी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के हर वर्ग के लिए कार्य हो रहा है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर ने सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भाजपा ही एक ऐसा संगठन है, जहां समय समय पर कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जाते हैं। सक्रिय सदस्य सम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुंच कर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए उन्होंने सबको बधाई दी। इस सक्रिय सदस्य सम्मेलन को भाजपा मनाली मंडल के अध्यक्ष सहित नगर मंडल के अध्यक्ष ठाकुर दास ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धनेश्वरी ठाकुर, प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री अखिलेश कपूर, महिला मोर्चा प्रदेश सचिव बर्षा ठाकुर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम कुल्लवी, जिला भाजपा प्रवक्ता रुक्मणि जोशी, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष जनेश ठाकुर, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष गंगा सिंह नगर मंडल के महामंत्री सुनील कारवा, भागेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# आज से नौ दिन तक लाहौल-स्पीति के दौरे पर रहेंगी विधायक अनुराधा राणा

**अनंत ज्ञान, केलांग**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा अप्रैल माह में अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगी। यह दौरा विकास योजनाओं की समीक्षा, जनसमस्याओं के समाधान और संगठनात्मक मजबूती को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम के अनुसार, 10 से 18 अप्रैल तक विधायक क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद करेंगी।



10 अप्रैल को वे शिमला से सड़क मार्ग के जरिए मनाली के लिए रवाना होंगी और रात को लाहौल-स्पीति भवन में विश्राम करेंगी। अगले दिन 11 अप्रैल को वे मनाली से केलांग पहुंचेंगी, जहां दोपहर 4 बजे डीसी कार्यालय में एसएडीए (साडा) की बैठक की अध्यक्षता करेंगी। शाम 6 बजे ओल्ड सर्किट हाउस में आम जनता की शिकायतें सुनेंगी। 12 अप्रैल को सुबह 10 बजे पुराने सर्किट हाउस, केलांग में कांग्रेस पार्टी की बैठक की अध्यक्षता स्वयं विधायक अनुराधा राणा करेंगी।

इसी दिन दोपहर बाद वे फील्ड विजिट और जनसुनवाई करेंगी। 13 अप्रैल विश्राम और आंतरिक समीक्षा के लिए निर्धारित है। 14 अप्रैल को विधायक मनाली और कुल्लू में रहेंगी, जहां वे लाहौल-स्पीति छात्र संघ (एलएसएसए) के वार्षिक सांस्कृतिक समारोह शगुन 2025 में भाग लेंगी। इस दिन का कार्यक्रम पूरी तरह छात्र संगठन के साथ संवाद को समर्पित रहेगा। हिमाचल दिवस पर केलांग में रहेंगी उपस्थित 15 अप्रैल को वे हिमाचल दिवस के अवसर पर केलांग में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। इसके अलावा वह 18 अप्रैल तक अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगी।

**रोष**

## कृषक विकास संघ निरमंड ने जलशक्ति विभाग और सरकार को दिया अल्टीमेटम, बोले-

# 10 दिन में कुर्पन कूहल चालू न हुई तो होगा उग्र प्रदर्शन: संघ

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

8 माह पहले बादल फटने के बाद ध्वस्त हुई निरमंड की सिंचाई योजना कुर्पन नहर की मरम्मत पूरी न होने से प्रभावित किसानों और बागवानों में रोष है। फलस्वरूप प्रभावित किसानों बागवानों में रोष पनप गया है और कृषक विकास संघ निरमंड ने जलशक्ति विभाग और सरकार को 10 दिनों का अल्टीमेटम दिया है, अन्यथा जलशक्ति विभाग और सरकार के खिलाफ तेज प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

इसको लेकर कृषक विकास संघ निरमंड ने जलशक्ति विभाग के निरमंड के अधिशाषी अभियंता के कार्यालय और एसडीएम निरमंड से भी मुलाकात की और एक मांग पत्र भी सौंपा। इसमें संघ ने मांग की है कि 31 जुलाई, 2024 की रात को कुर्पन खड्ड में आई भयानक बाढ़ में कुर्पन-निरमंड सिंचाई कुहल क्षतिग्रस्त हो गई थी।



कूहल के चालू नहीं होने से गांववासियों को जीवन-यापन करना हुआ मुश्किल।

### गत 31 जुलाई को बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई कूहल से किसान बागवान परेशान

इसके फलस्वरूप इस सिंचाई नहर से लाभान्वित होने वाले निरमंड खण्ड की 8 पंचायतों के 7000 से ज्यादा किसानों, बागवानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें हैं और उनकी खेतीबाड़ी पर संकट गहरा गया है। फलस्वरूप इस कूहल का मरम्मत कार्य जल्द पूरा कर दिया जाए। इसके अलावा मांग की गई कि इस कूहल की मरम्मत को लेकर जो कार्य किया जाए, उसकी सूचना कृषक विकास संघ को भी दी जाए। कुर्पन कूहल कृषक विकास संघ, निरमंड के प्रधान प्रदीप स्नेही, उपप्रधान प्रेम सिंह राठौर, तकनीकी सलाहकार अशोक शर्मा, सचिव दीपेक्ष शर्मा, सलाहकार भलकु राम, कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा, ताबे राम, संजीव कुमार, अमर सिंह, राकेश कुमार के अलावा प्रभावित 8 पंचायतों के युवक मंडलों, महिला मंडलों आदि ने बताया कि 17 किलोमीटर लंबी इस सिंचाई नहर से निरमंड खंड की कोट, बड़ीधार, तवार, भालसी, शिशवी, डीम और बाहवा आदि पंचायतों के अलावा नगर पंचायत निरमंड की करीब 7 हजार किसान आबादी प्रभावित हो चुकी है।

इस सिंचाई नहर और वर्षा पर आधारित खेती के कारण फसलें उगाई नहीं जा रही। सेब की नर्सरी लगाई है, वह खत्म होने की कगार पर है। उन्हें अपने जीवन यापन के साथ-साथ, बैंक के ऋण चुकाने की चिंता भी सताने लगी है। रबी की सारी फसलें नष्ट हो चुकी हैं या होने के कगार पर है। संघ ने चेताया है कि यदि 10 दिन के भीतर कुर्पन सिंचाई कूहल की मरम्मत पूरी कर यदि पानी नहीं चला और किसानों-बागवानों को लाभ नहीं मिला तो उग्र विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे,जिसकी जिम्मेदारी जलशक्ति विभाग और सरकार की होगी।

वहीं, इस बारे में जलशक्ति विभाग के आनी मंडल के अधिशाषी अभियंता इंजीनियर किशोर का कहना है कि कुर्पन सिंचाई कूहल की मरम्मत का कार्य जोरों पर है। उम्मीद है 10 दिन के भीतर कूहल चालू करके किसानों बागवानों को सिंचाई योग्य जल मिल सकेगा।

# 10 दिवसीय एनसीसी एडवेंचर कैंप संपन्न

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी एडवेंचर कैंप संपन्न हो गया। अटल बिहारी वाजपेयी खेल पर्वतारोहण संस्थान में प्रतिभागियों ने खेलों के गुर सीखे। कैडेटों ने विभिन्न विषयों जैसे कि पर्वतीय शिष्टाचार, बैकपैकिंग, स्ट्रेचर बनाना, रस्सियां और गांठें आदि पर व्याख्यान और प्रदर्शनों में भी भाग लिया।

प्रतिभागियों ने रॉक क्लाइंबिंग, पर्वतीय उपकरणों को संभालना, पर्वतीय शिष्टाचार और रस्सियों और गांठों पर व्यावहारिक सत्र में भाग लिया। प्रतिभागियों ने साहसिक गतिविधियों और टीमवर्क और संचार के महत्व की गहरी समझ भी विकसित की। अटल बिहारी पर्वतारोहण खेल संस्थान मनाली के निदेशक अविनाश नेगी ने बताया कि एक अप्रैल से 10 अप्रैल तक आयोजित इस कैंप में चंडीगढ़ और यूपी निदेशालय से कुल 102 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
288




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
11




सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
24

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 03 | 03 | 00 | 06 |
| 2. | गुजरात | 04 | 03 | 01 | 06 |
| 3. | बेंगलुरु | 04 | 03 | 01 | 06 |
| 4. | पंजाब | 03 | 03 | 01 | 06 |
| 5. | लखनऊ | 05 | 03 | 02 | 06 |
| 6. | कोलकाता | 05 | 02 | 03 | 04 |
| 7. | राजस्थान | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 8. | मुंबई | 05 | 01 | 04 | 02 |
| 9. | चेन्नई | 05 | 01 | 04 | 02 |
| 10. | हैदराबाद | 05 | 01 | 04 | 02 |

**आईपीएल** स्टार खिलाड़ी विराट कोहली और मिचेल स्टार्क के प्रदर्शन पर रहेगी सबकी नजर

# दिल्ली-बेंगलुरु में आज रोमांचक जंग




**एजेंसी, बेंगलुरु**

शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना बृहस्पतिवार को आईपीएल के मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा तो सभी की नजरें विराट कोहली और मिचेल स्टार्क की टक्कर पर लगी होंगी।

दिल्ली ने अब तक तीनों मैच जीते हैं जबकि आरसीबी ने चार में से तीन मैच में जीत दर्ज की है। दोनों टीमें हालात और विरोधी टीम के अनुकूल खुद को ढालने में कामयाब रहीं हैं। आरसीबी ने कोलकाता, चेन्नई और मुंबई में जीत दर्ज की और एकमात्र पराजय उसे चिन्नास्वामी स्टेडियम पर गुजरात टाइटंस के हाथों झेलनी पड़ी । हार की वजह हालांकि टीम की कोई कमी नहीं रही बल्कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच ने उसे हैरान कर दिया।

वहीं विशाखापत्तनम और चेन्नई जैसी अलग अलग पिचों पर जीत दर्ज करके आई दिल्ली के खिलाफ आरसीबी को सावधान रहना होगा । वैसे विराट के फॉर्म में आने से मेजबान टीम के हौसले बुलंद है।

छत्तीस वर्ष के विराट को हालांकि आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव से पार पाना होगा। कोहली ने स्टार्क के खिलाफ टी20 क्रिकेट में 31 गेंद में 72 रन बनाये हैं लेकिन इस सत्र में स्टार्क तीन मैचों में 11 की औसत से नौ विकेट ले चुके हैं । पावरप्ले में स्टार्क और कोहली की भिड़ंत पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

इसके बाद कुलदीप से सामना होगा जो छह की इकॉनॉमी रेट से छह विकेट ले चुके हैं । वैसे टी20 क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ ऊंचे और स्वीप शॉट खेलने की अपनी कमजोरी से पार पा चुके कोहली काफी उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं । इससे उन्हें धीमे बल्लेबाजों के खिलाफ खुलकर खेलने में मदद मिल रही है । कुलदीप की तरकश में हालांकि कई तीर हैं और वह किसी भी बल्लेबाज को परेशान कर सकते हैं। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार भी फॉर्म में हैं और वह स्पिनरों को खेलने में माहिर हैं । ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स को बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल से अधिक प्रभावी भूमिका की उम्मीद होगी । कप्तान अक्षर ने अब तक तीन मैचों में आठ ओवर डाले हैं लेकिन एक भी विकेट नहीं ले सके हैं।

आरसीबी के लिए नई गेंद संभालने वाले जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार पावरप्ले में प्रभावी रहे हैं । उन्हें दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल पर लगाम लगानी होगी जो यहां के हालात से बखूबी वाकिफ हैं। राहुल अब देर तक टिकने की बजाय बेहद आक्रामक खेलने के इरादे से उतर रहे हैं जिससे काफी खतरनाक भी साबित हो रहे हैं। दिल्ली की नजरें फाफ डु प्लेसी की फिटनेस पर भी लगी होंगी जो चेन्नई के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाये थे। यहां के हालात से वाकिफ डु प्लेसी अगर फिट होते हैं तो आरसीबी के नई गेंद के गेंदबाजों को अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल सॉल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, कृणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वस्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह और मोहित राठी।

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव।

# साई सुदर्शन की दमदारी पारी से गुजरात टाइटंस मजबूत



**एजेंसी, अहमदाबाद**

आईपीएल 2025 का 23वां मैच गुजरात टाइटंस (जीटी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया।

राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। राजस्थान को मैच के शुरुआत में ही सफलता मिल गई। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल महज दो रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने बोल्ड किया। हालांकि, इसके बाद साई सुदर्शन और जोस बटलर ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाला।

दोनों ने मिलकर गुजरात के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। साई सुदर्शन ने 22 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी की। वहीं, बटलर ने भी जिम्मेदारी से बैटिंग की। दोनों की अर्धशतकीय साझेदारी से गुजरात की टीम बड़े स्कोर की ओर अग्रसर थी। हालांकि, जोस बटलर भी 36 रन बनाकर आउट हो गए।

समाचार लिखे जाने तक गुजरात टाइटंस ने 11 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 108 रन बना लिए थे। सुदर्शन 53 रन बनाकर खेल रहे थे, जबकि उनका साथ निभाने आए शाहरुख खान 10 रन पर खेल रहे थे। वनिंदु हसरंगा निजी कारणों से यह मैच नहीं खेला। उनकी जगह फजल हक फारुकी को मौका दिया गया। वहीं, गुजरात की टीम ने पिछले मैच की प्लेइंग-11 में बदलाव नहीं किया है।

# नीरज चोपड़ा 16 मई को दोहा डायमंड लीग के साथ करेंगे सीजन की शुरुआत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के डबल ओलंपिक पदक विजेता, भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पुष्टि की कि वह 2025 सीजन की शुरुआत कतर की राजधानी दोहा में 16 मई को होने वाली डायमंड लीग मीट से करेंगे।

टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड और फिर 2024 पेरिस ओलंपिक में सिल्वर पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह एक बार फिर से दोहा में दुनिया के सबसे जोशिलें एथलेटिक्स दर्शकों के सामने प्रदर्शन करने का इंतजार कर रहे हैं। चोपड़ा ने 2023 में कतर स्पोर्ट्स क्लब में 88.67 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की थी। अपने तीसरे दोहा दौरे से पहले उन्होंने कतर में भारतीय प्रशंसकों से मिलने वाली भरपूर समर्थन का जिक्र किया और कहा, मैं हमेशा कतर में भारतीय लोगों से मिलने वाली तारीफों से अभिभूत हो जाता हूं, और इसके लिए शब्दों की कमी महसूस होती है।



27 वर्षीय चोपड़ा, जिनका कोच अब चेक गणराज्य के विश्व रिकॉर्डधारी और ओलंपिक एवं विश्व चैंपियन जान जेलेज़नी हैं, ने भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। पिछले सीजन में चोपड़ा को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जबकि डायमंड लीग फाइनल में एंडरसन पीटर्स से दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने कहा, पिछला साल मेरे लिए बहुत कुछ सिखाने वाला था, लेकिन मुझे भारतीय ध्वज के नीचे ओलंपिक खेलों में पदक जीतने पर गर्व है। दोहा मीट के बाद, चोपड़ा 24 मई को पंचकुला में 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' जेवलिन इवेंट में भी हिस्सा लेंगे।

# सुरुचि और विजयवीर ने भारत को दिलाए दो स्वर्ण

**आईएसएसएफ वर्ल्ड कप**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना) में चल रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में मंगलवार को भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन को पदक तालिका में पछाड़ दिया है। सुरुचि सिंह और विजयवीर सिद्धू ने अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर भारत की झोली में कुल चार स्वर्ण पदक डाल दिए।

सुरुचि ने चीन की तीन निशानेबाजों को पछाड़ा। वहीं 18 वर्षीय सुरुचि इंद्र सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में दमदार वापसी करते हुए चीन की तीन निशानेबाजों को पीछे छोड़ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। फाइनल के नौवें शॉट तक सुरुचि केवल कियान वेई से पीछे थीं, लेकिन एक दुर्लभ 8.9 स्कोर ने चौथे स्थान पर पहुंचा दिया। उन्होंने 10.7 तथा 10.8 जैसे शॉट्स के दम पर बढ़त बना ली। चार एलिमिनेशन के बाद वेई के साथ बढ़त 0.5 अंकों की थी।

ओलंपिक मेडलिस्ट जियांग रैनशिन ने शूट-ऑफ में याओ कियानसुन को हराकर कांस्य पदक जीता।

क्वालिफिकेशन में सुरुचि ने 583 स्कोर के साथ टॉप किया था। चीन की वेई दूसरे और रैनशिन तीसरे स्थान पर रहीं।

### विजयवीर ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में जीता स्वर्ण

**पुरुषों** की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में विजयवीर सिद्धू ने खराब शुरुआत के बावजूद शानदार वापसी करते हुए गोल्ड मेडल जीता। पहले सीरीज में उन्होंने केवल एक शॉट पर निशाना लगाया था, लेकिन अगली तीन सीरीज में चार-चार निशाने लगाकर वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए। जैसे ही रूस के इवान सेमिनिखिन बाहर हुए, विजयवीर ने पांच हिट के साथ मुकाबले पर पकड़ बनानी शुरू की। अंत में भारत के विजयवीर और इटली के रिकार्डो माजेट्टी 25 हिट के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे। चीन के यांग यूहाओ को 23 हिट के साथ कांस्य से संतोष करना पड़ा। अन्य भारतीय गुरप्रीत सिंह 10वें स्थान पर और अनीश भनवाला 13वें स्थान पर फाइनल में जगह नहीं बना सके।

## स्पोर्ट्स विंडो

### क्रिकेट जगत के नए सुपरस्टार बने 24 वर्षीय प्रियांश आर्य

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) की एक रात, जिसे प्रियांश आर्य कभी नहीं भूल पाएंगे-और शायद क्रिकेट प्रेमी भी नहीं। मंगलवार को पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए इस 24 वर्षीय बल्लेबाज़ ने महज 39 गेंदों में 103 रन ठोक दिए। पहली ही आईपीएल सीज़न, पहला ही शतक और वह भी ऐसे अंदाज में कि सोशल मीडिया पर उनकी पारी के वीडियो वायरल होने लगे। क्रिकेट के इस महाकुंभ में यह किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा डेब्यू था। प्रियांश ने अपनी पारी की शुरुआत ही धमाकेदार अंदाज में की। मैच की पहली ही गेंद पर खलील अहमद को डीप प्वाइंट के ऊपर से छक्का जड़ा और पहले ओवर में कुल 16 रन बटोरे। शुरुआत से ही वह आक्रामक तेवरों में नजर आए और विकेट गिरने के बावजूद अपनी लय में बने रहे। उनकी 103 रनों की पारी में 7 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। पंजाब किंग्स के असिस्टेंट कोच ब्रैड हैडिन ने प्रियांश की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'पहली ही प्रैक्टिस गेम में हमें पता चल गया था कि यह लड़का कुछ खास है। जब जोफ्रा आर्चर की गेंद पर आउट हुआ था, तब भी उसने माना कि वो एक बेहतरीन बॉल थी, लेकिन आज उसने दिखा दिया कि वह कितनी तेजी से सीखता है।

### हेजल कीच खूबसूरत अंदाज में

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड इंडस्ट्री में ऐसी कई अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने क्रिकेटर्स से शादी रचाई है। इसी श्रेणी में एक्ट्रेस और इंडियन क्रिकेटर युवराज सिंह की पत्नी हेजल कीच का नाम भी आता है। हेजल ने इंडस्ट्री में ज्यादा फिल्मों में काम नहीं किया है, इसके बावजूद फिल्मी जगत में उनकी एक अलग पहचान है।



### सरनदीप ने प्रियांश की सराहना कर कहा-हमेशा से पता था कि वह विशेष है

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर और दिल्ली के कोच सरनदीप सिंह ने युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य को 'इस समय देश के सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक' करार दिया और कहा कि उचित क्रिकेट शॉट के माध्यम से तेजी से रन बनाने की उनकी क्षमता उन्हें दूसरे खिलाड़ियों से अलग बनाती है। इक्कीस साल के प्रियांश ने मंगलवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स के लिए शानदार शतक लगाया। घरेलू सर्किट में प्रभावित करने के बाद नीलामी में तीन करोड़ 80 लाख रुपये में खरीदे गए प्रियांश ने अपने चौथे आईपीएल मैच में ही 103 रन की तूफानी पारी खेली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अब तक चार मैच में 39.50 की औसत और 210.66 के स्ट्राइक रेट से 158 रन बनाए हैं। उनके 11 छक्कों ने उन्हें आईपीएल 2025 के शीर्ष 'पावर हिटर' में शामिल किया है। सरनदीप ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''कुछ महीने पहले मैंने उसे दिल्ली के स्थानीय मैचों में खेलते हुए देखा था। हमने उसे अपनी साउथ दिल्ली सुपरस्टार टीम के लिए डीपीएल (दिल्ली प्रीमियर लीग) में चुना। उसने शतक बनाया, एक ओवर में छह छक्के लगाए और टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाला खिलाड़ी बना। हमें पता था कि उसमें कुछ खास है।''

# बल्लेबाजी बेहतर हुई, लेकिन चेन्नई के लिए यह निराशाजनक सत्र : स्टीफन



**एजेंसी, मुल्लांपुर**

शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को रन बनाते देख चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने राहत की सांस ली लेकिन लगातार चार हार के बाद उन्हें लगता है कि आईपीएल का यह सत्र टीम के लिए निराशाजनक है। पंजाब किंग्स से मिले 220 रन के लक्ष्य के जवाब में चेन्नई 18 रन से चूक गई। फ्लेमिंग ने मैच के बाद मीडिया से कहा,'अब तक यह सत्र निराशाजनक रहा है।''

उन्होंने कहा ,''कैचिंग खराब रही है लेकिन वह दोनों टीमों की ही खराब थी । लाइट के साथ कुछ दिक्कत थी या क्या, पता नहीं लेकिन फील्डिंग चिंता का विषय है।' चेन्नई सुपर किंग्स अभी तक पांच मैचों में 11 कैच टपका चुकी है और तीन कैच पंजाब किंग्स के खिलाफ छोड़े। चेन्नई के लिए सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे और रचिन रविंद्र ने 69 रन की साझेदारी की । इसके बाद कोंवे और शिवम दुबे ने तीसरे विकेट के लिए 89 रन जोड़े।

फ्लेमिंग ने कहा ,'' सकारात्मक बात यह है कि हमने बेहतर बल्लेबाजी की । शीर्षक्रम से मदद मिली जो अब तक नहीं मिली थी।'

उन्होंने कहा ,'' बीच के ओवरों में हम रनरेट कायम नहीं रख सके जिससे आखिर में दबाव बढ़ गया। लेकिन इससे पहले हम जल्दी ही मैच से बाहर होते रहे हैं जिसे देखते हुए अंत तक मैच को खींचना सकारात्मक पहलू है । हमने फील्डिंग में मैच गंवा दिया।'' फ्लेमिंग ने पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य की तारीफ की जिसने दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरते रहने के बावजूद 42 गेंद में 103 रन बनाए। उन्होंने कहा ,'' यह उसका दिन था । उसने पहली ही गेंद से शानदार खेला । यह बहुत साहस की बात है कि पहली गेंद पर आउट होने के बाद आप इस तरह आकर ऐसी पारी खेलते हैं।''

पंजाब के लिए 36 गेंद में 52 रन बनाने वाले शशांक सिंह ने प्रदेश स्तर की टी20 स्पर्धाओं का समर्थन करते हुए कहा ,'' इस तरह की लीग से ही प्रियांश आर्य , दिग्वेश राठी (लखनऊ सुपर जाइंट्स) जैसे खिलाड़ी निकले हैं। उन्होंने कहा ,'' इस तरह की लीग में दूधिया रोशनी में कूकाबूरा गेंद से खेलने और दबाव का सामना करने का अनुभव मिलता है।''

# पंजाब किंग्स के ग्लेन मैक्सवेल पर जुर्माना

**एजेंसी, मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है। छत्तीस वर्ष के मैक्सवेल ने धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान साजोसामान को नुकसान पहुंचाने के संबंध में है।



बीसीसीआई ने एक ईमेल में कहा ,'' पंजाब किंग्स के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ न्यू पीसीए स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा उन पर एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया है ।''

इसमें कहा गया ,'' ग्लेन मैक्सवेल ने अपराध और मैच रैफरी द्वारा सुनाई गई सजा स्वीकार कर ली है । लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है ।'' बल्ले और गेंद से फॉर्म के लिये जूझ रहे मैक्सवेल ने चेन्नई के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को दूसरी ही गेंद पर रिटर्न कैच दे दिया था । पंजाब ने हालांकि मैच 18 रन से जीता ।

# बल्लेबाजी में अहंकार नहीं, परिस्थिति के अनुसार खेलना चाहता हूं: विराट



**एजेंसी, नई दिल्ली**

महान बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि उनका मूल सिद्धांत अहंकार पर काबू रखते हुए मैच की परिस्थितियों के हिसाब से बल्लेबाजी करना है।

मौजूदा दौर के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक कोहली ने हाल ही में एक और उपलब्धि हासिल की । वह टी20 प्रारूप में 13000 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। कोहली ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा, ''यह (बल्लेबाजी) कभी अहंकार के बारे में नहीं है। यह कभी किसी को मात देने की कोशिश नहीं है। मेरे लिए यह हमेशा खेल की स्थिति को समझने के बारे में रहा है। यह कुछ ऐसा है जिस पर मुझे हमेशा गर्व है। मैं परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा, '' अगर मैं लय में होता हूं तो मैं स्वाभाविक रूप से जिम्मेदारी उठाने की पहल करता। अगर कोई और बेहतर तरीके से खेल रहा होता है तो वह ऐसा करता है।''

कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक और रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 256 मैचों में आठ शतकों के साथ 8168 रन बनाए हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने 2011 सत्र के बाद से इस प्रारूप की जरूरतों को समझ लिया। उन्होंने कहा, '' रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने पहले तीन वर्षों में मुझे शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने के मौके नहीं मिले। मुझे आमतौर पर निचले क्रम में भेजा जाता था। ऐसे में मैं उस दौरान आईपीएल में बड़े पैमाने पर सफल नहीं हो पाया।''

कोहली ने कहा, '' मैंने साल 2010 से अच्छा प्रदर्शन करना शुरू किया और 2011 से नियमित तौर पर तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने लगा। तब से मैंने निरंतरता के साथ अच्छा प्रदर्शन किया है।

कोहली ने स्वीकार किया कि लीग में 18 साल बिताने से उन्हें क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में अपने कौशल को निखारने में मदद मिली। उन्होंने कहा, ''आईपीएल आपको बहुत ही अनोखे तरीके से चुनौती देता है क्योंकि इस लीग की संरचना काफी अगल है। यह एक छोटी द्विपक्षीय श्रृंखला की तरह नहीं है, यह कई हफ्तों तक चलता है और अंक तालिका में आपकी स्थिति बदलती रहती है। लगातार बदलते परिदृश्य से अलग-अलग तरह के दबाव आते हैं।''


**कवायद** विश्व मुक्केबाजी ने बीएफआई मामलों की देखरेख के लिए अंतरिम समिति की गठित

# भारतीय मुक्केबाजों के अधिकारों और हितों की होगी रक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विश्व मुक्केबाजी ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के मामलों की देखरेख के लिए एक अंतरिम समिति का गठन किया है, ताकि प्रशासनिक निरंतरता और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह को पत्र लिखकर छह सदस्यीय समिति की नियुक्ति की जानकारी दी है।

अजय सिंह समिति की अध्यक्षता करेंगे। वह इस पद पर '90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए नहीं रहेंगे'। छह सदस्यीय समिति में बीएफआई के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निरवान, कार्यकारी निदेशक अरुण मलिक और ओलंपियन एल सरिता देवी शामिल हैं। सात अप्रैल को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि समिति के शेष दो सदस्यों में से एक भारतीय ओलंपिक समिति (आईओए) का नामित व्यक्ति होगा, जिसे 'आईओए अध्यक्ष और सदस्यों के परामर्श से नामित किया जाएगा।''



आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने अभी तक किसी सदस्य को नामित नहीं किया है। सिंगापुर मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष फैरुज मोहम्मद भी समिति का हिस्सा हैं। वह 'इस समिति के काम को मान्यता देने के लिए' पर्यवेक्षक के रूप में विश्व मुक्केबाजी के प्रतिनिधि के रूप में भी काम करेंगे। सिंह ने बीएफआई सचिव हेमंत कलिता और कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को निलंबित कर दिया, क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन की अगुवाई में हुई जांच में दोनों को 'वित्तीय अनियमितताओं' का दोषी पाया गया था। कलिता और दिग्विजय दोनों ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दी है। महासंघ के बीच अंदरूनी कलह के कारण पिछले महीने कई राज्य इकाइयों ने महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का बहिष्कार किया था। इस आयोजन के दौरान सिंह ने कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप की घोषणा की थी। वान डेर वोर्स्ट ने अपने पत्र में लिखा, ''यह अंतरिम समिति प्रशासनिक निरंतरता प्रदान करने के साथ भारतीय मुक्केबाजों के अधिकारों और हितों की रक्षा करने के लिए बनाई जा रही है। इसका अस्तित्व बीएफआई में चुनाव के साथ नई लोकतांत्रिक कार्यकारी समिति के गठन तक रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''अंतरिम समिति को प्रशासनिक निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए बीएफआई के दिन-प्रतिदिन के प्रबंधन सहित कई जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इसमें राष्ट्रीय चैंपियनशिप सहित घरेलू प्रतियोगिताओं को 'निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी' तरीके से आयोजित करना और सभी हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना शामिल है।''

समिति चयन नीति के आधार पर अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए समयबद्ध तरीके से भारतीय टीमों का चयन करेगी और भारतीय मुक्केबाजी तथा उसके खिलाड़ियों के हितों की रक्षा के लिए साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय ओलंपिक संघ) तथा अन्य राष्ट्रीय हितधारकों के साथ समन्वय करेगी।

# टेस्ट डेब्यू पर भावुक हुए देवदत्त बोले-बचपन का सपना सच हुआ



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेटर देवदत्त पडिक्कल ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने टेस्ट डेब्यू को लेकर खुशी और भावनात्मक अनुभव साझा किए आरसीबी बोल्ड डायरीज से बातचीत में पडिक्कल ने बताया कि कैसे बचपन से देखा गया सपना पिछले साल पूरा हुआ और वह पल उनके लिए कितना खास था।

देवदत्त पडिक्कल ने कहा, जब आप एक बच्चे के रूप में हर रात क्रिकेट देखते हुए सोते हैं, टेस्ट क्रिकेट को हासिल करने जैसा कुछ सोचते हैं और फिर एक दिन आप उसी सपने को जी रहे होते हैं। टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सबसे बड़ा सपना था और पिछले साल जब मुझे मौका मिला, तो वह पल मेरे करियर का सबसे यादगार रहा। उन्होंने बताया कि टेस्ट कैप मिलने का अनुभव कितना भावनात्मक था। उन्होंने कहा, मुझे उस दिन की हर बात याद है-पिछली रात क्या हुआ, सुबह कैसे उठे, मैदान पर क्या माहौल था। जैसे ही मुझे कैप मिली, वो लम्हा जिंदगी भर के लिए मेरे दिल में बस गया। मैच के बाद मैं कमरे में गया और पूरी शाम रोता रहा। वह खुशी के आंसू थे उस सपने के पूरे होने की जो बचपन से देखा था।

देवदत्त पडिक्कल ने साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट से डेब्यू किया था। नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने अपने पहले ही टेस्ट में 65 रन की शानदार पारी खेली। भारत ने वह मुकाबला एक पारी और 64 रन से जीत लिया था, जिसके कारण उन्हें दूसरी बार बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला।